सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 35 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,330.59 |
| निफ्टी | 25,019.80 |
| सोना 92610 | चांदी 95297 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 18 मई 2025 | 5 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 139, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



नीरज की नजरें अब 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर पृष्ठ 14 पर

## आज का मैच

राजस्थान vs पंजाब

समय: दिन 3:30 बजे (जयपुर)

दिल्ली vs गुजरात

समय: रात 7:30 बजे (दिल्ली)

# 12वीं बोर्ड का नतीजा 83.16 %, ऊना की महक नंबर वन

## आर्ट्स में कांगड़ा की अंकिता और कॉमर्स में पायल फर्स्ट

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शनिवार को 12वीं कक्षा की साइंस, आर्ट्स व कॉमर्स की स्ट्रीमों का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। कांगड़ा के डीसी और स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन हेमराज बैरवा के साथ बोर्ड सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने परिणाम जारी किया। परीक्षा परिणाम 83.16 फीसदी रहा है। पिछले साल यह 73.76 फीसदी रहा था।

**टॉप-10 मेरिट सूची में कुल 75 बच्चे, 61 छात्राएं**

12वीं में इस बार भी प्रदेश की बेटियों का दबदबा रहा है। ओवरऑल टॉप-10 मेरिट सूची में 75 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है, जिसमें 61 छात्राएं व 14 छात्र हैं। साइंस संकाय में सेंट टीडीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गगरेट (ऊना) की महक ने 486 (97.2 फीसदी) अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया है। आर्ट्स संकाय में कांगड़ा जिले के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैत की छात्रा अंकिता ने 500 में से 483 (96.6 फीसदी) अंक लेकर प्रदेशभर में पहला रैंक हासिल किया है। वहीं, कॉमर्स स्ट्रीम में कांगड़ा जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनौर (डाडासीबा) की पायल शर्मा ने 500 में से 482 (96.4 फीसदी) अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)

साइंस



महक (97.2 %)
सेंट टीडीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गगरेट (ऊना)

आर्ट्स



अंकिता (96.6 %)
गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैत (कांगड़ा)

कॉमर्स



पायल (96.4 %)
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनौर (कांगड़ा)

### शिक्षिका बनना चाहती है महक

**ऊना।** 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में तीन संकायों में महक ने टॉप किया है। महक अपनी माता की तरह शिक्षिका बनना चाहती हैं और उसने वर्तमान में बीएससी में प्रवेश लिया है। सेंट डीआर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गगरेट की महक ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर न केवल स्कूल का बल्कि, प्रदेश का नाम रोशन किया हैं। महक ने अपनी कामयाबी का श्रेय स्कूल के प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल को दिया है। वहीं, महक ने कहा कि पढ़ाई में लगन और कड़ी मेहनत का परिणाम सुखद होता है। महक के पिता का देहांत हो चुका हैं, वहीं माता सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं। महक भविष्य में अपनी माता की तरह शिक्षक बनना चाहती हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीएम और डिप्टी सीएम ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अथक परिश्रम, समर्पण और लगन से इस सफलता को हासिल किया है। उनकी यह उपलब्धि परिवार के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता बच्चों का उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सुनहरा कदम है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रशासनिक अधिकारी बनना अंकिता का सपना

**धर्मशाला।** आर्ट्स में प्रदेशभर में पहले स्थान पर रही अंकिता का सपना प्रशासनिक अधिकारी बनकर समाजसेवा करना है। अंकिता अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल के अध्यापकों को देती है। अंकिता ने कहा कि उसने पहले से ही ठान लिया था कि 12वीं की परीक्षा में उसे कुछ ऐसा करके दिखाना है, जिससे उसके स्कूल व क्षेत्र के साथ माता-पिता का भी नाम रोशन हो सके। इसके लिए उसने शुरू से ही कड़ा परिश्रम करना शुरू कर दिया था। इसमें उसके अध्यापकों ने उसका पूरा साथ दिया तथा मार्गदर्शन भी किया। अंकिता ने कहा कि 12वीं कक्षा की परीक्षा में उसे जो सफलता मिली है, उससे वह, उसके माता-पिता व अध्यापक बहुत खुश हैं तथा यही खुशी उसे उसकी मंजिल तक लेकर जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज शॉर्ट्स

### केदारनाथ में लैंडिंग के समय हेलिकॉप्टर क्रैश



**देहरादून।** रूद्रप्रयाग में केदारनाथ हेलीपैड पर ऋषिकेश एम्स से आ रहा एक हेलिकॉप्टर लैंडिंग के दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हेली एंबुलेंस सेवा ऋषिकेश से केदारनाथ मरीजों को लेने आती है। हेलिकॉप्टर में दो डॉक्टर और पायलट थे और सभी सुरक्षित हैं। पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना हेलीपैड से कुछ ही दूरी पर हुई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हेली में एम्स ऋषिकेश से आई मेडिकल टीम भी सवार थी। सफल आपातकाल लैंडिंग के चलते पायलट सहित मेडिकल की टीम सुरक्षित है। (अनंत ज्ञान)

### 20 रुपए के नए नोट जारी करेगा आरबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही महात्मा गांधी सीरीज (नई) के 20 रुपए के बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नोटों का डिजाइन हर तरह से महात्मा गांधी सीरीज (नई) के 20 रुपए के बैंक नोटों जैसा होगा। आरबीआई ने बताया है कि केंद्रीय बैंक की ओर से पूर्व में जारी किए गए 20 रुपए के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ में बीस नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में कर्रेगुट्टा ऑपरेशन खत्म होते ही पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें डिवीजनल कमेटी मेंबर, एक्शन कमेटी मेंबर और 14 पार्टी सदस्य शामिल हैं। ये सभी नक्सली लंबे समय से बस्तर संभाग के कई जिलों में सक्रिय थे। वहीं, तेलंगाना के मुलुगु में एक डीवीसीएम, 6 प्लाटून सदस्य और एक जनमिलीशिया सदस्य ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। सभी ने मुलुगु जिले के एसपी के सामने आत्मसमर्पण किया। (अनंत ज्ञान)

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर के नाम पर विवाद

## कांग्रेस बोली- हमने नाम नहीं दिया, सरकार ने डेलिगेशन में शामिल किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए सर्वदलीय सांसदों के 7 डेलिगेशन बनाए हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के सदस्य देशों का दौरा करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है। अब कांग्रेस ने कहा है कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, '16 मई सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे। इसमें शशि थरूर का नाम नहीं था।' सरकार ने बिना कांग्रेस की सहमित से उनका नाम एक डेलिगेशन में डालकर उसका लीडर बना दिया।

**मैं इस विवाद में नहीं पड़ना चाहता : सिब्बल**

मामले में वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की मांग लगातार की थी। यह खुशी की बात है। वहीं, शशि थरूर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वह इस विवाद में नहीं पड़ना चाहते। (अनंत ज्ञान)

### थरूर बोले-सम्मानित महसूस कर रहा हूं



**दूसरी** तरफ शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'

### अनुराग के विदेश दौरे पर जाने की संभावना

**सूत्रों** के मुताबिक हर डेलिगेशन में लीडर्स सहित 5-5 मेंबर हो सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, TMC के सुदीप बन्योपाध्याय, बीजद के सस्मित पात्रा, CPI-M के जॉन ब्रिटास और AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी को डेलिगेशन का हिस्सा बनाए जाने की संभावना है।

# बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लि. ने जारी की 287 करोड़ की निविदा

## साइट विकास और सड़कों के निर्माण पर खर्च होगी यह राशि

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



बल्क ड्रग पार्क प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

हिमाचल प्रदेश बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने साइट विकास और आतंरिक सड़कों के निर्माण के लिए लगभग 287 करोड़ रुपए की निविदा जारी की है। समिति ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े विभिन्न बोलीदाता कंपनियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 मई तक करने का निर्णय लिया ताकि इच्छुक कंपनियों को तैयारी करने के लिए अधिक समय मिल सके।

**उद्योग मंत्री ने की बल्क ड्रग पार्क परियोजना प्रगति की समीक्षा**

उद्योग मंत्री ने बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुई बताया कि बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए शून्य तरल अपशिष्ट (जेडएलडी) सामान्य अपशिष्ट, बॉयलर स्टीम जेनरेशन और वितरण प्रणाली तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी शेष निविदाओं को शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी. नजीम, एचपीएसआईडीसी के प्रबंध निदेशक राजेश्वर गोयल, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी तिलक राज शर्मा और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### परियोजना को समय रहते पूरा करने के निर्देश

**मंत्री** ने सभी हितधारक विभागों को इस मेगा परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए निमार्ण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निदेशक उद्योग एवं बल्क ड्रग पार्क राज्य क्रियान्वयन एजेंसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. युनूस ने इस संबंध में हुई प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

# जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

**एजेंसी, हिसार**



ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गई है। पंजाब और हरियाणा पुलिस ने मिलकर कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का नाम प्रमुख है।

ज्योति की गिरफ्तारी पंजाब के मलेरकोटला से पकड़ी गई गजाला की पूछताछ के बाद हुई, जिसमें कई जासूसों के नाम सामने आए। दरअसल, उसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तानी उच्चायोग में इफ्तार पार्टी में शामिल होते और उसका वीडियो बनाते देखी जा रही है। इस वीडियो में ज्योति पाकिस्तानी हाई कमीशन में 1:26 मिनट पर पर पाकिस्तान एंबेसी के अधिकारी दानिश से बात कर रही है। दरअसल पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जिन पाकिस्तानी अधिकारियों को वापस पाकिस्तान भेजा था, उनमें दानिश भी शामिल था। दानिश लगातार ज्योति मल्होत्रा के संपर्क में था। वहीं, जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)

# आतंकियों के मददगारों पर प्रहार

## जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में एसआईटी ने दी दबिश

**एजेंसी, श्रीनगर**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से प्रदेश में सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा लगातार आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भी एक्शन लिया गया। सरकार ने इसके लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसी बीच राज्य जांच एजेंसी ने मध्य और उत्तरी कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की है।

यह छापेमारी शनिवार सुबह को शुरू हुई। यह अभियान क्षेत्र में संदिग्ध आतंकवाद संबंधी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। माना जा रहा है कि इस छापेमारी के दौरान बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य अन्वेषण एजेंसी ने कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की है।

यह कार्रवाई आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही है। इसी सिलसिले में शनिवार को कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के जिन इलाकों में छापेमारी की जा रही है, उनमें सोपोर, बारामूला, हंदवाड़ा, गांदरबल शामिल हैं। इसके अलावा भी श्रीनगर में कई जगहों पर तलाशी ली गई। अधिकारियों के अनुसार, यह छापेमारी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों पर की जा रही कार्रवाई का हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)

### सांबा में तीन संदिग्ध आतंकियों की तलाश

**जम्मू-कश्मीर** के सांबा जिले में भी तीन संदिग्ध आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली है। इसके बाद से सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीम तलाशी अभियान में जुटी हुई है। ये तलाशी अभियान सुबह से ही चलाया जा रहा है। इसके तहत नांगल, चिल्ला डांगा, गोरान और आसपास के जंगलों की घेराबंदी की गई है। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार और शनिवार की रात तीन संदिग्धों को देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी थी।

# निजी ठेकेदारों को काम पर रखने की प्रथा होगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- गैर लकड़ी वन उपज की नई दरों को मंजूरी
- सीएम सुक्खू ने की मूल्य निर्धारण समिति की बैठक की अध्यक्षता

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मूल्य निर्धारण समिति की बैठक हुई, जिसमें गैरलकड़ी वन उपज की नई दरों और रायल्टी को मंजूरी प्रदान की गई। इस समिति की पिछली बैठक वर्ष 2022 में आयोजित की गई थी। बैठक में सीएम ने राज्य वन विकास निगम को निजी ठेकेदारों को काम पर रखने की प्रथा समाप्त कर स्वयं साइडर वुड स्टंप निकालने का कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगभग 10,000 साइडर वुड स्टंप निकालने के लिए रोडमैप तैयार करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित और प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन अग्निशमन सेवाओं को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढ़ाकर आग की घटनाओं को नियंत्रित करना चाहिए। इस अवसर पर निगम ने खैर और साल वृक्षों की सिल्वीकल्चर कटाई से राजस्व के रूप में प्राप्त रॉयल्टी का 41.30 करोड़ का चेक मुख्यमंत्री को भेंट किया गया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- प्रदेश में बड़े स्तर पर प्राकृतिक खेती को दिया जाएगा बढ़ावा -पेज 3
- लोक निर्माण विभाग ने पंचरुखी के ब्याडा चौक से डिवाइडर हटाया -पेज 4
- नालियों में पानी की निकासी रखें सुचारु : उपायुक्त -पेज 6
- अस्पताल को तिरपाल से ढकने के लिए चंदा एकत्रित करेगी भाजपा -पेज 9
- पर्यटन स्थल रोहतांग में रोमांच का सफर शुरू -पेज 11


# दिल्ली में 'आप' को झटका 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 15 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। बागी पार्षदों ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। एमसीडी में बागी नेताओं ने अलग गुट बनाया है। आम आदमी पार्टी से इन निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने का फैसला किया है। हेमचंद गोयल के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बनाने का फैसला किया गया। मुकेश गोयल पार्टी के अध्यक्ष होंगे। बता दें कि पिछले महीने एमसीडी चुनाव में बीजेपी के राजा इकबाल सिंह मेयर बने थे। चुनाव में दिलचस्प बात यह रही कि आम आदमी पार्टी ने इस एमसीडी चुनाव का बहिष्कार किया था। माना जा रहा है कि आप के इस फैसले से पार्टी के कई नेता नाराज थे। अब उन नाराज नेताओं ने पार्टी से किनारा कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### नई पार्टी बनाई

**'आप'** से इस्तीफा देने पर हिमानी जैन ने कहा, 'हमने नई पार्टी बनाई है, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी। हमने आप से इस्तीफा दे दिया है। पिछले 2.5 साल में निगम में कोई काम नहीं हुआ जो होना चाहिए था। हम सत्ता में थे, फिर भी हमने कुछ नहीं किया। हमने नई पार्टी बनाई है क्योंकि हमारी विचारधारा दिल्ली के विकास के लिए काम करना है। हम उस पार्टी का समर्थन करेंगे, जो दिल्ली के विकास के लिए काम करेगी। अब तक 15 पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं। और भी शामिल हो सकते हैं।' वहीं, मुकेश गोयल ने कहा, 'करीब 15 पार्षदों ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर नई पार्टी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी का गठन किया है। सत्ता में होने के बावजूद हम दिल्ली की जनता की सेवा के लिए काम नहीं कर सके। अंदरूनी कलह के कारण हम काम नहीं कर सके।'

**खुशखबरी** राज्यभर में शुरू हुई नई पहल, बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी में कार्य हुआ प्रारंभ, साइन किए जा रहे एमओयू

# एचपीटीडीसी होटलों में सरकारी व निजी संस्थानों को मिलेगी छूट

**शुभम राही, बिलासपुर**

- रहने पर 20 और खाने पर 15 फीसदी की छूट
- जाइका, एसबीआई और सरकारी कॉलेजों समेत कई संस्थानों से एमओयू
- एक साल के लिए मान्य रहेगा, हर वर्ष किया जा सकेगा नवीनीकरण



एचपीटीडीसी के एक होटल की फाइल फोटो

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और सरकारी व निजी संस्थानों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने एक नई पहल की है। निगम अब प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों और निजी संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन कर रहा है। एमओयू साइन करने वाले संस्थानों को रहने पर 20 प्रतिशत और खाने पर 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट पूरे हिमाचल प्रदेश में स्थित एचपीटीडीसी के होटलों में मान्य होगी।

इसकी शुरुआत बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी जिलों से हो चुकी है, जहां पर पहले चरण में कई महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ एमओयू साइन किए गए हैं। एचपीटीडीसी ने हाल ही में जाइका प्रोजेक्ट हमीरपुर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हिमाचल, बिलासपुर सरकारी कॉलेज और मत्स्य निदेशालय के साथ एमओयू फाइनल किया है। इसके अंतर्गत ये संस्थान अपनी कार्यशालाएं, बैठकों या फिर खाने-पीने के आयोजन एचपीटीडीसी के होटलों में कर सकेंगे और उन्हें निर्धारित छूट प्राप्त होगी।

अनंत ज्ञान खास खबर

एचपीटीडीसी के शिमला स्थित निदेशालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी थी। इस नोटिफिकेशन के तहत सभी एचपीटीडीसी जिला प्रबंधकों को आदेश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में सरकारी व निजी संस्थानों से संपर्क कर एमओयू साइन करने की प्रक्रिया को गति दें।

इन निर्देशों के तहत एमओयू साइन करने का कार्य पूरे प्रदेश में तेजी से चल रहा है। जो भी संस्थान या विभाग एचपीटीडीसी के साथ एमओयू साइन करता है, उसे यह लाभ तुरंत मिलना शुरू हो जाता है। एचपीटीडीसी द्वारा किए जा रहे ये एमओयू एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होंगे, जिनका नवीनीकरण हर साल किया जा सकेगा।

एचपीटीडीसी बिलासपुर के मैनेजर एवं डीडीओ तुलसी राम ठाकुर ने बताया कि इस पहल से पर्यटन निगम की आमदनी बढ़ेगी और सरकारी व निजी संस्थानों को भी बेहतर सुविधाएं किफायती दरों पर मिलेंगी। एचपीटीडीसी की यह पहल न केवल संस्थानों को लाभ देगी बल्कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। होटलों की बुकिंग बढ़ेगी, जिससे स्थानीय रोजगार में भी इजाफा होगा। वहीं, एचपीटीडीसी का यह कदम प्रशासनिक स्तर पर सहयोग को बढ़ाने और हिमाचल के पर्यटन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। आने वाले समय में और अधिक विभागों व संस्थानों से एमओयू साइन किए जाने की उम्मीद है, जिससे यह पहल और अधिक व्यापक हो सकेगी। (अनंत ज्ञान)



"**एचपीटीडीसी** की ओर से सरकारी व निजी विभागों के साथ एमओयू साइन किए जा रहे हैं। अगर कोई विभाग एमओयू साइन करता है, तो उसको निगम के होटलों में खाने में 15 व रहने के लिए 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी में इस तरह से एमओयू साइन होना शुरू हो गए हैं।

-तुलसी राम ठाकुर, मैनेजर एवं डीडीओ एचपीटीडीसी बिलासपुर।

# 12वीं के परिणाम में लड़कियों का डंका



बारवीं की परीक्षा में पोजिशन हासिल करने वाले विभिन्न स्कूल के विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जमा दो के विज्ञान और कला संकाय में जिला हमीरपुर के 17 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान पाया है। इनमें विज्ञान संकाय में चौथे स्थान पर सुहानी शर्मा, सातवें स्थान पर वंशिका ठाकुर, अर्कषक ठाकुर, नीतिन स्याल, अभिनव कंवल, आठवें स्थान पर अमिता चंदेल, नौंवे स्थान पर सोनल और दसवें स्थान पर शिवांश शर्मा, कोमल कौशल, अक्षिमा शर्मा रही है।

कला संकाय में तीसरे स्थान पर ज्योति शर्मा, चैथे स्थान पर दीक्षा कठियाल, आठवें स्थान पर कार्तिका शर्मा, किरण बाला, नौंवें स्थान पर पायल रांगड़ा, गिरजा शेखर शर्मा तथा दसवां स्थान सायना ने हासिल किया है।

## सोनल ने 9वां रैंक किया हासिल

**भोरंज।** लक्ष्मी मेमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी की होनहार छात्रा सोनल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कक्षा 12वीं की मेरिट लिस्ट में 9वीं रैंक हासिल कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने 500 में से 476 अंक प्राप्त किए हैं, जो उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षिक उत्कृष्टता को दर्शाता है।

## अक्षिमा शर्मा दसवें स्थान पर

**बड़सर।** न्यू ब्राइट सन स्कूल मैहरे की छात्रा अक्षिमा शर्मा ने जमा दो की वार्षिक परीक्षा की विज्ञान संकाय में दसवां स्थान हासिल किया है। इस सफलता के लिए स्कूल प्रबंधन कुलदीप धीमान ने अक्षिमा शर्मा के माता पिता को बधाई दी है।

## दीक्षा कला संकाय में चौथे स्थान पर

**सुजानपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल चबूतरा की जमा दो की छात्रा ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में प्रदेश भर में चौथा स्थान हासिल किया है। उन्हें 500 में से 478 अंक प्राप्त हुए हैं। कला संकाय की छात्रा दीक्षा कठियाल इससे पहले भी वर्ष 2023 में दसवीं की शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल कर चुकी है। आर्ट्स विषय में अपना करियर बनाने वाली दीक्षा का कहना है कि वह आईएएस बनना चाहती है।

## नितिन स्याल ने मेरिट सूची में पाया सातवां स्थान



**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के जमा दो कक्षा के परीक्षा परिणाम में अपना वर्चस्व कायम रखा। विद्यालय के नितिन स्याल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेधा सूची में 7वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के छात्र नितिन स्याल ने 95.60 फीसदी अंक लेकर सातवां स्थान प्राप्त किया। नितिन डॉक्टर बनना चाहता है। जमा दो कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## शेखर शर्मा कला संकाय में नौवें स्थान पर





**भोटा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय भोटा की गिरिजा शेखर शर्मा ने जमा दो की परीक्षा में कला संकाय में नौवां स्थान हासिल किया। गिरिजा शेखर ने बताया कि वह आईएएस बनना चाहता है। **वहीं** आर्यन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडोली के अभिनव कंवल पुत्र शरण प्रसाद ने विज्ञान स्ट्रीम 2 में मेरिट लिस्ट प्रदेश भर में सातवां स्थान हासिल किया है। अभिनव कंवल भोटा के निवासी है।

## वंशिका ने सातवां व शिवांश ने पाया दसवां स्थान

**भोरंज।** पीएम श्री रावामापा भरेड़ी के छात्र व छात्रा ने सातवां व दसवां स्थान प्राप्त किया है। जिसमें कुमारी वंशिका ठाकुर ने 478 अंक प्राप्त कर सातवां व शिवांश शर्मा ने 473 अंक प्राप्त कर पाया दसवां स्थान। बच्चों कि सफलता के लिए स्कूल प्रधानाचार्य राजगीर सिंह व अन्य अध्यापकों ने बधाई दी है।

# ज्योति ने हासिल किए 95.8 प्रतिशत अंक



शशि सोनल, नादौन

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की प्लस टू की आर्टस स्ट्रीम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल जलाड़ी की ज्योति शर्मा ने टॉप टेन की सूची में जगह बनाते हुए तीसरा रैंक प्राप्त करके स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। ज्योति शर्मा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के प्रिंसीपल बालक राम ने ज्योति का मुंह मीठा करवाकर उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। ज्योति के पिता रवि शर्मा व्यवसाई हैं जबकि माता सुमन शर्मा सरकारी स्कूल में अध्यापिका हैं। (अनंत ज्ञान)

## किरण बाला ने हासिल किया 94.8 प्रतिशत अंक



**नादौन।** आर्ट्स स्ट्रीम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कन्या नादौन की किरण बाला ने 94.8 प्रतिशत अंक लेकर टॉप टेन की सूची में जगह बनाई है। उसने 8 वां रैंक प्राप्त करके स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। किरण बाला नादौन के साथ लगते हलेड़ भड़ोली कुठियारा गांव की रहने वाली है।

## आकर्षक ठाकुर डॉक्टर बनकर करेगी जनता की सेवा



अनंत ज्ञान, नादौन

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की प्लस टू की साइंस स्ट्रीम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल बढ़ारन के आकर्षक ठाकुर ने टॉप टेन की सूची में जगह बनाई है। उसने 7वां रैंक प्राप्त करके स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। अभिषेक ठाकुर ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के प्रिंसीपल व स्टाफ ने आकर्षक ठाकुर का मुंह मीठा करवाकर उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी। उसके इस उपलब्धी का श्रेय स्कूल प्रिंसीपल,शिक्षकों व अपने पिता संदीप कुमार व माता अमिता ठाकुर को दिया है। आकर्षक का कहना है कि वह नीट की परीक्षा क्रैक करके डाक्टर बनकर जनता की सेवा करना चाहता है।

## साईना ने टॉप टेन में बनाई जगह



**नादौन।** प्लस टू की आर्टस स्ट्रीम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगू की साईना सुपुत्री अश्वनी कुमार निवासी ने 500 में से 472 अंक प्राप्त करके टॉप टेन में जगह बनाई है। उसने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उसने टॉप टेन सूची में 10 वां रैंक प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन महाविद्यालय में ऑनलाइन माध्यम से होगा प्रवेश

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संचालित करेगा। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 जून से 19 जून 2025 तक चलेगी, जिसके बाद 12 जून से 19 जून तक पूर्व-प्रवेश काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची 20 जून को और द्वितीय मेरिट सूची 24 जून को प्रकाशित की जाएगी। चयनित छात्रों को क्रमशः 21 से 23 जून और 25 से 27 जून के बीच ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा करना होगा। प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी छात्रों के लिए 28 से 30 जून तक परिचय सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, एमए, पॉलिटिकल साइंस, एम ए हिंदी, एमएससी केमेस्ट्री, एमएससी मैथ्स, एम कॉम, बी वॉक, रिटेल मैनेजमेंट, बिवर्क हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म माय विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 19 जून तक ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी और इन कक्षाओं के छात्रों को 12 जून से 23 जून के बीच ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा करना होगा।

### नशे के खिलाफ जंग जारी रहेगी : रूपल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बणी के प्रांगण में नशा निवारण के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से रूबल ठाकुर उपस्थित हुए। रूबल ठाकुर ने कहा कि उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने वह जिम्मेदारी सौंपी है जिसके लिए वह अपने कर्तव्य को निभाने से पीछे नहीं हटेंगे। रबल ठाकुर ने कहा कि सभी छात्र नशे से दूर रहे तथा अपने आसपास के सहपाठियों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रिंसिपल राजेश कुमार एसएमसी प्रधान अश्विनी वर्धन नीलम देवी सोनू कुमारी शारदा कुमारी निर्मला देवी व एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह एवं प्रिंस कुमार स्थानीय पंचायत के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### कोमल कौशल ने हासिल किए 475 अंक



**एसके ठाकुर, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर के उप मंडल बड़सर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्याड की छात्रा कोमल कौशल ने 475 अंक लेकर हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी मेरिट सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। ग्रामीण क्षेत्र की इस छात्रा ने कड़ी मेहनत करके इस मुकाम तक पहुंची है। छात्रा के पिता बिजली बोर्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा माता एक गृहणी है। कोमल का कहना है कि मैंने प्रण किया था की हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की टेन प्लस टू टॉप 10 में जगह बनाऊंगी। जब शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित रिजल्ट में मैं सोच रही थी की दसवां स्थान पर पक्का आऊंगी तो मेरा सपना यह सच साबित हो गया। ग्रामीण क्षेत्र कि इस होनहार छात्रा की कामयाबी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू स्थानीय विधायक इंद्र दत्त लखनपाल पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा ने छात्रा को अपनी शुभकामनाएं दी। कोमल आज एचपी टेक्निकल यूनिवर्सिटी सुंदर नगर में परीक्षा देने के लिए गई हुई है।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों में व्यक्तिगत या टीम स्पर्धा में मेडल लाने वाले अंडर-17 और अंडर-19 छात्र-छात्रा वर्ग के खिलाड़ियों को हिमाचल स्कूल खेल संघ सम्मानित करेगा। प्रदेश की विभिन्न स्कूली खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 20 मई को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर में 10:00 बजे सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल स्कूल खेल संघ करेगा। इस अवसर पर सभी जिला के शिक्षा उपनिदेशक, पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रशिक्षक, खेल छात्राओं के प्रधानाचार्य व अन्य शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संगठन के महासचिव संतोष चौहान ने यह जानकारी देते हुए सभी टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

### बल्ह बिहाल में पशुशाला जलकर राख



**एसके ठाकुर, बड़सर।** हाल ही में ग्राम पंचायत बल्ह बिहाल में एक पशुशाला जलकर राख हो गई थी। जैसे ही आग लगने की सूचना बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल को पता चला वे तुरंत पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। भाजपा हमेशा आम जनमानस के साथ खड़ी रही है और लोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।

### हमीरपुर में 100 पदों को भरने के लिए होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मोहाली स्थित महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के प्लांट में 100 पदों को भरने के लिए 27 मई को सुबह साढे दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए बारहवीं पास, किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमाधारक और पॉलीटैक्निक डिप्लोमाधारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं। आवेदक की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 12 हजार से 22 हजार रुपये तक मासिक वेतन के साथ-साथ वर्दी, अटैंडेंस बोनस और खाना दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित तिरंगा यात्रा में जुटे लोग

# 'वीर सैनिकों को राष्ट्र का नमन'

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर



हमीरपुर में तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपाई।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर शनिवार को हमीरपुर भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली, इसमें बड़ी तादाद में लोग जुटे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री प्रो. सिकंदर कुमार ने मुख्य रूप से शिरकत की।

प्रो. सिकंदर ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि यह तिरंगा यात्रा उन शहीदों को नमन है जिन्होंने मां भारती के सम्मान में अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों को राष्ट्र का नमन है। प्रो. सिकंदर ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि आप एक मारोगे, हम चुन-चुन कर सौ मारेंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के स्थगन के बाद आदमपुर एयरबेस जाकर सेना का हौसला बढ़ाया, वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने श्रीनगर और भुज में वीर सैनिकों को देश की ओर से सैल्यूट किया। प्रो. सिकंदर ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रवाद को बल देना और देशवासियों को यह विश्वास दिलाना है कि मां भारती की रक्षा के लिए आम नागरिक भी तैयार हैं।

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सभी मंडल स्तर पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। इस यात्रा में प्रो. सिकंदर कुमार, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विक्रम ठाकुर, संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमीत शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल, विधायक लखनपाल, आशीष शर्मा सहित आदि ने भी हिस्सा लिया।(अनंत ज्ञान)

## सुहानी शर्मा ने प्रदेश में हासिल किया चौथा रैंक



**संजीव चौहान, टौणीदेवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणीदेवी की मेधावी छात्रा सुहानी शर्मा ने बारवीं के विज्ञान संकाय परिणामों में चौथा स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय और परिवार बल्कि पूरे हमीरपुर जिला का नाम रोशन किया है। सुहानी ने 481 अंक (96.2%) अर्जित कर पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सुहानी का संबंध हमीरपुर जिला की ग्राम पंचायत सिकान्दर गांव कोहलवी से है। उनके पिता सतीश शर्मा एक मेहनती किसान हैं और माता अंजना कुमारी गृहिणी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने सुहानी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।(अनंत ज्ञान)

# सरकार ने प्रदेश को दिवालियापन की कगार पर पहुंचाया : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर हमला करते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश में आर्थिक दिवालियापन की स्थिति पैदा करने के लिए खुद कांग्रेस सरकार ने ही जमीन तैयार की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की अदूरदर्शिता और लापरवाही ने प्रदेश को आर्थिक बदहाली की गहरी खाई में धकेल दिया है।

राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि हमीरपुर स्थित अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड को सरकार ने सत्ता में आते ही इसलिए बंद किया ताकि युवाओं को नौकरियों से दूर रखा जा सके। बाद में डटकर जनता के बीच किरकिरी होने के बाद जब दोबारा बोर्ड को चालू किया गया तो न केवल अध्यक्ष की नियुक्ति की गई, बल्कि चार सदस्यों को भी जोड़ दिया गया, जिनमें से एक की नियुक्ति हाल ही में हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी नियुक्ति प्रक्रिया केवल दिखावे के लिए है और इससे सरकारी खजाने पर अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है।

राणा ने यह भी उजागर किया कि आयोग में सदस्य नियुक्त करते समय उन्हें राज्य सरकार के स्पेशल सेक्रेटरी रैंक के अधिकारी के समकक्ष वेतन दिया जाता है, जबकि कार्य शून्य है।

## नादौन स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा बेहतरीन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन का 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें विशाल कुमार महतो ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अंशुल कुमार धीमान ने 90 प्रतिशत अंक, अंशुल कुमार ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने बच्चों को बधाई दी। इस दौरान उप प्रधानाचार्य सतीश शर्मा जी, प्रवक्ता वाणिज्य जोगिंदर सिंह, प्रवक्ता गणित अश्विनी पटेल सहित आदि मौजूद रहे।

## भलेठ स्कूल क्षेत्रीय सम्मान से सम्मानित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



विप्रो अर्थियन पुरस्कार समारोह शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस समारोह में दाड़ला पंचायत की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ को वेस्ट और सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए क्षेत्रीय सम्मान से नवाजा गया।

प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन के निर्देशों में विद्यार्थियों ने वेस्ट और सस्टेनेबिलिटी पर एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई थी जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। मंजरी वी महाजन को उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय की एक छात्रा कुमारी श्रद्धा का चयन हिमाचल के 9 जिलों में 10 विद्यार्थियों में हुआ जिन्होंने विभिन्न प्रोजेक्ट्स में उत्कृष्ट कार्य किया है।

# भ्रूण जांच मामलों पर रखें नजर : डॉ. प्रवीण

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

गर्भावस्था के दौरान भ्रूण के लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने के लिए बनाए गए पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट-1994 के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक में समिति के सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भ्रूण के लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या के मामलों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है और विभाग की इसी सतर्कता के कारण जिला हमीरपुर में हाल ही के वर्षों में कन्या भ्रूण हत्या या भ्रूण के लिंग परीक्षण का कोई भी संदिग्ध मामला सामने नहीं आया है। इससे जिले के शिशु लिंगानुपात में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। डॉ. प्रवीण ने समिति के सभी सदस्यों और आम लोगों से आग्रह किया कि अगर लिंग परीक्षण से संबंधित किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि उनके ध्यान में आती है तो वे तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संदिग्ध विज्ञापनों पर भी नजर रखें। बैठक में एक निजी अस्पताल की ओर से प्राप्त अल्ट्रासोनोग्राफी के आवेदन पर व्यापक चर्चा की गई तथा इससे संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। समिति के सदस्यों ने कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अजय अत्री, डॉ. पूनम कुमारी, सहायक जिला न्यायवादी, समिति के अन्य सरकारी सदस्य, गैर सरकारी सदस्य मदन लाल कौंडल, सुषमा शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# शिविका दीक्षित ने अंतरराष्ट्रीय एआई सम्मेलन में प्रस्तुत किया शोध पत्र

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर की कंप्यूटर इंजीनियरिंग की छठे सेमेस्टर की छात्रा शिविका दीक्षित ने फेडरेटेड लर्निंग इन एसडीएन एंड स्मार्ट ग्रिड्स चैलेंजेस, एप्लिकेशन्स एंड फ्यूचर रिसर्चेज विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया है शिविका का शोध फेडरेटेड लर्निंग को सॉफ्टवेयर डिफाइंड नेटवर्किंग (एसडीएन) और स्मार्ट ग्रिड्स के साथ एकीकृत करने पर आधारित है, जिसमें इस क्षेत्र से संबंधित चुनौतियों, अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई है।

संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चंद्रशेखर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष समीर भारती और विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी। विभागाध्यक्ष समीर भारती ने भी छात्रा को बधाई दी। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी।

## भगवती स्कूल जलाड़ी का प्लस टू का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

शशि सोनल, नादौन



भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम (विज्ञान संकाय) का शत प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा के 100 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल के सभी अध्यापकों का नाम रोशन किया है।

प्रिंसीपल आरती कटोच ने बताया की 100 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनिकेत कुमार ने 466/500 अंक के साथ 93.2 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, सान्या कटोच ने 464/500 अंक के साथ 92.8 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, कृतिका ठाकुर 439/500 अंक के साथ 87.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया व (कला संकाय) में कार्तिक ने 444/500 अंक के साथ 88.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

## कांगू बाजार के शौचालयों में लटक रहे ताले

अनंत ज्ञान, नादौन

उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत मालग के कांगू बाजार बनाए गए सार्वजनिक शौचालय लोगों के काम नहीं आ रहे हैं। इन शौचालयों पर लटके ताले जहां स्थानीय लोगों की मुसीबत बढ़ा रहे हैं तो वहीं स्वच्छता नियमों की भी धज्जियां उड़ रही है। लोगों की समझ से परे हो गया है कि आखिर क्यों सार्वजनिक शौचालयों को बंद रखा गया है। कांगू क्षेत्र में जहां सब तहसील है तो वहीं तीन-तीन बैंक शाखाएं व डाकघर है। मालग पंचायत द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों पर हमेशा ताले लटके रहते हैं। स्वच्छता की हुंकार भरने वाली पंचायत के दावे यहां खोखले नजर आ रहे हैं। शहर में रोजाना हजारों लोगों का आवागमन रहता है। जानकारी अनुसार दो दुकानदारों के पास पंचायत ने चाबियां दे रखी हैं। लोग मजबूरी में यदि खुल में शौचनिवृत्त होंगे तो बीमारियां पनपने का खतरा बना रहेगा। राकेश शर्मा, अरुण, कुलदीप कुमार, स्वरूप का कहना है शौचालयों में अगर ताला ही लगाना था तो सरकारी खजाने का क्यों प्रयोग किया गया।

खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा का कहना है यह मामला ध्यान में आया है। पता लगाया जाएगा कि आखिर क्यों शौचालयों पर ताले लटके हुए हैं।

## दिक्कत

### गौतम कॉलेज में स्थापित परीक्षा केंद्र में नहीं दिखी पुलिस की व्यवस्था

# तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में छात्र हुए परेशान

अनिल कुमार, हमीरपुर



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी-2025) प्रदेश भर में आयोजित किया गया। इसके लिए प्रदेश भर में 16 केंद्र स्थापित किए गए थे। परीक्षा केंद्र में 8.30 बजे से केंद्र में प्रवेश करने का समय दिया गया था। हमीरपुर के गौतम महाविद्यालय में भी तकनीकी विश्वविद्यालय में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया था। इस परीक्षा केंद्र में 1900 छात्रों को परीक्षा देने के लिए बुलाया गया था। वहीं तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से एक महिला कर्मचारी को नियुक्त किया गया था, लेकिन छात्रों को कमरे या बिल्डिंग बताने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।

बता दें कि गौतम कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज के साथ वेटनरी कैंपस में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा के लिए निरीक्षक गौतम कॉलेज द्वारा लगाए गए थे, लेकिन दूसरी व्यवस्था तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा की जानी थी। इस परीक्षा में पहले केंद्र में 1110 छात्रों में से 90 छात्र अनुपस्थित रहे और दूसरे केंद्र में 703 छात्रों में से 64 छात्र अनुपस्थित रहे। हमीरपुर में कुल 1659 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। तकनीकी विश्वविद्यालय में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था जहां पर 692 छात्रों को परीक्षा के लिए बुलाया गया था।(अनंत ज्ञान)

## पुलिस की तैनाती थी जरूरी

**गौतम** कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने बताया कि तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर द्वारा परीक्षा केंद्र तो बनाया गया था, लेकिन यहां पर पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं थी। हालांकि होमगार्ड के जवान कॉलेज की ओर जा रही सड़क पर जरूर गाड़ियां नहीं ले जाने दे रहे थे, लेकिन कॉलेज गेट पर पुलिस कर्मचारी तैनात होने चाहिए थे। तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक केडी कंवर ने बताया कि छात्रों के साथ अभिभावकों को नहीं बुलाया गया था। केंद्र के बाहर पुलिस कर्मचारी नहीं थे, लेकिन बस स्टैंड के पास गाड़ियों को नियंत्रित करने के लिए होमगार्ड तैनात थे।

# प्रतियोगिताएं शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण : नैना लखनपाल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**हिम अकादमी स्कूल में करवाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में बालिकाओं के लिए अंतर सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, टीम वर्क तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

इस प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा के अध्यापक जिम्मी ठाकुर की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता का पहला मैच आर्यभट्ट हाउस और बोस हाउस के बीच खेला गया। दूसरा मुकाबला रमन हाउस और भाभा हाउस के बीच हुआ। इस संघर्षपूर्ण मैच में भाभा हाउस ने अपनी ताकत और एकजुटता का परिचय देते हुए विजय हासिल की।

अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जल्द ही बोस हाउस और भाभा हाउस के बीच खेला जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने छात्राओं की खेल भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाती हैं।

# प्रदेश में बड़े स्तर पर प्राकृतिक खेती को दिया जाएगा बढ़ावा : सीएम सुक्खू

## जाइका और आत्मा परियोजनाएं दिखाएं तेजी, प्राकृतिक खेती अपनाने को करें प्रोत्साहित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने की आवश्यकता है। कृषि विभाग जाइका और आत्मा परियोजनाओं के सभी अधिकारियों को किसानों तक सही जानकारी पहुंचाएं और उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने को प्रोत्साहित करें, यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कृषि विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही और संबंधित अधिकारियों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग, जाइका और आत्मा परियोजनाओं के सभी अधिकारियों को किसानों तक पहुंच स्थापित कर उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए प्रमाणीकरण प्रक्रिया सुलभ बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के पंजीकरण के लिए पंचायतों में शिविर आयोजित करने पर बल दिया।


कृषि विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

सुक्खू ने एपीएमसी के अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए सक्रियता से कृषकों को प्रेरित कर उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने सभी एपीएमसी को प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी की खरीद के लिए हाई एंड साइलो स्थापित करने के निर्देश दिए। प्रदेश में प्राकृतिक पद्धति से उगाई गई मक्की की खरीद पर 60 रुपए प्रतिकिलो का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 12 जिलों में 1010 करोड़ रुपए से कार्यान्वित की जा रही जाइका परियोजना की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना के अधिकाधिक लाभ प्रदेश के किसानों को सुनिश्चित किए जाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने हिमाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड की विभिन्न परियोजनाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रो. चंद्र कुमार, विधायक चंद्र शेखर, कृषि सचिव सी पालरासू आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज प्रदान करने के निर्देश

**उन्होंने** कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती के लिए प्रदेश के किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकारी फार्मों को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत कृषि विभाग ने जिला कांगड़ा में भट्टू फार्म, जिला सिरमौर में भगाणी फार्म और जिला सोलन में बेरटी-बोच फार्म स्थापित किए हैं। सुक्खू ने प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों के निर्माणाधीन सीए स्टोर की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिमला के अणु, चौपाल, संदासू खड़ापत्थर, दत्तनगर और ढली, कांगड़ा के कंदरौरी और सुलह, सोलन के जाबली, किन्नौर के भावानगर और जिला मंडी के सुंदरनगर में चरणबद्ध तरीके से सीए स्टोर स्थापित कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 330 करोड़ रुपए प्रदान किए हैं।

# आवारा पशु के सड़क में आने से दो गाड़ियों की भिड़ंत

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा के पास दो गाडियों की आपस में जोरदार टक्कर होने से गाड़ियों परखच्चे तक उड़ गए। एक गाड़ी हमीरपुर व दूसरी बड़सर की तरफ से आ रही थी। अचानक आवारा पशु बीच सड़क मे आ जाने के कारण दोनों गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गाड़ियों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस हादसे में दोनों गाड़ियों में बैठे लोग बाल-बाल बच गए। एएसआई निर्मला का कहना है की दोनों पार्टियों में आपसी समझौता होने के कारण मामला दर्ज नहीं हुआ है।



# चिंतपूर्णी मंदिर में सुगम दर्शन प्रणाली और होगी सुगम

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** माता चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन जल्द ही एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। मंदिर लिफ्ट के पास सुगम दर्शन पास के लिए एक काउंटर खोला जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा होगी और उनका समय बचेगा। अभी तक श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन पास बनाने के लिए नए बस स्टैंड के आगे बाबा माईदास सदन की बिल्डिंग में स्थित काउंटर पर जाना पड़ता है, जहां जाकर श्रद्धालु मंदिर जाने के लिए पास बनाते हैं। इसके बावजूद, कई श्रद्धालु मंदिर लिफ्ट के पास पहुंच जाते हैं और उन्हें वापस बस स्टैंड के पास जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी समय और परेशानी होती है।

एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने बताया कि माधो के टिल्ले के पास पार्क बनाने के काम में तेजी लाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन लगातार काम कर रहा है और जल्द ही कई सुविधाएं शुरू की जाएंगी। इस नए काउंटर के खुलने से श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन पास बनाने में आसानी होगी और वे अपना समय और ऊर्जा माता रानी के दर्शन में लगा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षा निदेशालय शिफ्ट करने का इरादा नहीं : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है और न ही इस बारे में कोई विचार विमर्श किया गया है। यह महज एक अफवाह है। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जारी अपने बयान में कही है। उन्होंने बताया कि मीडिया के एक वर्ग में प्रसारित स्कूल शिक्षा निदेशालय और अन्य प्रमुख निदेशालयों को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह दावे तथ्यहीन हैं और राज्य सरकार की किसी आधिकारिक नीति या निर्णय पर आधारित नहीं हैं।



शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने हाल ही में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि स्कूल शिक्षा निदेशालय के साथ-साथ किसी भी अन्य निदेशालय को शिमला से स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा निदेशालय को स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव या विचार नहीं है और ऐसी भ्रामक रिपोर्ट राज्य सरकार की नीति के बिलकुल विपरीत है।


उन्होंने बताया कि शिमला राज्य के प्रशासनिक केंद्र के रूप में काम करना जारी रखेगा और सरकार सभी प्रमुख विभागीय और शासन संबंधी गतिविधियों के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसमें किसी तरह की कोई छेड़खानी नहीं की जाएगी।

### अटकलों और अपुष्ट खबरों से न हों प्रभावित

**शिक्षा** निदेशालय को शिमला से स्थानांतरित करने के लिए कोई कदम या प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, तथा इसका संचालन पहले की तरह राज्य की राजधानी से ही जारी रहेगा। उन्होंने मीडिया और जनता से आग्रह किया कि वे अटकलों या अपुष्ट रिपोर्टों से प्रभावित न हों तथा सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासनिक स्थिरता, सुशासन और सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए प्रतिबद्ध है, तथा कोई भी निर्णय उचित विचार-विमर्श कर लिया जाता है।

# स्वतंत्रता प्रहरी विधेयक विवाद से बहुत दुखी हैं : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंदीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि यह स्वतंत्रता प्रहरी विधेयक विवाद से बहुत दुखी और आहत है। बार कुछ कहने पर विवश हुआ जीवन में इतना दुखी होकर कभी भी सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा। पहली बार कहने पर विवश हुआ हूं।



उन्होंने कहा कि 1975 में आपातकाल की घोषणा तथा लोकतंत्र की हत्या भारत के इतिहास का सबसे काला अध्याय घटा। पूरा देश जेलखाना बना दिया। मोरारजी देसाई से लेकर अटल जी तक हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं को बिना मुकदमा चलाए जेलों में डाल दिया गया। उच्च न्यायालय में सरकार ने यहां तक कहा कि संविधान का जीने का मूल अधिकार भी समाप्त कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यहां तक कहा कि यह कैदी छोड़े कभी भी नहीं जा सकते और कभी छोड़े भी गए तो इन्हें समुद्र में फैंकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे जैसे हजारों लोग किसी सम्मान के लिए 19 महीने जेलों में नहीं रहे और न ही कभी किसी से कोई सम्मान मांगा। उन्होंने सरकार से आग्रहपूर्वक कहा है कि वह उस समय के किसी सम्मान के लिए जेलों में गए और न ही कभी किसी सम्मान की मांग की, फिर आज हमें अपमानित क्यों किया जा रहा है।

# कंडाघाट क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की भेंट


सोलन से आए प्रतिनिधि मंडल से मिलते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सोलन जिला के कंडाघाट क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार सोलन विधानसभा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता प्रदान कर रही है, ताकि क्षेत्र तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकें। सरकार क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कंडाघाट नागरिक अस्पताल के सुदृढ़ीकरण करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। विद्यार्थियों को उनके घर-द्वार के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण भी किया जा रहा है।

# मारकंडा नदी में हो रहा अवैध खनन : डॉ . बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा क्षेत्र नाहन के कालाअंब और बनकला पंचायत की अवैध खनन और सड़क से जुड़ी समस्याओं को लेकर शनिवार को लोग बड़ी संख्या में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल की अगुवाई में डीसी सिरमौर से मिलने पहुंचे और उन्हें समस्या के बारे में अवगत करवाया।

कालाअंब वार्ड के पूर्व बीडीसी सदस्य यशपाल शर्मा और पूर्व पंचायत प्रधान राजेश ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र काला अंब में बड़े स्तर पर अवैध तरीके से खनन की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई यहां पर नहीं होती है जो साफ दर्शाता है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिली भक्ति के चलते अवैध खनन हो रहा है।



उन्होंने कहा कि अवैध खनन से यहां प्राकृतिक संपदा को भी बड़ा नुकसान हो रहा है साथ ही मारकंडा नदी के वर्चस्व को भी खतरा पैदा हो गया है। बिंदल ने कहा कि अवैध तरीके से चल रहे खनन ने मारकंडा नदी को पूरी तरह से छलनी कर दिया है जिससे पुलों और सड़कों को खतरा पैदा हो गया है। साथ ही सीवरेज लाइन को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि इस बाबत उपायुक्त को मौके की फोटो और वीडियो भी साझा किए गए हैं। उधर, बनकला पंचायत के दर्जनों लोग भी उपायुक्त से मिले। बनकला वार्ड की जिला परिषद सदस्य निर्मला शर्मा और पंचायत प्रधान रजनी देवी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा यहां सड़क मार्ग को बंद कर दिया गया है जिसके चलते लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिंदल ने कहा कि बनकला पंचायत के जिन गांवों के लिए सड़क का निर्माण कार्य रोका गया है वहां सड़क और पुल निर्माण पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च की गई है, मगर अब आनन-फानन में सड़क को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि साल 2023 में न्यायालय की तरफ से कोई फैसला इस सड़क को लेकर आया था, मगर लोक निर्माण विभाग ने इसकी जानकारी लोगों को देना उचित नहीं समझा और अब यह सड़क पूर्ण बंद हो गई है। उधर, प्रतिनिधिमंडल में शामिल नाहन विधानसभा क्षेत्र के जामनवाला गांव के लोगों ने भी उपायुक्त से मुलाकात की और यहां स्टोन क्रशर की वजह से बंद पड़े के गांव के रास्ते के बारे में उन्हें अवगत करवाया।

# नादौन में आग लगने से कार जलकर राख

**शशि सोनल, नादौन**

पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत दंगड़ी पंचायत के गांव गुढियाना में एक कार को अचानक आग लग गई। इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। गनीमत रही कि कार में कोई भी सवार नहीं था।


आग से जलकर राख हुई कार।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को कार चालक अपनी कार को लिंक रोड के किनारे खड़ी करके कुछ दूरी पर आयोजित एक यज्ञ समारोह में गया था। उसके जाने के बाद खड़ी कार में अचानक आग लग गई और जलकर राख हो गई। इस बारे एसएचओ नादौन निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस को अभी तक कोई शिकायत या सूचना नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

# युवक से 3 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला हमीरपुर बड़सर थाना के तहत एनडीपीएस अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत हुआ है। थाना बड़सर कि पुलिस टीम पत्थलियार में गश्त व यातायात चैकिंग पर थी, तो उस समय विशाल कुमार पुत्र संजीव कुमार गांव पत्थलियार तहसील बड़सर के कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) व फायल पेपर पॉलिथीन लिफाफा बरामद किया गया। डीएसपी बड़सर लालमण शर्मा ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**आरोप** थुनाग में बोले जयराम, प्रदेश में कानून व्यवस्था है बर्बाद

# सरकार की नाकामी से अपराधियों का अड्डा बन रही देवभूमि

**अनिल शर्मा, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। बाहरी राज्यों से आकर अपराधी यहां बेखौफ होकर गंभीर अपराध को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। राज्य के बॉर्डर जिले में तो यह स्थिति चिंताजनक है ही, लेकिन अब राज्य के अंदर देहात में भी खूंखार अपराधी दस्तक दे रहे हैं।

यह बहुत चिंता का विषय है कि कई जगह रेकी करके भी अपराधी गए और फिर एक गिरोह के लोग आकर न केवल लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं, बल्कि हथियारों की नोक पर डकैती तक कर रहे हैं। ऐसी घटनाओं से जाहिर है कि राज्य की पुलिस अपराध रोकने में नाकामयाब साबित हो रही है और सरकार के मुखिया की प्राथमिकता शायद अब दिल्ली हाईकमान के पास हर हफ्ते हाजरी भरने तक ही सीमित रह गई है।



उन्होंने कहा कि ऊना, बिलासपुर, नूरपुर, बद्दी-नालागढ़ और सिरमौर के कई इलाकों में तो पहले ही बहुत बुरा हाल हो चुका है लेकिन अब कुल्लू-मनाली, मंडी-सुंदरनगर, कांगड़ा, हमीरपुर तक रोज ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। जहां बाहरी राज्यों से अपराधी बेखौफ पहुंच रहे हैं और कई तरह की घटनाओं को अंजाम देकर राज्य की सीमा से बाहर भाग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों में ऐसी घटनाओं के बाद असुरक्षा और अविश्वास का माहौल बना हुआ है। पुलिस की ढीली और लचर कार्यप्रणाली से लोगों में भय और आतंक का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बहुत से व्यापारी हमसे मिले भी हैं और लोगों ने अपनी व्यथा भी सुनाई है, लेकिन सरकार सोई हुई है। उन्होंने हैरानी जताई कि मंडी जैसे शांत शहर में भी संदिग्ध लोगों की तादात बढ़ रही है और यहां आम शहरियों को बाहर से आए प्रवासी डरा-धमका कर मारपीट करने तक उतारू हो गए, ऐसी घटनाएं बहुत चिंताजनक हैं। (अनंत ज्ञान)

### 12वीं के परीक्षा परिणाम पर दी बच्चों को बधाई

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को पूर्व मुख्यमंत्री ने बधाई दी और कुछ बच्चों को मिलकर भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत, समर्पण और धैर्य ने आज आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है।






## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीनलैंड स्कूल में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्टरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में विश्व रेडक्रॉस दिवस से मनाया गया।। अध्यापिका रुकशन ने छात्रों को इस दिवस के बारे में जानकारी दी। नर्सरी कक्षा के छात्रों ने कविता और यूकेजी के छात्रों ने डांस किया। छात्रों को टॉफियों, बिस्कुट खाने के लिए दिए गए। छात्रों की तस्वीरें भी खींची गई। (अनंत ज्ञान)

### बग्गा में ईंट से भरा ट्रक पलटा, दो घायल

**शिवू ठाकुर, कोटला।** 32 मील-रानीताल मार्ग पर शुक्रवार देर रात बग्गा के समीप तीखे मोड़ पर ईंट से भरा ट्रक पलट गया। इस हादसे में चालक सहित 3 लोग सवार थे। 2 लोगों को हल्की चोटें आई हैं। ट्रक पलटने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने 3 सवारों को ट्रक से निकाला व सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। ट्रक चालक गुरविंद्र सिंह ने बताया कि हम ईंट लेकर दीनानगर से देहरा की ओर जा रहे थे कि बग्गा के समीप अचानक मोड़ पर ट्रक पलट गया। (अनंत ज्ञान)

### गढ़ जमूला स्कूल में बच्चों को दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में करियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय थुरल के प्रवक्ता कमल चौधरी, पवन राणा और एल आर नेगी ने 11वीं और 12वीं के छात्रों को आने वाले समय में अपना भविष्य कैसे बनाना है, उसके बारे में टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू सूद प्रधानाचार्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला ने की।

### श्रेया और कृति ने चमकाया डाढ स्कूल का नाम

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में मेजर सोमनाथ शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाढ की 12वीं की छात्रा श्रेया कपूर ने कला संकाय में 500 में से 434 अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में कृति ने 500 में से 424 अंक लेकर डाढ स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य डॉ. रिक्की शर्मा समस्त स्टाफ व एसएमसी ने स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर बच्चों को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को आगे भी कड़ी मेहनत करके सफलता हासिल करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने समस्त स्टाफ एसएमसी और अभिभावकों को ढेर सारी बधाई दी है।

### बलाहरा स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के तहत शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के कार्यवाहक मुख्य अध्यापक संजीव कुमार ने कहा कि इस साल दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में निश्चय कुमार ने 700/ 631 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। छात्रा पल्लवी कुमारी और कनिका राणा ने दूसरे और तीसरे स्थान पर कब्जा किया है। शारीरिक शिक्षक राकेश राणा ने बताया कि हमारे विद्यालय में शास्त्री और कला अध्यापक के पद खाली हैं। बावजूद इसके हमारे अध्यापकों ने बहुत मेहनत से बच्चों को पढ़ाया है। 631 अंक लेने वाले छात्र निश्चय कुमार को राकेश राणा अपनी तनख्वाह से 1100 रुपए देकर सम्मानित करेंगे। स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान सीमा देवी बच्चों को बधाई दी।

---

### अनंत ज्ञान समाचार पत्र में खबर छपने के बाद हरकत में आया विभाग

# लोक निर्माण विभाग ने पंचरुखी के ब्याडा चौक से डिवाइडर हटाया

**अजय पाल, पालमपुर**

**पंचरुखी** से बैजनाथ रोड में ब्याडा चौक पर बना डिवाइडर वाहन चालकों के लिए आफत बन गया था। डिवाइडर की ऊंचाई कम होने से दिखाई नहीं देता था, जिसके कारण वाहन टकराकर क्षतिग्रस्त हो जाते थे।

इस डिवाइडर में विभाग ने कोई रिफ्लेक्टर भी नहीं लगाया है, जिसकी वजह से रात के समय ज्यादा हादसे होते थे। दो दिन पहले भी एक यूपी नंबर की कार इस डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कार का बहुत नुकसान हुआ था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मीडिया के माध्यम से इस मामले को विभाग तक पहुंचाया व डिवाइडर को यहां से हटाने की मांग की थी। खबर छपने के बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो दिन के भीतर ही डिवाइडर को हटा दिया। सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग पंचरुखी ने कहा कि ब्याडा चौक में बने डिवाइडर के कारण हो रही दुर्घटनाओं की जानकारी मिली थी। लोगों के कहने पर डिवाइडर को हटा दिया है। यहां पर साइन बोर्ड लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों शम्मू, नीरज सुभाष, त्रिलोक चौहान, साबी, रिंकू, निशु, अनिल, विजय व कुलदीप ने डिवाइडर हटाने के लिए विभाग का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान इंपैक्ट

पंचरुखी में डिवाइडर को हटाती जेसीबी मशीन।

**लोगों ने किया धन्यवाद**
**डिवाइडर की ऊंचाई कम होने से हो रहे थे हादसे**

---

# मझेड़ा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



स्कूल स्टाफ के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मझेड़ा स्कूल के विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**उपमंडल** जयसिंहपुर के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझेड़ा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणामों में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

10वीं की परीक्षा में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें अनुष्का ने 650 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शगुन ने 624 अंक लेकर द्वितीय व कशिश ने 600 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं में विज्ञान व कला संकाय के कुल 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। संजना ने 500 में से 428 अंक लेकर प्रथम, सुमित ने 419 अंक लेकर द्वितीय व साहिल ने 415 अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य संजय कुमार ने विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी विद्यार्थियों, अविभावकों व स्कूल स्टाफ को बधाई दी।

---

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी प्रदान कर रही 210 करोड़ की छात्रवृत्ति : डॉ. आरएस बावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**चंडीगढ़** यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2025 ( सीयूसीईटी 2025) के माध्यम 210 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है, ताकि मेधावी छात्रों को शिक्षा का अवसर मिल सके। इसमें 170 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली, जबकि 40 करोड़ रुपए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के लखनऊ कैंपस में पढ़ने वाले छात्रों को दी जाएगी।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर आसानी से आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रोफेसर (डॉ) आरएस बावा ने कांगड़ा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि साल 2012 से अब तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली ने 1.30 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की है, जिनमें से 53,145 छात्र केवल पिछले 5 वर्षों में लाभान्वित हुए हैं। इनमें भारत के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विदेशी छात्र भी शामिल हैं। इसके अलावा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 'आर्म्ड' फोर्सेज एजुकेशनल वेलफेयर स्कीम और शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा स्कॉलरशिप के माध्यम से 5,723 छात्रों को 5.70 करोड़ रुपए की डिफेंस छात्रवृत्ति प्रदान कर आर्थिक सहायता प्रदान की है। बावा ने कहा शैक्षणिक उत्कृष्टता और बेहतरीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड के चलते चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स व मल्टीनेशनल कंपनियों का पसंदीदा गंतव्य बन गई है। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के विभिन्न स्ट्रीम्स के छात्रों को 904 कंपनियों से 9124 जॉब ऑफर्स प्राप्त हुए, जिसमें उच्चतम इंटरनेशनल पैकेज 1.74 करोड़, जबकि उच्चतम घरेलू पैकेज 54.75 लाख रुपए रहा। इसके अलावा 31 कंपनियों ने 20 लाख से अधिक, 52 कंपनियों ने 15 लाख से अधिक और 100 से अधिक कंपनियों ने 10 लाख से अधिक के पैकेज ऑफर किए। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हिमाचल के 5100 छात्रों में से 519 छात्रों को 2024-25 में प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल कंपनियों और ब्रांडों में नौकरी के ऑफर मिले हैं, जबकि कांगड़ा के 98 छात्रों ने नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स और कंपनियों से 107 जॉब ऑफर प्राप्त किए हैं। 122 छात्रों ने एक से अधिक कंपनियों से जॉब ऑफर हासिल किए हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रोफेसर आरएस बावा।

---

# खंड विकास अधिकारी कार्यालय देहरा में साक्षात्कार 20 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि डॉक्टर रेड्डी लैबोरेट्रीज लिमिटेड, बद्दी की ओर से सेल्फ मैनेज्ड टीम के 55 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला को अधिसूचित किए हैं। साइंस में 60 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास 18 से 20 वर्ष के आवेदक जोकि 2024-25 के पास आउट हों, वे आवेदन कर सकते हैं। कंपनी प्रति वर्ष एक लाख 75 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्रए मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अगर कोई अनुभव हो तो उसका प्रमाण पत्र साथ लाएं। उन्होंने बताया कि 20 मई को खंड विकास अधिकारी कार्यालय देहरा के समिति हाल में साक्षात्कार रखा गया है। पहले यह साक्षात्कार उप रोजगार कार्यालयए देहरा में रखा गया था, अब इसका स्थान बदला गया है। वहीं, 21 मई को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला में प्रात: 10 बजे होने वाला साक्षात्कार अब राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में रखा गया है। इच्छुक उम्मीदवार 21 मई को प्रात: 10 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

---

# प्राकृतिक गेहूं की खरीद की तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण कांगड़ा जिले में प्राकृतिक खेती से उगाई गेहूं की खरीद के लिए तिथि को बढ़ा दी है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी आत्मा की ओर से निदेशालय को पत्र भेज भेजकर तिथि बढ़ाने की की अनुमति ली गई है। अब किसान 19 मई से अपनी फसल को भेज सकेंगे। जिले में पहले यह प्रक्रिया 15 मई से शुरू होनी थी, लेकिन बारिश के कारण फसल गीली हो गई और किसान समय पर फसल खरीद केंद्रों तक नहीं पहुंच पाए। अब आत्मा कांगड़ा ने शिमला निदेशालय से खरीदी तिथि बढ़ाने की अनुमति ली है। अब ढलियारा और फतेहपुर में 19 मई से तथा नगरोटा बगवां में 26 मई से फसल बेची जा सकेगी। इसके लिए जिला कांगड़ा के 369 किसानों ने अभी तक पंजीकरण करवाया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की ओर से किसानों से 60 रुपए प्रति किलो की दर से प्राकृतिक खेती तरीके से उगाई गेहूं की खरीद की जा रही है। इसके लिए जिले में तीन केंद्र स्थापित किए गए हैं और 64.24 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक जिले के 369 किसानों ने फसल बेचने के लिए पंजीकरण करवाया है। उम्मीद जताई जा रही है की फसल बिक्री शुरू होने के बाद यह संख्या और बढ़ेगी तथा हल्दी में भी अभी तक 14 किसानों ने पंजीकरण करवाया है और लगभग 5.4 मिट्रिक टन हल्दी बेचने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**अब 19 मई से बेच सकेंगे किसान**

---

# अनंत स्वरूप

# महिलाओं की सहनशीलता पुरुषों से कहीं अधिक

**नारी को अकसर पुरुष प्रधान समाज ने शारीरिक रूप से कमजोर मानकर उसके मनोबल पर लगातार चोट की है, लेकिन नारी ने तब भी अपना धैर्य नहीं खोया और हमेशा ही सहनशीलता का परिचय दिया। सादगी, समर्पण और सहनशीलता का दूसरा नाम नारी है और नारी ने ही समाज को स्थितरता प्रदान की है। प्रकृति ने महिला और पुरुष दोनों को ही अलग-अलग गुणों से नवाजा है, लेकिन बात जब सहनशीलता की होती है, तो ऐसे में कहीं न कहीं महिलाओं की सहनशीलता पुरुषों से कहीं अधिक ज्यादा है। महिलाओं की सहनशीलता की मिसाल इतिहास के हर पन्ने की शोभा बढ़ा रहे हैं। सदियों से महिलाओं के ऊपर कई तरह के अत्याचार होते रहे हैं, लेकिन महिलाओं ने अपनी सहनशीलता के दम पर इतिहास को बदलकर रख दिया। महिलाओं के बिना न तो परिवार की कल्पना की जा सकती है और न ही समाज की, लेकिन यह भी एक कड़वा सच है कि आज भी बहुत से लोग महिलाओं के साथ अत्याचार करते हैं। आज समाज बदल चुका है, लेकिन आज भी बहुत से पुरुषों में महिलाओं को लेकर आज भी वही सोच पनप रही है। वैसे महिलाओं ने जब से शिक्षा का दामन थामा है, तब से महिलाओं के प्रति लोगों की सोच में कुछ परिवर्तन तो आया है। अब सरकार को भी चाहिए कि कुछ मामलों में जैसे कि घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं घट रही है, उसे रोकने के लिए कोई ठोस ओर कारगर कानून बनाए, ताकि महिलाओं के साथ कोई भी किसी भी तरह की हिंसा न कर पाए। ऐसे ही कुछ विषयों को लेकर कुछ महिलाओं से चर्चा की गई पेश हैं उसके कुछ अंश....**

*प्रस्तुतिः कमलेश वर्मा, कुल्लू*

## हक के लिए आवाज उठाना बहुत जरूरी



अर्चना ठाकुर

**सुल्तानपुर** की अर्चना ठाकुर का कहना है कि आज भी महिलाओं को तंग किया जाता है, मारा पीटा जाता है और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। इस बारे में जब सुनती हूं तो ऐसे में समाज के इस डरावने रूप से घबराहट ओर असुरक्षा की भावना पैदा होती है। मैं मानती हूं कि समाज में हर तरह के लोग होते हैं और कुछ अच्छे हैं और कुछ बुरे। ऐसे में एक तरफ जहां महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने वाले लोग मौजूद हैं। वहीं, दूसरी तरफ कुछ लोग ऐसे भी लोग महिलाओं को कमजोर समझने के साथ-साथ महिलाओं के साथ हिंसा करने में भी गुरेज नहीं करते। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए और उन्हें शिक्षित कर आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा दी जाए। महिलाओं का आत्मनिर्भर होना ही महिलाओं को समाज मे सम्मान दिलाता है और इससे महिलाओं को खुद पर भरोसा होने लगता है, जोकि बहुत जरूरी है। अपने खिलाफ हो रहे हिंसा को खामोशी से सहने की बजाए अपने हक के लिए आवाज उठाना भी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही महिलाओं को कानून की जानकारी भी समय-समय पर सरकार की ओर से दी जानी चाहिए। आज के समय में महिलाओं को कानून का भरपूर साथ मिल रहा है, मगर दोषियों को सजा देने में अभी भी कई साल गुजर जाते हैं, जोकि कानून से मिलने वाले न्याय के प्रति महिलाओं में असंतोष पैदा करता है।

## बेटियों का शिक्षित होना करता स्वस्थ समाज का निर्माण



इंदु नवनीत भारद्वाज

**सुल्तानपुर** की इंदु नवनीत भारद्वाज का कहना है कि आज के समय में महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा में काफी कमी आ चुकी है, क्योंकि समाज पहले के मुकाबले ज्यादा शिक्षित हो चुका है और शिक्षित समाज में इस तरह की घटनाओं का घटना अब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। आज भी कुछ घटनाएं महिलाओं के साथ घट रही है, जोकि दुखद है। इसके लिए जरूरी है बेटियों ओर महिलाओं को शिक्षित कर उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागरूक करना। शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा जैसी अप्रिय घटना की संभावना बहुत कम हो जाती है। आज वक्त बदलाव का है, इसलिए किसी ओर के लिए न सही, मगर महिलाओं को अपने हक के लिए ओर अपने आत्मसम्मान के लिए भी आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा न हो, उसके लिए सरकार को महिलाओं के हक में कुछ सख्त कानून बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेटियों के सभी माता-पिता को चाहिए कि वो अपनी बेटियों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करें और उसे आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करें। बेटियों का आत्मनिर्भर होना और शिक्षित होना ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है।

## महिला हित के लिए कानून को सख्त बनाने की जरूरत



सुदर्शना ठाकुर

**मनाली** की सुदर्शना ठाकुर का कहना है कि वैसे तो महिलाओं के हक में बहुत से कानून बन चुके हैं, लेकिन अब भी उन कानूनों को थोड़ा और सख्त बनाने की जरूरत है, क्योंकि अकसर देखा जाता है कि कानून के जानकार ही कानून का इस्तेमाल गलत तरीकों से भी करते हैं। मुझे तो घरेलू हिंसा के नाम से ही घृणा होती है, क्योंकि घरेलू हिंसा का नाम सुनते ही लगता है कि कोई न कोई महिला किसी न किसी के जुल्मों को सहन कर रही है या फिर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही है। खबरों के माध्यम से जब पता चलता है कि महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है, तो बहुत दुख होता है और उससे भी ज्यादा दुख तब होता है, जब इस तर्ज की घटनाओं में महिलाएं भी शामिल होती हैं। मैं मानती हूं कि हर महिला को आत्मनिर्भर होना ही चाहिए, क्योंकि आत्मनिर्भरता महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देती है और इससे महिलाओं में अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार का विरोध करने की शक्ति मिलती है। जब तक महिला आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर रखेगी, तब तक उसके अंदर आत्मविश्वास का संचार नही हो सकता। आज भी हजारों ऐसे मामले कोर्ट में लंबित पड़े हैं, जोकि आज भी हल नहीं हुए और पीड़ित महिलाओं को न्याय तक नहीं मिला, इसलिए कानून ऐसे बने की महिलाओं की खिलाफ कोई भी घिनौनी हरकत न कर सके।

## शिक्षित, आत्मनिर्भर होने पर होगी घरेलू हिंसा में कमी



पिंगला भंडारी

**कुल्लू** की पिंगला भंडारी का कहना है कि बदलते समय के साथ घरेलू हिंसा के मामलों में जागरुकता बढ़ी है, जो कि एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि, वास्तविकता यह है कि घरेलू हिंसा अभी भी व्यापक रूप से मौजूद है। सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक कारणों से ऐसी घटनाएं लगातार होती रहती हैं और कई बार पीड़ित महिलाएं समर्थन या सुरक्षा के बिना रहती हैं। महिलाओं के शिक्षित और आत्मनिर्भर होने से घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी आ सकती है। शिक्षा और आत्मनिर्भरता से महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और अधिक आत्मविश्वास के साथ हिंसा के खिलाफ आवाज उठा सकती हैं। यह सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है, जिससे वे हिंसा के मामलों में बेहतर निर्णय ले सकती हैं और समर्थन प्राप्त कर सकती हैं। सरकार और कानून घरेलू हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इसके लिए प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी की आवश्यकता होती है। कानूनी ढांचा और सुरक्षा उपाय महत्वपूर्ण हैं, लेकिन समाज में जागरुकता, शिक्षा, और समर्थन प्रणालियों के साथ मिलकर ही इनका प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सकता है।

---

# ब्यूटी पॉर्लर बन रहे हमारी संस्कृति का हिस्सा

## शहरों से लेकर गांवों तक लोग अपनी सुंदरता निखारने के लिए हैं सजग

*__ब्यूटी__ पार्लर, जिन्हें सैलून भी कहा जाता है, उनका उपयोग लगातार और तेजी से बढ़ रहा है। ये तब से मौजूद हैं, जब से लोग अपने लुक को लेकर सजग थे और निखारने के तरीके खोज रहे थे। पार्लर धीरे-धीरे हमारी संस्कृति का हिस्सा बन गए। जब ब्यूटी पार्लर की अवधारणा नई थी, तो दी जाने वाली सेवाएं भी मौलिक थीं। हालांकि, केवल अमीर लोग ही पार्लर में जाकर लाभ उठा सकते थे, लेकिन समय के साथ चीजें बदल गईं और सौंदर्य उद्योग मांगों के अनुसार, विकसित होता रहा। अब शहरों से लेकर गांवों तक के लोग अपनी सुंदरता निखारने के लिए सजग हैं। ब्यूटी पार्लर सौंदर्य उपचार लेने के अलावा हमारी व्यक्तिगत स्वच्छता को बनाए रखने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ब्यूटी पार्लर जाने के कई फायदे हैं। यह आपको अपनी सुंदरता को निखारने, त्वचा और बालों की देखभाल करने और तनाव कम करने में मदद करता है। ब्यूटी पार्लर में मैनीक्योर, पेडीक्योर, फेशियल, हेयर ट्रीटमेंट और बहुत कुछ जैसी कई अन्य सेवाएं भी शामिल होने लगीं। इसके अलावा यहां चेहरे की देखभाल, दुल्हन का श्रृंगार, भौंहें (आई ब्रो) बनाना, मेहंदी लगाना इत्यादि कार्य किए जाते हैं।*

### त्वचा और बालों की देखभाल के लिए करवा सकते कई ट्रीटमेंट

**ब्यूटी** पार्लर में विशेषज्ञ ब्यूटीशियन से त्वचा और बालों की देखभाल के लिए कई तरह के ट्रीटमेंट करवाए जा सकते हैं, जैसे कि फेशियल, मैनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर कटिंग और हेयर ट्रीटमेंट शामिल हैं। यहां आप अपनी सुंदरता को निखार सकते हैं, जिससे आप आत्मविश्वास और खुशी महसूस करते हैं। ब्यूटी पार्लर में यहां एक आरामदायक माहौल में समय बिता सकते हैं, जिससे तनाव भी कम होता है। यहां विभिन्न प्रकार के विशेष उपचार ब्राइडल मेकअप, ब्लीच, डीटैन और अन्य सौंदर्य उपचार मिल सकते हैं। यही नहीं यहां नवीनतम फैशन और सौंदर्य रुझानों के बारे में जानकारी मिल सकती है।

*प्रस्तुतिः विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर*



*__ब्यूटी__ पार्लर खोलने के लिए आवश्यक सामानों में फर्नीचर, उपकरण, उत्पाद, और सौंदर्य प्रसाधन शामिल हैं। इनमें सीटें, टेबल, दर्पण, हेयर स्टाइलिंग स्टेशन, फेशियल टेबल, नेल केयर टेबल, और अन्य उपकरण शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, शैंपू, कंडीशनर, हेयर डाई, हेयर स्प्रे, वैक्स, लोशन, क्रीम, और अन्य सौंदर्य प्रसाधन भी आवश्यक हैं। सेटिंग के लिए सीटें, टेबल, और दर्पण, हेयर स्टाइलिंग स्टेशन, फेशियल टेबल, नेल केयर टेबल, हेड स्ट्रीमर, हेयर स्ट्रेटनर, कटिंग मशीन, हेयर ड्रायर , नेल फाइल, कैंची, चेहरे के लिए क्रीम और लोशन, बालों के लिए शैंपू, कंडीशनर, हेयर डाई, हेयर जेल और हेयर स्प्रे, बालों को हटाने वाला वैक्स, तौलिया, मेकअप प्रसाधन (जैसे, फाउंडेशन, आईशैडो, लिपस्टिक), नेल आर्ट उत्पाद (जैसे, नेल पॉलिश, नेल आर्ट डेकोरेटर्स), सुरक्षा उपकरण (जैसे, ग्लव्स) इत्यादि शामिल हैं।*

*__-मीना कुमारी, हमीरपुर__*

---

# हाउस वाइफ भी घर पर रहकर दिख सकती हैं ग्लैमरस और स्टाइलिश

**हाउसवाइफ** की अकसर शिकायत रहती है कि उनके पति उनकी तरफ देखते नहीं है। इसका एक कारण आपकी ड्रेसिंग हो सकती है। अकसर महिलाएं घर पर रहने के चक्कर में नाइट गाउन, पजामा या टी-शर्ट जैसी चीजों को पहनकर रखती हैं, जिसमें उनकी पर्सनैलिटी बिलकुल अच्छी नहीं लगती, जबकि घर पर भी स्टाइलिश रहना चाहिए, ताकि आपको खुद को भी अच्छा लगे। जब आपके अंदर फील गुड फैक्टर आएगा तो हस्बैंड को भी आपको देखकर अच्छा लगेगा। इसके लिए अपने वॉर्डरोब में कुछ खास ड्रेसेज को शामिल करें।

**कोऑर्ड सेट लगे बेस्टः** घर पर ग्लैमरस और स्टाइलिश दिखने के लिए नाइटी की जगह रेयान या कॉटन के कोऑर्ड सेट पहनें। कॉटन होने की वजह से यह कंफर्टेबल और ब्रीदेबल फैब्रिक है जिसमें घर के काम करने के दौरान गर्मी नहीं लगती। यह एलीट और स्मार्ट लुक देते हैं। इसके साथ आप हाई बन या पोनीटेल जैसे हेयर स्टाइल बना सकती हैं। कोऑर्ड सेट में कई प्रिंट आते हैं। समर सीजन में आप फ्लोरल प्रिंट या लाइट कलर चुन सकती है।



**कफ्तान होते हैं कंफर्टेबलः** हाउसवाइफ को खूबसूरत दिखने का पूरा अधिकार है, इसलिए घर पर कॉटन या रायन के कफ्तान पहनें। यह खुले होते हैं, जो गर्मी में कूल दिखते हैं। इसकी लंबाई आप अपने कंफर्ट के हिसाब से चुन सकते हैं। इसमें फुल साइज कफ्तान

## न्यूज ब्रीफ

### चैलिया में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**सालविया शर्मा, गरली।** टीहरी पंचायत के तहत चैलिया गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य भवानि शंकर ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से लेकर बाल लीलाओं तक का वर्णन सुनाया। कथा की शुरुआत श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग से हुई, जिसमें नंद बाबा और यशोदा माता के घर जन्मे बाल गोपाल की झांकी ने सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने पूतना वध के माध्यम से यह समझाया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा स्वयं करते हैं, चाहे संकट कितना भी विकराल क्यों न हो। वहीं, कालिया नाग मर्दन की कथा से यह संदेश दिया कि अधर्म और अत्याचार का अंत निश्चित होता है। (अनंत ज्ञान)

### गुम्मर स्कूल की शगुन, पूर्वा ने लिए 456 अंक

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुम्मर की जमा दो कक्षा का परिणाम बहुत ही सराहनीय रहा। कामर्स और आर्ट्स संकाय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान पर शगुन और पूर्वा रहीं। उन्होंने 456 अंक प्राप्त किए, दूसरे स्थान पर पल्लवी ने 424 अंक और तीसरे स्थान पर निशु ने 409 अंक झटके। कला संकाय में प्रथम स्थान पर मोनिका ने 434 अंक प्राप्त किए, दूसरे स्थान पर शिवानी धीमान ने 427 अंक प्राप्त किए और तीसरे स्थान पर शगुन ने 426 अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रधानाचार्य जोगिंदर कुमार ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### खैरा स्कूल की प्रियंका ने हासिल किए 93% अंक

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरा का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा। 115 में से 108 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में प्रियंका 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, प्रियांशी 91 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, पायल 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। कॉमर्स संकाय में शगुन 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, पलक 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व स्नेहा 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में प्रिशा 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, निशांत 87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर व काशवी 86 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान रहे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य राकेश भड़वाल, एसएमसी प्रधान राकेश कुमार, पंचायत प्रधान राजीव धीमान ने बच्चों को बधाई दी (अनंत ज्ञान)

### आरिधी ने चमकाया काशीराम स्कूल का नाम



**अनंत ज्ञान, गगला।** हिमाचल बोर्ड परीक्षा के प्लस-टू के परिणाम में आरिधी चौधरी ने ठाकुर काशीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल मस्तपुर का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य शिखा ठाकुर ने बताया कि 67 बच्चे थे, जो सभी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। आरिधी चौधरी ने साइंस में 90.6 अंक लेकर पहला स्थान, आकांक्षा ने कॉमर्स .85.6 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य व सभी अध्यापकों ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ककड़ैं पंचायत में बांटी पानी की टंकियां और बैंच



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत जिला परिषद वार्ड नंबर 28 नौरा की जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी ने कहा कि 15वें वित्तायोग के वित्त वर्ष 2024-2025 की कार्य योजना के लिए मुवलिग 18,18,713 रुपए, अनटाइड 6,72,465 रुपए और टाइल के लिए 11,46,248 रुपए विकास कार्य सरकार की ओर से किए जाने की स्वीकृति प्रधान की गई है। पंचायत ककड़ैं में पानी की व्यवस्था के लिए प्लास्टिक की टंकिया दीं गईं। यहां सार्वजनिक स्थानों पर बैठने के लिए बैंच भी लगवाए गए। स्वच्छता के तहत पंचायत देवी, नौरा, ननाओं और पुड़बा बाजार के लिए सभी को डस्टबिन दिए जाएंगे। विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव जेई आफिस के लिए 10 कुर्सियां भी दी जाएंगी। यह कार्य जिला परिषद नौरा वार्ड नंबर-28 की सभी पंचायतों में होगा। (अनंत ज्ञान)

### गढ़ स्कूल की काजल प्रथम, निशांत द्वितीय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला का जमा दो परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। काजल ने 500 में से 455 अंक प्राप्त कर के पहला स्थान, निशांत ने 500 में से 452 अंक प्राप्त करके दूसरा और वैभवी ने 500 में से 436 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय में 52 में से 21 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या मीनू सूद, स्कूल प्रबंधन समिति व अध्यापकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### घाड़ स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**कुलदीप सोनी, नगरी।** स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घाषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में घाड़ स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कला संकाय में 17 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। शगुन ने 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, श्रेया 90 फीसदी द्वितीय और सचिन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में 11 बच्चों में से 9 बच्चों में प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए। सौरभ चौधरी ने 88 फीसदी अंक लेकर प्रथम, रिया ने 82 फीसदी द्वितीय और आर्यन ने 77 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में मुस्कान ने 80 फीसदी अंक लेकर प्रथम, आदिती ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

### 18 अभ्यर्थियों को किए नियुक्ति पत्र प्रदान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय डिग्री कॉलेज नगरोटा सूरियां में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। लॉजिस्टिक्स कंपनी ने विभिन्न पदों पर भर्ती की। ऑपरेशन्स एग्जीक्यूटिव, एमआईएस को-ऑर्डिनेटर, केओएम तथा कैशियर जैसे पदों के लिए चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को एग्जीक्यूटिव या असिस्टेंट के रूप में देशभर में नियुक्त किया गया। 50 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कंपनी की तरफ से 18 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय प्रशासन ने कंपनी के कर्मचारियों तथा इसके संस्थापकों का धन्यवाद किया। महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण चंद्र ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निकल भविष्य में भी ओम लॉजिस्टिक के सौजन्य से पुनः प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाने के महाविद्यालय तत्पर रहेगा।

# कंडवाड़ी स्कूल में साइंस ब्लॉक का लोकार्पण

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कमलेहड़ में किया डे-बोर्डिंग स्कूल के निर्माण कार्य का निरीक्षण



कंडवाड़ी स्कूल में साइंस ब्लॉक का लोकार्पण करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अजय पाल, पालमपुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडवाड़ी में 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त साइंस ब्लॉक का लोकार्पण किया।

उन्होंने पालमपुर विधानसभा के कमलेहड़ में 5 करोड़ की लागत से डे बोर्डिंग स्कूल के प्रथम चरण में बन रहे भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर विधायक आशीष बुटेल भी उनके साथ रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृढ़ संकल्पित है। राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं और व्यवस्थाओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा। पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक मनोबल में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कमलेहड़ में निर्मित हो रहे डे बोर्डिंग स्कूल में पांचवी कक्षा तक के लिए बन रहे भवन पर 5 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने मंत्री के समक्ष कुछ मांगें भी रखी। (अनंत ज्ञान)

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया अनावरण

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने नगर निगम पालमपुर के वार्ड नंबर 2 में नंदन पार्क में विधायक आशीष बुटेल की उपस्थिति में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल पटेल भी मौजूद रहे। रोहित ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्श मूल्य एवं जीवन भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा उनमें देशभक्ति की भावना भरते उन्होंने राजपूत कल्याण सभा पालमपुर के भवन विस्तार के लिए 25 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अतिरिक्त 1 लाख अपनी ऐच्छिक निधि से देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग में लगभग 10 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की एकमात्र पब्लिक लाइब्रेरी का निर्माण पालमपुर में किया जा रहा है। वहीं, सिविल हॉस्पिटल पालमपुर में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई और डेंटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालमपुर में लगभग 1.5 करोड़ रुपए पर की लागत से निर्मित हो रही पब्लिक लाइब्रेरी और परीक्षा हॉल के कार्य का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को तय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालमपुर में दो दिवसीय रंगभारती भारतीय संस्कृति व संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विज्ञान के मॉडल की प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

### गोपालपुर में शहीद राकेश कुमार की लगेगी प्रतिमा

**शिक्षा** मंत्री ने ग्राउंड में हाई मास्क लाइट, चारदीवारी और विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में 6 करोड़ की लागत से बनने वाले इंडिकेटर की घोषणा की। इसके साथ ही गोपालपुर में शहीद राकेश कुमार की प्रतिमा बनाने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर वूल फेडरेशन के डायरेक्टर त्रिलोक चंद, एसडीएम पालमपुर नेत्रा मैती, एडवोकेट लोकेंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### रेहन की एंजेल का सपना आईएएस बनना



**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में कामरेड रामचंद्र आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रेहन की छात्रा एंजेल ने प्रदेश में 94.6 अंक लेकर प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया है। एंजल के माता-पिता नीरज शर्मा व अलका शर्मा एक दिव्यांग व अनाथ आश्रम का संचालन करते हैं। एंजेल ने अपनी सफलता का श्रय माता-पिता और विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के मार्गदर्शन को दिया। एंजेल ने बताया उनका सपना आईएएस बनना है। प्रधानाचार्य नरेंद्र धीमान ने एंजेल व अध्यापकों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सिमरन बनना चाहती आईपीएस



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत आते टैगोर मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सिमरन शर्मा ने प्रदेशभर में नौवां स्थान हासिल किया है। सिमरन ने बताया कि उनका सपना आईपीएस अधिकारी बनने का है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अध्यापकों को दिया।

### जुगेहड़ की वेदिका ने पाया प्रदेश में 9वां स्थान



**शिवू ठाकुर, कोटला।** 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उपमंडल शाहपुर की ठेहड़ पंचायत की छात्रा वेदिका राणा ने वाणिज्य संकाय की मेरिट लिस्ट में 9वां स्थान हासिल किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ की छात्रा वेदिका ने 500 अंकों में से 470 अंक हासिल किए हैं। वेदिका के पिता मनजीत राणा पंचायत प्रधान हैं व माता मीना राणा शिक्षिका हैं। पिता मनजीत ने बताया कि वेदिका रोजाना 25 किलोमीटर का सफर कर कुठेड़ स्कूल में जाती थी और रोजाना घर में चार से छह घंटे पढ़ाई करती है। वेदिका ने अपनी कामयाबी का श्रेय माना-पिता व शिक्षकों को दी। (अनंत ज्ञान)

# मटौर स्कूल का परिणाम सराहनीय 25 स्टूडेंट्स प्रथम श्रेणी में पास



12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को मिठाई खिलाते शिक्षक।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विज्ञान संकाय से 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

6 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से अधिक अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। एक विद्यार्थी ने 92 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। वाणिज्य संकाय से 3 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से अधिक अंक लिए हैं। कला संकाय में 19 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। 8 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से अधिक अंक लिए है। विज्ञान संकाय से वंशित ने क्रमश: 98, 96, 96, 94 अंक लेकर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# किसानों को आधुनिक खेती और प्रसंस्करण तकनीकों में सशक्त किया :डॉ. सुदेश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

▶ **पालमपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया**

**सीएसआईआर** हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। इस वर्ष की प्रौद्योगिकी दिवस थीम नवजय यंत्रा कृयुगांतर फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजीत्र रिसर्च, एंड एक्सेलेरेशन थी, जो वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर तकनीकी नवाचार के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने उपस्थित जन का स्वागत करते हुए प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सीएसआईआर अरोमा, फ्लॉरिकल्चर एवं फाइटोफार्मास्युटिकल मिशन के अंतर्गत संस्थान के योगदान को उजागर किया, जिससे किसानों को आधुनिक खेती और प्रसंस्करण तकनीकों में सशक्त किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि सुचित सिंह, प्रमुख नेटवर्क इनोवेशन, विजया वेलनेस एंड बायोसाइंसेज एलएलपी, नई दिल्ली ने नवजयमॉलिक्यूल टू मार्केट, आधुनिक चिकित्सीय अनुप्रयोगों में प्राकृतिक रूप से प्राप्त बायोएक्टिव्स का उपयोग-नवजय विषय पर संभाषण दिया। उन्होंने औषधीय प्रयोगों के लिए प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को रेखांकित किया और आधुनिक विज्ञान एवं उत्पाद विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान, व्योम बायोटेक प्रा. लि. इंदौर, धर्मा किसान विकास समिति चंबा, और शशांक एग्रो टेक प्रा. लि., झारखंड के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर समझौते किए गए। इसके अलावा, संस्थान ने विजया वेलनेस एंड बायोसाइंसेज एलएलपी, नई दिल्ली और बॉक्स एंड पॉट्स प्रा. लि. कांगड़ा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ताकि प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान विकसित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर किन्नौर क्षेत्र के किसानों को हींग के पौधों का वितरण भी किया गया।

### नई जोड़ी



सलापड के आशू और जंजैहली की चंद्रेश को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# न्यू ईरा स्कूल छतड़ी के चार विद्यार्थी टॉप टेन में

**कोहली, शाहपुर।** 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शाहपुर के न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंस छतड़ी के चार विद्यार्थियों ने प्रदेशभर में टॉप टेन में जगह बनाई है। कला संकाय में निर्दोष ने 480 अंक लेकर प्रदेशभर में द्वितीय स्थान पर रही, निर्दोष के पिता महेंद्र लाल सेना में कार्यरत हैं और माता गृहिणी है। निर्दोष आईटीआई में नाम रोशन करना चाहती है। वहीं, राहत शर्मा कला संकाय में 475 अंक लेकर प्रदेश में सातवें स्थान पर रही। राहत के पिता विजय शर्मा किसान हैं और माता अंजू शर्मा गृहिणी है। राहत सिविल सर्विसेज में जाकर देश की सेवा करना चाहती है।

श्रुति कला संकाय में 476 अंक लेकर प्रदेश में छठे स्थान पर रही। श्रुति के पिता सूर्या धीमान सुपरिंटेंडेंट ग्रेड 2 सीनियर सेकेंडरी स्कूल थुलेल में कार्यरत हैं तथा माता सुलेखा अंग्रेजी की प्रवक्ता गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरगट में अपनी सेवाएं दे रही हैं। कृष लाहोरिया विज्ञान संकाय में 482 अंक लेकर प्रदेशभर में तृतीय स्थान हासिल किया। कृष के पिता संजीव कुमार निजी कंपनी में कार्यरत है तथा माता बिनता देवी गृहिणी है। स्कूल के अध्यक्ष कंचन सिंह भडवाल, निदेशक नेत्र सिंह, कार्यकारी निदेशक सुषमा गुलेरिया, मुख्याध्यापिका विनीता दियोलिया, प्रधानाचार्य सचिन पगरोत्रा, उप प्रधानाचार्य विशाल रैना ने स्कूल अध्यापकों, सभी विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# पठानकोट-जालंधर रोड पर फायरिंग कार सवार को सिर में लगी गोली

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

▶ **आरोपियों की मदद करने वाले दो लोग गिरफ्तार, छापेमारी जारी**

**पठानकोट**-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार में सवार दो लोगों पर शनिवार सुबह मोटरसाइकिल में दो नाकाबपोशों ने फायरिंग कर दी। एक व्यक्ति के सिर में गोली लगी और उसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। लोगों ने बताया कि जब दुकान खोल रहे थे और मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोशों ने कार पर फायरिंग की और फरार हो गए।

घायल को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया। एसपी जसतिंदर सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति को गोली मारी गई वह फाइनांस का काम करता है और गोली मारने के कारणों की अभी जांच की जा रही है। एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि सुबह व्यापारी पर हुई गोलीबारी की घटना की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गोली चलाने वाले आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपियों के 2 साथियों को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले 3 दिनों से पीड़ित की रेकी कर रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें छापेमारी कर रही हैं। इस घटना में 5 लोगों के शामिल होने का संदेह है। (अनंत ज्ञान)

# चनौर स्कूल की पायल शर्मा मेरिट लिस्ट में तीसरे और कॉमर्स विषय में प्रदेशभर में प्रथम

**पिंकी, डाडासीबा**



**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनौर का प्रदर्शन शानदार रहा। छात्रा पायल शर्मा ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में तीसरा व कॉमर्स विषय में प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में एक इबारत लिखी है। पायल शर्मा की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पायल शर्मा के पिता प्रदीप शर्मा मिस्त्री का काम करते हैं और माता कमलेश शर्मा गृहिणी है। पायल ग्रेजुएशन करना चाहती है और साथ में सरकारी टेस्ट की तैयारी करना चाहती है। स्कूल के प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षकों ने अंकिता को मिठाई खिलाकर दी बधाई



**कोहली, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत की छात्रा अंकिता ने जमा दो में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 96.6 फीसदी अंक लेकर कला संकाय में प्रदेशभर में टॉप किया। प्रधानाचार्य शमशेर भारती व शिक्षकों ने अंकिता व उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया। अध्यापकों ने अंकिता को मिठाई खिलाफ खुशी मनाई। (अनंत ज्ञान)

### टांडा रेंज में फायरिंग का अभ्यास कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त धर्मशाला ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से 19 मई को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने पंचायत कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न जाएं तथा पशुओं को भी न जाने दें।

### युवाओं को वोटर आईडी कार्ड बनाने को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन भागीदारी (स्वीप) के तहत 15 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में नोडल अधिकारियों की देखरेख में निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से आयोजित किया गया। युवाओं मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया और उन्हें भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन ऐप के उपयोग की भी उन्हें जानकारी दी गई। वहीं, वोटर आईडी बनाने को लेकर भी जागरूक किया।

### भूले भटके सब करें सनातन धर्म में वापसी : सुरजीत



**अनंत ज्ञान, ज्वालाजी।** जो भी लोग किसी भी मजबूरी में हिंदू धर्म को छोड़कर किसी अन्य समुदाय मजहब में चले गए हैं, उनका सनातन धर्म में घर वापसी पर हमेशा स्वागत किया जाएगा और हिंदू समाज उनको परिवार की तरह अपनाएगा। यह बात सुरजीत ठाकुर ने ज्वाला जी निवासी किन्नर गुड्डी की घर वापसी के कार्यक्रम के अवसर पर कहे। शोभानंद गिरि ने गुड्डी को सनातन धर्म में वापसी पर आशीर्वाद दिया और हर प्रकार से सुरक्षा और सहयोग देने का आश्वासन दिया और गुड्डी को नया नाम नीलम दिया। इस कार्यक्रम में हमीरपुर और देहरा के किन्नर समुदाय की संरक्षक संजू बाबा ने भी भाग लिया।

### श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 24 छात्रों का चयन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मास्यूटिकल उद्योग में प्रसिद्ध अंतरराष्टीय कंपनी अल्टिय मेडिकल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स के विभिन महाविद्यालयों व पठानकोट सी अनेक संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी प्रेजेंटेशन, ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इंटरव्यू के बाद 24 छात्रों का चयन किया गया।

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में सम्मान समारोह

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन और प्राचार्या ने नवाजा। डायरेक्टर सनी महाजन ने कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी सफलता की नई ऊंचाइयां छू रहे हैं।

# स्वास्थ्य संस्थान में अहम भूमिका निभाता नर्सिंग स्टाफ : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य के लगभग 50 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए गए हैं। इन स्वास्थ्य संस्थानों में छह-छह विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



यह संस्थान चरणबद्ध तरीके से सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे। यह बात डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज में नर्सिज वीक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कही। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ किसी भी स्वास्थ्य संस्थान की रीढ़ होती हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ को हरसंभव सुविधा मुहैया करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, बाली ने कलेड़ में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्थानीय पाठशाला में जल्द शौचालय बनाने के निर्देश दिए।

### राजियाना में नए ट्यूबवेल की दी सौगात

**आरएस** बाली ने राजियाना में ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। गांवों की समस्याओं के अनुरूप उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा गांव को नया ट्यूबवेल मिल जाने से इसका लाभ गांव के चार गांवों के सैकड़ों लोगों को होगा और उन्हें पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने ओवरहेड वाटर टैंक और हेड पंप और रास्ते का कार्य करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### पंचरुखी की आशवी धीमान को आयुष्मान भारत सेवा रत्न अवॉर्ड





**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी की आशवी धीमान को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत दिवस पर आयुष्मान भारत सेवा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आशवी धीमान कांगड़ा जिले के पंचरुखी की रहने वाली है और आशवी मात्र 7 साल की है, वह दूसरी कक्षा में पढ़ाई करती है। आशवी ने मात्र 1 साल में 36 अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। पुरस्कार प्राप्ति के बाद अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा यह सम्मान मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है मैं हमेशा अपने प्रदेश की संस्कृति को संजोने और आगे बढ़ने का प्रयास करती रहूंगी।

# भारती विद्यापीठ स्कूल के बच्चों ने रखा अपना दबदबा बरकरार



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**भारती** विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ के बच्चों ने जमा दो की परीक्षा में भी प्रदेशभर में अपना दबदबा बरकरार रखा है।

छात्रा जाह्नवी ठाकुर ने 483 अंक हासिल किए हैं। वह भविष्य में कंप्यूटर साइंस इजीनियर बनना चाहती हैं, उनके पिता जसवंत सिंह मर्चेंट नेवी में है और उनकी माता श्यामली गृहिणी है। जाह्नवी ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन के मार्गदर्शन तथा परिजनों को दिया है। वहीं, तृतीय स्थान पर रही छात्रा कनिका ने 482 अंक हासिल किए हैं। वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। वहीं, छात्रा रिया रांगड़ा ने भी 482 अंक हासिल किए हैं। वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। छठे स्थान पर प्रिया ने 479 अंक हासिल किए हैं व डॉक्टर बनना चाहती है। सातवें स्थान पर रही छात्रा कशिश ने 478 अंक हासिल किए हैं व डिफेंस सर्विसेज में जाना चाहती हैं। आठवें स्थान पर रही छात्रा अर्शिया ने 477 अंक लिए और वैज्ञानिक बनना चाहती है। छात्रा गौरी सूद ने भी 477 अंक हासिल किए व डॉक्टर बनना चाहती है। आठवें स्थान पर रही छात्रा मुस्कान ने 477 अंक हासिल किए हैं। वह भी डॉक्टर बनना चाहती हैं। 476 अंक लेकर इप्शिता जम्वाल व अक्षित राणा ने नौवें स्थान हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)

### पालमपुर के वैज्ञानिक करेंगे अंतरराष्ट्रीय पशु कल्याण कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वैज्ञानिक नीदरलैंड में अंतरराष्ट्रीय पशु कल्याण कांग्रेस में भाग लेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशुधन फार्म परिसर विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकज ठाकुर को नीदरलैंड के यूट्रेक्ट में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर एप्लाइड एथोलॉजी (आईएसएई) 2025 कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जो 4 से 8 अगस्त तक आयोजित हो रही है।

डॉ. ठाकुर पशु व्यवहार और कल्याण विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिष्ठित 'अंतरराष्ट्रीय यात्रा पुरस्कार' से सम्मानित किया है। 1,555 पाउंड (लगभग 1.77 लाख रुपए) की राशि का यह पुरस्कार 'यूनिवर्सिटीज फेडरेशन फॉर एनिमल वेलफेयर, इंग्लैंड' और इसके 'कांग्रेस अटेंडेंस फंड' की ओर से जारी किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजस्व मामलों का तीव्रता से करें निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला में राजस्व मामलों को लेकर विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। इसमें लंबित मामलों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि लंबित मामलों के निपटारे के लिए सभी एसडीएम प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें। लंबित मामलों की औपचारिकताएं पूरी करने में देरी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से भी कुछ मामले लंबित हैं और यह एक चिंताजनक विषय है। फील्ड स्टाफ और अधिकारी ऐसे मामलों को लेकर विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही सभी राजस्व अधिकारी भूमि की रजिस्ट्री के मामलों को क्रॉस वेरीफाई अवश्य करें। उपायुक्त ने जिला में भूमि अतिक्रमण के मामलों को लेकर राजस्व अधिकारियों के लापरवाह भरे रवैये पर चिंता जाहिर की है। उपायुक्त ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रियान्वयन के लिए मौजूदा स्थिति अवश्य रखे।

### एसएचजी ग्राम संगठनों का खुला कार्यालय

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** भारत व प्रदेश सरकार के पीआरआई-सीबीओ कन्वर्जेंस प्रोजेक्ट के तहत जुन्गा में नारी शक्ति और नारी एकता ग्राम संगठन के कार्यालय ने शनिवार को कार्य करना आरंभ कर दिया है। जिसका शुभारंभ प्रधान ग्राम पंचायत जुन्गा बंसी लाल कश्यप ने किया। इस मौके पर केरल से आई प्रोजेक्ट की मेंटोर एवं रिसोर्स पर्सन डेजी राजू, मेंटोर सुनिता, एलआरपी प्रीति व सुमन सूद भी मौजूद रही। प्रधान बंसी लाल ने कहा कि मशोबरा ब्लॉक में यह पहला ग्राम संगठन का अपना कार्यालय है जिसे स्थानीय पंचायत ने निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया है। इसके खुलने से स्वयं सहायता की महिलाओं को एक छत के नीचे अपना कारोबार व बैठक इत्यादि करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

### वन अधिकार अधिनियम मामलों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) को लेकर समीक्षा बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में गई, इसमें विभिन्न मामलों में वन अधिकार अधिनियम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त, अन्य कई मामलों को लेकर फिर से विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके समिति के समक्ष रखेंगे। इस बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, एसडीएम शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा, एसडीएम शहरी ओशिन शर्मा, एसडीएम रोहड़ू धर्मेश, डीएफओ पवन कुमार, जिला परिषद सदस्य उज्जवल सैन मेहता, कौशल मुंगटा और लता वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### जनेडघाट स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जनेडघाट का 12वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्य डॉ. सोहन रांटा ने बताया कि पाठशाला के कुल दस विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में भाग लिया था और सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। इसमें दीक्षा ने 500 में से 436 अंक लेकर प्रथम, निकिता ने 425 अंक लेकर दूसरा और आदित्य ने 386 अंक लेकर तीसरा स्थान स्कूल में प्राप्त किया। बेहतरीन परिणाम आने पाठशाला में खुशी का महौल है। प्रधानाचार्य ने पाठशाला के सभी अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी है ।

### देवत स्कूल की चेष्टा ने झटका पहला स्थान

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देवत में दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में चेष्टा तालटा ने 95 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आकाश भारद्वाज ने 92 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भूमिका ने 90 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्र सानवी तालटा ने 89, पूर्वी ने 84 व चेष्टा चौहान ने 80 अंक हासिल किए। इस शानदार परिणाम के लिए प्रधानाचार्य सुरेन्द्र चौहान ने एसएमसी, अभिभावक वर्ग एवं अध्यापक वर्ग को सराहनीय सहयोग के लिए बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# नालियों में पानी की निकासी रखें सुचारु

## मॉनसून तैयारियों की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, नगर निकायों को दिए निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



**प्रदेश** सहित जिला में मॉनसून की आहट को देखते हुए जिला प्रशासन शिमला ने आवश्यक कदम उठाने की तैयारी कर ली है। मॉनसून तैयारियों की समीक्षा बैठक में शनिवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप ने लोक निर्माण विभाग, नगर निकायों को निर्देश दिए, कि अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नालियों में बरसात के दिनों में पानी की निकासी सुचारू रखने के लिए कार्य करें। डीडीएमए, आईएमडी, डैम प्रबंधन सहित विद्युत विभाग को आपदा के समय सूचना तंत्र को प्रभावी रखने के निर्देश दिए।

सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का चयन करें। इसके अलावा, आवश्यक वस्तुओं के भंडारण को लेकर भी विस्तृत तैयारियों की जाए। जिला में रिलीफ और रेस्क्यू टीम का गठन एवं तैनाती की जाएगी। आपदा के समय सभी पैरामिलिट्री फोर्सेज के साथ समन्वय स्थापित करें। इसके अतिरिक्त, आपदा से हुए नुकसान की रिपोर्टिंग तुरंत करने की प्राथमिकता सुनिश्चित करें। मानसून के समय ट्रैकिंग व धार्मिक यात्राओं के लिए नियमों का पालन सख्ती से पालन सुनिश्चित करवाया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि सभी एसडीएम आपदा के समय तुरंत करवाई करने की कार्यशैली को अपनाए। रेस्क्यू और रिलीफ कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं होगी। अगर किसी भी प्रकार की देरी पाई गई तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र का एसडीएम ही जिम्मेदार होगा। उपमंडल स्तर पर सूचना तंत्र मजबूत करने की दिशा में एसडीएम कार्य करें ताकि प्रशासन के पास सही व तुरंत सूचना पहुंच सके। (अनंत ज्ञान)

### सभी एसडीएम अपने स्तर पर करेंगे बैठक

**मॉनसून** की तैयारियों को लेकर सभी एसडीएम अपने-अपने स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। ताकि, एडवांस में प्रशासन और जनता सतर्क रह सके। वहीं सभी एसडीएम को आपदा से निपटने के लिए विशेष प्लान बनाने के निर्देश दिए गए।

### एनजीओ व समाजसेवियों से सहयोग की अपील

**उपायुक्त** अनुपम कश्यप ने कहा कि आपदा के समय पुनर्वास के लिए मदद करने वाली एनजीओ और समाजसेवियों से अपील है कि संबंधित एसडीएम और प्रशासन के दिशानिर्देशों के अनुसार ही सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस वजह से अधिकांश समय प्रभावितों तक एक समान लाभ मिलने में दिक्कत पेश आती है। प्रशासन के सहयोग से जब एनजीओ सहायता प्रदान करती है तो सबको एक समान लाभ मिल पाता है।

### विभिन्न विभागों के अधिकारी भी रहे मौजूद

**बैठक** में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा सहित सभी उपमंडलाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सभी संस्थानों में चुनावी साक्षरता को लेकर चला अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तहत सभी स्कूलों कक्षा नवीं से बारहवीं तक, सभी महाविद्यालयों, सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत चुनावी साक्षरता क्लब के तहत विभिन तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल में इसी अवसर पर 65 जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ लोक राज सहायक प्रोफेसर व निर्वाचन विभाग की ओर से चंद्र कांत निर्वाचन कानूनगो और चंदन शर्मा मौजूद रहे। निर्वाचन कानूनगो द्वारा छात्रों को निर्वाचन पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया कि कैसे वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदाता सूची में बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन ऐप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल आदि ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों माध्यम से फॉर्म छह भर कर अपना नाम शामिल कर सकते हैं।

# दीशिका मेहता ने पूरे प्रदेश में हासिल किया 9वां स्थान



**दशमी रावत, रोहड़ू**

**एसडीएवी** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहड़ू की होनहार छात्रा दीशिका मेहता ने बारहवीं कक्षा के मानविकी संकाय की बोर्ड परीक्षा में 500 में से 476 अंक पाकर पूरे प्रदेश में 95.2 फीसदी के साथ 9वां स्थान हासिल किया है। दीशिका मेहता रामपुर बुशहर के शरन गांव की निवासी है। दीशिका के पिता कुलदीप मेहता स्कूल में हिंदी के प्रवक्ता हैं और मां शीला मेहता जेबीटी टीचर है। अनंत ज्ञान से बातचीत में दीशिका ने बताया कि स्कूल के बाद घर पर वह हर दिन चार से पांच-घंटे पढ़ाई करती है। दीशिका का उद्देश्य आगे जाकर असैनिक सेवाओं की तैयारी कर आईएएस अधिकारी बनना है। दीशिका की बड़ी बहन एमबीबीएस पास कर चुकी है और अब पीजी के पेपर की तैयारियां कर रही है। स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र भारद्वाज ने छात्रा की इस उपलब्धि पर शुभकामनएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### कुमारी सोनम ने झटके 79 प्रतिशत अंक



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टूटीकंडी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी रहा है। 10 में से 7 छात्रों ने प्रथम श्रेणी तथा तीन छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की है। कुमारी सोनम ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, धर्मेंद्रने 76 प्रतिश अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व हेमंत ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी है

### सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में मयंक प्रथम



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा शनिवार को जमा दो का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी के छात्रों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विद्यालय स्तर पर पहला स्थान मयंक शर्मा ने 452 अंक प्राप्त, द्वितीय स्थान सईदिया रहमान ने 450 अंक व तृतीय स्थान हर्षिता ने 417 अंक प्राप्त करके प्राप्त किया। विद्यालय परिवार एवं प्रबंधक समिति सहित क्षेत्र में में बच्चों की उपलब्धि के लिए खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सुन्नी के दक्ष शर्मा ने प्रदेश में कला संकाय में झटका नौवां स्थान

**महेंद्र सिंह, सुन्नी।** हिमाचल शिक्षा बोर्ड द्वारा जमा दो कक्षाओं का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। परीक्षा परिणामों में पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी के विद्यार्थियों दक्ष शर्मा ने कला संकाय में 94.6 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में नौवां स्थान प्राप्त किया0। एक खास बातचीत में दक्ष ने बताया कि माता और गुरुजनों के अथक प्रयासों से ये मुकाम हासिल कर पाया है। उन्होंने बताया कि उनका इच्छा अधिवक्ता बन आमजन की सेवा कर समाज में एक रुतबा कायम करने का है। बता दें कि दक्ष के पिता का देहांत हो चुका है और माता गृहणी है। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहे दक्ष ने स्कूल सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है और दक्ष की सफलता को लेकर पूरे सुन्नी क्षेत्र में खुशी का माहौल है । (अनंत ज्ञान)



# चायल कोटी कॉलेज में हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा



**बाबू राम चौहान, जुन्गा**

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति, 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेशन विषय पर राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय डिग्री कॉलेज के अतिरिक्त अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी एवं राजकीय महाविद्यालय ठियोग ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह संगोष्ठी शिक्षक वर्ग के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने संगोष्ठी में आए सभी विद्वतजनों एवं अन्य महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ताओं के रूप में प्रदेशभर से विद्वान आमंत्रित किए गए थे। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के संस्कृत विद्वान डॉ. ओम प्रकाश शर्मा में मुख्य वक्ता रहे। इन्होंने भारत की महान ज्ञान परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में एचपीयू के डीन ऑफ स्टडीज डॉ. बीके शिवराम ने नई (राष्ट्रीय) शिक्षा नीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और बताया कि विवि सभी कॉलेजों को साथ लेकर इस नीति को लागू करने के लिए अपनी पूरी तैयारियां कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

# मिनर्वा की प्रांजल ने 481 अंक लेकर झटका प्रदेश में चौथा स्थान

## प्रांजल राणा का सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



मिनर्वा स्कूल प्रबंधन ने प्रदेशभर में चौथा स्थान हासिल करने पर प्रांजल को बधाई दी।

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित जमा दो (साइंस संकाय) परीक्षा परिणाम की टॉप टेन मेरिट सूची में मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं की प्रांजल राणा ने 481 अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। साइंस संकाय में जिले में टॉपर रही। प्रांजल ने यह मुकाम हासिल कर मिनर्वा स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन व परिजनों में खुशी है।

प्रांजल राणा बेहल कंडेला, की रहने वाली है। प्रांजल राणा का सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना है। प्रांजल के पिता पवन कुमार लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन हैं, जबकि माता राज कुमारी गृहिणी हैं। प्रांजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया है। प्रांजल ने रोजाना 5 से छह घंटे तक पढ़ाई की। प्रांजल से बातचीत करने पर उसने बताया कि शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ चुकी है। किसी भी फील्ड ने संघर्ष के बिना मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। शिक्षा ग्रहण कर रहे हर छात्र में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ रहती है। प्रांजल ने कहा कि वह अपनी सफलता से खुश है और अपनी सफलता का श्रेय खासकर अपने शिक्षकों व परिजनों को देना चाहती हूं, जिन्होंने मेरा सही से मार्गदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

### घुमारवीं कन्या स्कूल की दो छात्राओं ने टॉप टेन में बनाई जगह



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित जमा दो के वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं का दबदबा रहा। कला संकाय में दो छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। आरती शर्मा ने 473 अंक प्राप्त कर 9वां स्थान प्राप्त किया। खुशी भारद्वाज ने 472 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। आरती शर्मा घुमारवीं के कल्याणा गांव की रहने वाली है और इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देती है।

आरती के पिता कमल शर्मा ड्राइवर है, जबकि माता मीना शर्मा गृहिणी है। खुशी भारद्वाज घुमारवीं के लुहारवीं गांव की रहने वाली है। खुशी के पिता परमजीत सिंह मिस्त्री का काम करते हैं, जबकि माता सुकन्या गृहिणी है। खुशी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को दिया है। उसका कहना है कि उसने पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता दी और किसी विषय को समझने में जितना भी समय लगता था, वह उतना समय देती थी।

### भारत-पाक युद्धविराम पर केंद्र सरकार दे स्पष्टीकरण: कौशल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बिलासपुर के लेक व्यू कैफे में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि युद्धविराम के पीछे आखिर कौन-सा समझौता हुआ है और किन शर्तों पर यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जब भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति बनी थी, तब देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री के साथ खड़ी थी, लेकिन अब युद्धविराम की घोषणा के तरीके और उसकी पारदर्शिता को लेकर जनता निराश और आहत है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देशवासियों को सच्चाई बतानी चाहिए कि आखिरकार किस समझौते के तहत यह विराम लागू किया गया। प्रेम कौशल ने आरोप लगाया कि इस निर्णय से भाजपा की ओर से दिखाया गया राष्ट्रवाद केवल एक राजनीतिक मुखौटा साबित हुआ है। देश की जनता अब इस बात को लेकर सवाल कर रही है कि सरकार ने इतनी गंभीर स्थिति में पारदर्शिता क्यों नहीं बरती। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संदीप सांख्यान और नौणी पंचायत की प्रधान निर्मला राजपूत भी उपस्थित रहीं।

### कृषि में भी रोजगार की संभावनाएं: हरिमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में ईको क्लब की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एप्पल नाम से विख्यात हरिमन शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। हरिमन शर्मा को राष्ट्रपति की ओर से गर्म क्षेत्र में सेब उत्पादन के लिए 'पद्म श्री अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। स्कूल के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने मुख्य अतिथि का शॉल एवं टोपी पहनाकर स्वागत किया। हरिमन ने संबोधित करते हुए कहा कि कृषि में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। नई पीढ़ी को केवल नौकरियों के पीछे नहीं भागना चाहिए, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी कदम बढ़ाना चाहिए। प्राचार्य पीएस ने कहा कि आज के समय में नई पीढ़ी का एक माइंडसेट है कि कृषि में संभावनाएं कम है, लेकिन हमारे मुख्य अतिथि ने इस सोच को बदलकर नई पीढ़ी के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

### रोहित बने हमीरपुर टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र के हरनोड़ा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले रोहित ठाकुर को हमीरपुर टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भारत सरकार के दूरसंचार विभाग की ओर से सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के पश्चात की गई है। रोहित की यह नियुक्ति 13 जुलाई, 2026 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। रोहित वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश की कार्यकारिणी में सचिव पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। बीते वर्ष उन्हें हमीरपुर लोकसभा सांसद व पूर्व में रहे केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की ओर से जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया था। रोहित ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल उनके लिए बल्कि पूरी पार्टी के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने राज्यसभा सदस्य डॉ. सिकंदर, प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# सिमरन ने मेरिट लिस्ट में झटका 10वां स्थान, डॉक्टर बनने का सपना



मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल करने पर सिमरन को मिठाई खिलाते अध्यापक।

**गोपाल कपिल, झंडूता**

**बिलासपुर** जिले के झंडूता उपमंडल के ऋषिकेश क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की छात्रा सिमरन कौर ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 475 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया है।

सिमरन कौर कोठी गांव की रहने वाली है। सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। वह बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही है और उनका सपना बड़ा होकर एक डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। शिक्षकों ने इस उपलिब्ध के लिए सिमरन को बधाई दी है।

सिमरन के पिता श्याम सिंह ने बताया कि बेटी की इस उपलब्धि पर उन्हें गर्व है और वे उसके डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने में हरसंभव मदद करेंगे। स्थानीय लोगों ने भी सिमरन को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। (अनंत ज्ञान)

### डफेर गांव में कुत्तों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**अनंत ज्ञान झंडूता।** झंडूता उपमंडल की डाहड पंचायत के डफेर गांव में पिछले 15 दिनों से आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। गांव के निवासी अनिल कुमार पुत्र रत्न लाल नड्डा ने बताया कि इन कुत्तों के कारण न केवल ग्रामीणों को रोजमर्रा की गतिविधियों में भारी परेशानी हो रही है। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों की जान को भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हाल ही में इन कुत्तों ने एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाया, जिसका इलाज अभी भी चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कुत्तों के झुंड कई बार लोगों पर हमला करने की कोशिश कर चुके हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में दहशत का माहौल है। खासकर सुबह और शाम के समय बच्चों का स्कूल आना-जाना जोखिम भरा हो गया है। अनिल ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन आवारा कुत्तों को पकड़कर गांव से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

### बछरेटू बाजार से शिव मंदिर तक चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के शाहतलाई क्षेत्र की कोरसिया पंचायत के बछरेटू बाजार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में विकास खंड अधिकारी (बीडीओ) झंडूता संजीव पुरी ने भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उनके साथ विकास खंड समन्वयक रमेश चंद भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान बछरेटू बाजार से शिव मंदिर तक सफाई कार्य किया गया, जिसमें प्लास्टिक कचरे को हटाने पर विशेष ध्यान दिया गया। पंचायत के उपप्रधान जयचंद के नेतृत्व में चलाए इस अभियान में नघ्यार पंचायत सचिव अमित, कोसरिया पंचायत के सचिव सुरम सिंह के साथ स्थानीय दुकानदारों ने योगदान दिया।

बीडीओ संजीव पुरी ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। उपप्रधान जयचंद ने कहा कि यह अभियान भविष्य में नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि बाजार क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके। दुकानदारों ने इस पहल की सराहना की। संजीव पुरी ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है।



कोरसिया पंचायत के बछरेटू बाजार में स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक इकट्ठा किया।

# डीसी ने नवाजे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी



बिलासपुर में दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते डीसी राहुल कुमार।

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से वीरवार को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बिलासपुर जिले की दो छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर शीर्ष तीन स्थानों में अपना स्थान सुनिश्चित कर जिले का नाम रोशन किया है।

डीसी कार्यालय के बचत भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने तीन मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। आरके सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घांडलवीं की छात्रा रिद्धिमा शर्मा ने 99.29 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं की छात्रा पर्णिका शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

गवर्नमेंट हाई स्कूल सिलह के एक छात्रा ने 98.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला के सरकारी विद्यालयों में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर इन सभी विद्यार्थियों को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। डीसी ने कहा कि यह बिलासपुर जिले के लिए गर्व का विषय है कि प्रदेश की टॉप तीन मेरिट सूची में दो छात्राएं बिलासपुर से हैं। सहायक आयुक्त नरेंद्र आहलूवालिया ने मेधावी बच्चों एवं उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी। वहीं, अधिकारियों ने बच्चों के साथ अपने-अपने क्षेत्र और शैक्षणिक अनुभवों को साझा किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बनीखेत स्कूल का रिजल्ट 94 प्रतिशत रहा

**तलविंद्र सिंह, डलहौजी।** हिप्र शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बाहरवीं कक्षा के परिणाम में बनीखेत स्कूल का परिणाम 94 प्रतिशत रहा। स्कूल के कुल 95 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें विद्यार्थियो 89 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कला संकाय में 61 में से 56 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की। कला संकाय में कीर्ति ने 442 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अनामिका 441 अकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। भावना ने 436 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें रिशी ने 436 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया, मयंक शर्मा 401 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथआ अंजली देवी ने 380 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में अभय ने 437 अंक लेकर प्रथम स्थान, सोनल ने 423 अंकों के साथ द्वितीय व सलोनी ने 422 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



### हिमालयन स्कूल चुवाड़ी की तनिशा प्रथम

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निकाले गए 12वीं के परीक्षा परिणाम में हिमालयन स्कूल के छात्रों ने 10वीं के परीक्षा परिणाम की तरह अपना दबदबा कायम रखा। कुल 42 छात्रों में से 23 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और शेष सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इसमें तनिशा महाजन ने 92.2 अंक लेकर विज्ञान संकाये में प्रथम, अरुण सिंह ने 89 अंक लेकर दूसरा और पार्षव ने 88 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कला संकाये में निहारिका भारद्वाज ने 91.6 अंक लेकर प्रथम, तनिजा व तनिजा ने 88 अंक लेकर द्वितीय और कनिष्ठा ने 86.4 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्रिंसिपल दिनेश शर्मा ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### अवान स्कूल की अर्वंतिका ने झटके 420 अंक

**अनंत ज्ञान, बकलोह।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निकाले गए 12वीं के परीक्षा परिणाम में अवान स्कूल की अवंतिका ने 500 में से 420 अंक प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ व अभिभावकों ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नगाली स्कूल की शबनम कुमारी फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निकाले गए 12वीं के परीक्षा परिणाम में नगाली स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। जिसमें स्कूल के कुल 19 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 16 विद्यार्थी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुआ। कला संकाय में शबनम कुमारी 396 अंक लेकर प्रथम, साक्षी देवी 394 अंक लेकर द्वितीय और अरुण कुमार और स्नेहा ने 390 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। संदीप राज ने समस्त विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाई दी है।



### मुझे मंत्री बनने की इच्छा नहीं, मैं मौजूदा जिम्मेदारी से खुश हूं: कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वह अपनी मौजूदा जिम्मेदारी से खुश हैं और उन्हें मंत्री बनने की कोई इच्छा नहीं है। यह बयान ऐसे समय में आया है। जब उन्हें सुक्खू मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा जोरों पर है। कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को विधानसभा परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बयान दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी। पठानिया ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपना पराक्रम और शौर्य प्रदर्शित किया है। पूरे देश को भारतीय सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया है और दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया है। जिसके बाद सेना के आगे अब दुश्मन आंख उठा कर भी नहीं देख सकता है।



# चंबा को तय समय में मिलेगा मिनी सचिवालय का तोहफा

## विधायक ने किया स्थल का निरीक्षण, विकास कार्यों को मिली रफ्तार

**आरके सहगल, चंबा**



**चंबा** सदर के विधायक नीरज नय्यर ने शनिवार को प्रस्तावित मिनी सचिवालय स्थल का निरीक्षण किया और इसके त्वरित निर्माण की दिशा में अहम कदम उठाया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दिनेश, एसडीओ वीरेंद्र व जेई भास्कर सहगल भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के पश्चात विधायक नय्यर ने विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर निर्माण कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कई प्रभावी योजनाएं तैयार कीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह प्रोजेक्ट तय समय सीमा में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। विधायक नीरज नय्यर ने कहा कि मैं जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूं और जनता की समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। जनता ने जो विश्वास और स्नेह मुझे दिया है, उसका ऋण मैं विकास कार्यों के माध्यम से चुकाऊंगा। मेरी कोशिश है कि हर व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचे और चंबा विधानसभा एक आदर्श क्षेत्र के रूप में स्थापित हो।

उन्होंने कहा कि अपने चंबा विधानसभा क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए मैं पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा हूं और जनता के सहयोग से अपने क्षेत्र को आदर्श और उन्नत बनाने की दिशा में सतत प्रयासरत रहूंगा। यह मिनी सचिवालय न केवल प्रशासनिक सुगमता बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के नागरिकों के लिए सुविधा और पारदर्शिता का एक मजबूत केंद्र बनेगा। (अनंत ज्ञान)

## डलहौजी पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान: मनीष सरीन



**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने प्रेसवार्ता में हिमाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री आरएस बाली का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग का शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित होना एक दूरदर्शी निर्णय है, जिससे डलहौजी व कांगड़ा क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। मनीष सरीन ने हाल ही में पर्यटन मंत्री से मुलाकात कर डलहौजी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस सुझाव भी प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में एयरस्ट्रिप रनवे, वॉटर एयरोड्रोम और हेलीपोर्ट्स जैसी स्विफ्ट ट्रांसपोर्ट सुविधाओं को तेजी से विकसित किया जाए, तो डलहौजी में पर्यटकों की आमद में बड़ा इजाफा संभव है।

## घर में सीढ़ियों से गिरा फॉरेस्ट गार्ड, मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ग्राम पंचायत ब्रेही में शुक्रवार देर रात फॉरेस्ट गार्ड की घर में सीढियों से फिसल कर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक नेक सिंह ठाकुर फॉरेस्ट बीट छतराडी में बतौर फॉरेस्ट गार्ड कार्यरत था। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर रात खाना खाने के बाद नेकराज अपने घर में सो गया था। देर रात वह घर की छत पर टहल रहा था कि अचानक सीढ़ियों से नीचे उतरते समय पैर फिसलने से ही मौके पर उसकी मौत हो गई। सुबह जब उसके घर वालों ने देखा तो वह मौके पर मृत पड़ा हुआ था। घर वालों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस चौकी गैहरा को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भरमौर ले जाया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ भरमौर बाबूराम ने कहा है कि उन्हें सूचना मिली है की ब्रेही में एक व्यक्ति की घर की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई है। पुलिस को मौके पर भेज दिया गया है पुलिस ने शव को कब्जे में ले दिया है और पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। दुर्घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है।

## 30 लाख का क्लेम सेटलमेंट लेटर दिया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा डलहौजी के शाखा प्रबंधक पवन कुमार ने बताया कि स्व रमेश कुमार जिन्होंने की केयर हेल्थ इंश्योरेंस करवा रखी थी और उसकी किसी दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक चंदन अरोड़ा, सहयोगी क्लस्टर प्रबंधक राजेश कुमार और बैंक के अन्य लोगों की मौजूदगी में स्व रमेश कुमार की पत्नी निर्जला देवी को 30 लाख का क्लेम सेटलमेंट लेटर दिया।

## भरमौर की बड़ग्राम में उड़ी घर की छत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** बड़ग्राम पंचायत के कुठार गांव में तूफान के कारण एक घर की छत उड़कर लगभग पचास मीटर दूर जा गिरी। गनीमत रही कि इस की चादर की चपेट में कोई भी आया अन्यथा कोई भी अनहोनी हो सकती थी। कुठार गांव के संजय कुमार पुत्र तानी राम के घर की छत उड़ी है।

## आश्वासन के बाद अनशन किया समाप्त

**ओपी शर्मा, भरमौर।** पिछले दो दिनों से लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय के बाहर अनशन पर बैठे भरमौर पंचायत के वार्ड सदस्य अनीश शर्मा ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। भरमौर मंडल के नव नियुक्त अधिशाषी अभियंता संजय शर्मा के आश्वाशन के बाद उन्होंने अपना अनशन समाप्त किया है। राय बहादुर जोधा मल द्वारा निर्मित भरमौर चौरासी मंदिर परिसर में ऐतिहासिक पनघट के अधूरे पड़े मुरम्मत कार्य के पूरा न होने से नाराज अनीश शर्मा पिछले तीन दिनों से अनशन पर बैठा था। इसका निर्माण कर रही एमसीसी कंपनी तथा विभाग के खिलाफ भरमौर तथा जिला प्रशाशन के आगे भी गुहार लगा चुका था। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि उनकी समस्या का समाधान कर दिया गया है। एक सप्ताह के भीतर ऐतिहासिक पनघट का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## लघु बचत योजनाओं को लेकर चलाएं जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश लघु बचत के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद करड़ की अध्यक्षता में लघु बचत योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त चंबा मुकेश रेसपवाल ने विशेष रूप से भाग लिया और उपाध्यक्ष का पारंपरिक शाल, टोपी व चंबा थाल भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में लघु बचत योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिकर्ताओं की भूमिका और उनसे जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष करड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लघु बचत योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने जिले में एक प्रमुख स्थान पर लघु बचत से संबंधित होर्डिंग स्थापित करने के निर्देश भी दिए, जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं के प्रति जागरूक हो सकें। प्रकाश चंद करड़ ने कहा कि आम जनता के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लघु बचत योजनाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# पांगी घाटी के जनहित में जिप वार्डों के पुनर्गठन की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पांगवाल** एकता मंच, पांगी ने जिला परिषद वार्डों के हालिया सीमांकन प्रस्ताव को लेकर अपनी आपत्तियां और सुझाव उपायुक्त चंबा मुकेश को प्रेषित किए हैं। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में विकास खंड पांगी के संदर्भ में जिला परिषद वार्ड 'कार्यस' के नाम एवं भौगोलिक विस्तार पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। पांगवाल एकता मंच ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि वे इस प्रस्ताव को वस्तुनिष्ठता और क्षेत्रीय यथार्थ के आधार पर पुन: विचार कर आवश्यक संशोधन करें।

### आपत्तियां और सुझाव

**वार्ड का नाम परिवर्तन:** मंच ने मांग की है कि प्रस्तावित जिला परिषद वार्ड 'कार्यस' का नाम 'किलाड़' किया जाए, क्योंकि किलाड़ पांगी उपमंडल का मुख्यालय है और प्रशासनिक दृष्टि से अधिक उपयुक्त है।

**भौगोलिक दायरे की चुनौती:** वर्तमान प्रस्ताव में वार्डों की सीमा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आधार पर तय की गई है, जो पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों वाले पांगी जैसे जनजातीय क्षेत्र के लिए व्यावहारिक नहीं है। पांगी घाटी की भौगोलिक स्थिति, सीमित संचार साधन और दुर्गम मार्गों को ध्यान में रखते हुए मंच ने इस सीमांकन पर पुनर्विचार की मांग की है।

**दो जिला परिषद वार्डों का गठन आवश्यक:** पांगी घाटी के 1595 वर्ग किमी में फैले भूभाग एवं 19 पंचायतों के प्रशासनिक, भौगोलिक व सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए मंच ने दो जिप वार्डों के गठन का सुझाव दिया है।

## जिप वार्डों के सीमांकन पर घमासान

**चंबा।** जिले में हाल ही में हुए जिला परिषद वार्डों के सीमांकन को लेकर विरोध की आवाजें तेज हो गई हैं। जनप्रतिनिधियों ने इसे जनभावनाओं और भौगोलिक वास्तविकताओं के खिलाफ बताया है। करियां, वक्तपुर और तीसा क्षेत्र के नेताओं ने खुलकर सीमांकन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और तत्काल सुधार की मांग की है। जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार मनु ने करियां वार्ड को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिप वार्डों का सीमांकन मानचित्र और जनसंख्या के आधार पर किया जाना चाहिए, लेकिन इस बार की प्रक्रिया में भौगोलिक दिशा और पंचायत क्षेत्रों का पूरी तरह से उल्लंघन हुआ है। करियां वार्ड की पंचायतें एक ही दिशा और विकास खंड (मैहला) के अंतर्गत आती हैं। ऐसे में किसी भी तरह की छेड़छाड़ पूर्णतः अनुचित है। वहीं जिप अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने वक्तपुर वार्ड को खत्म किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वक्तपुर वार्ड को समाप्त करना जनहित के विरुद्ध है। यह निर्णय केवल गलत नहीं बल्कि पंचायतों की राजनीतिक और सामाजिक पहचान को भी ठेस पहुंचाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस वार्ड को पूर्व की तरह बहाल रखा जाए और आवश्यकता अनुसार पंचायतों को सुनारा वार्ड से समायोजित किया जा सकता है। त्रिलोक कुमार, बीडीसी सदस्य व जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य ने तीसा विकास खंड में एक नया वार्ड जोड़ने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज नियमों के अनुसार प्रत्येक जिला परिषद वार्ड की न्यूनतम जनसंख्या 25,000 होनी चाहिए। लेकिन तीसा ब्लॉक के सनवाल (38,146) और चांजू (37,601) वार्डों की कुल जनसंख्या 75,747 है, जो अब तक बढ़कर एक लाख तक पहुंच चुकी होगी। यह स्पष्ट करता है कि इस क्षेत्र में एक अतिरिक्त वार्ड की नितांत आवश्यकता है। तीनों प्रतिनिधियों ने मांग की है कि सीमांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, वैज्ञानिक और जनहितकारी बनाया जाए, जिससे न सिर्फ पंचायतों की पहचान बनी रहे बल्कि जनप्रतिनिधित्व भी संतुलित और न्यायसंगत रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चरुड़ी
### विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज की बैठक में अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा व सर्व सहमति से पारित किया गया कि ग्राम पंचायत चरुड़ी के विकास कार्यों वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके लिए इच्छुक ठेकेदारों / सप्लायर / व्यक्ति दिनांक-18/05/2025 से 22/05/2025 को 12:00 PM बजे तक पूर्ण रूप से भरी हुई अपनी निविदाएं डाक द्वारा पंचायत कार्यालय चरुड़ी में भेज सकते है। निविदाएं पंचायत कार्यालय में पंचायत द्वारा निर्माण कमेटी व निविदाताओं की उपस्थिति में दिनांक- 23/05/2025 को खोली जाएँगी। निविदाएं निम्न नियमों एंव शर्तो के आधार पर ही मान्य होंगी। **1.** सप्लायर के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या GST न. होना अनिवार्य है। **2.** सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की सर्टीफिकेशन के अनुरूप होगी। **3.** सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या सामग्री की गुणवता सही नहीं पाई जाती है, तो कार्यालय द्वारा उस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
**4.** पंचायत पदाधिकारियों एंव कर्मचारियों के परिवार से सम्बधित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगीं।
**5.** ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की आपूर्ति देय नहीं होगी। **6.** बिल / सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने पर सम्बधित जे. ई. व तकनीकी सहायक द्वारा कार्य का मूल्यांकन करने व माप पुस्तिका के आधार पर की जाएगी। **7.** सप्लायर यदि सामग्री आपूर्ति नियमानुसार नहीं कर पाता है, तो उसकी गत समय में की गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। **8.** सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी व निविदा को स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा। **9.** पारित निविदादाता x व w फार्म सामग्री की पूर्ति के साथ देना अनिवार्य होगा।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रेता क्रैशर | प्रति घन मीटर | - |
| 2 | बजरी क्रैशर (10, 12.5, 20,40 एमएम) | प्रति घन मीटर | - |
| 3 | ईट प्रथम श्रेणी | प्रति ईट | - |
| 4 | ईट द्वितीय श्रेणी | प्रति ईट | - |
| 5 | बोल्डर | प्रति घन मीटर | - |
| 6 | इंटर लोक टायल (केवल ISI मार्क) 40, 60,80एमएम | प्रति टायल | - |
| 7 | शट्रिंग (लकड़ी वाली) | प्रति वर्ग मीटर | - |
| 8 | शट्रिंग (स्टील वाली) | प्रति वर्ग मीटर | - |
| 9 | पानी का टैंक | प्रति टैंक(3000 लीटर) | - |
| 10 | मिक्चर मशीन (तेल सहित) | प्रति दिन | - |
| 11 | सीमेंट किराया (सिविल सप्लाई से कार्यस्थल तक) Including loading & Unloading | प्रति बैग | - |
| 12 | बोर्ड लिखाई (complete) | प्रति बोर्ड | - |

**प्रधान सचिव, ग्राम पंचायत चरुड़ी**
**विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**


# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चंबा की बेटी ने जीता कांस्य

## 56 किलोग्राम भार वर्ग में पदक जीतकर प्रदेश का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



विधायक नीरज नैय्यर ने खिलाड़ियों और कोच को हार्दिक बधाई दी

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 7वें संस्करण में प्रदेश की टीम के चंबा मुख्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिला चंबा की बेटी प्रियांशी जोशी की अद्वितीय उपलब्धि, जिन्होंने थांग-ता खेल के 56 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर न केवल अपने जिले, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने प्रियांशी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। साथ ही उन्होंने मुख्य कोच भुवनेश सिंह को खेल सुविधाओं के लिए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सदर विधायक नीरज नैय्यर ने खिलाड़ियों और कोच को हार्दिक बधाई दी और थांग-ता खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि इंफ्रास्ट्रक्चर की कुछ कमियां जरूर हैं, लेकिन इसके बावजूद चंबा के बच्चे किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। मैंने इस मुद्दे को लेकर सीएम से भी चर्चा की है और उम्मीद है कि जल्द ही इसमें सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

करियां के जिप परिषद मनोज कुमार और चंबा जिप की अध्यक्ष नीलम कुमारी ने किया बच्चों को और कोचों को बधाई दी। कोच विपन कुमार और भुवनेश सिंह कटोच ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का दिल से आभार व्यक्त करते हुए वादा किया कि आने वाले समय में वे और अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएंगे।

# स्कूटी सवार युवक पर गिरा पेड़, गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल के पास शनिवार को आए भारी तूफान के दौरान एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जो वहां से स्कूटी पर गुजर रहे एक युवक पर आ गिरा। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से पेड़ को हटाकर युवक को बाहर निकाला गया और निजी गाड़ी की मदद से तुरंत सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया। घायल युवक की पहचान राजमल ठाकुर के रूप में हुई है, जो बस्सी स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। आपातकालीन सेवाओं में तैनात डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। स्थानीय प्रशासन ने तूफान के कारण हुई अन्य क्षति का भी जायजा लेना शुरू कर दिया है।

### सूडोकु नवताल- 7432 (★★★★☆ कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7431 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |


**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पामलपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**
किस्म मुकदमा - तकसीम
मुकदमा न 63/NT/24
तारीख पेशी 26.05.2025
**मुकेश कुमार आदि बनाम नवीन चन्द आदि**
**समन बनामः** 1. नवीन चन्द पुत्र नरिन्द्र नाथ 2 ऋषि पटियाल पुत्र रविन्द्र पटियाल 3 कनिका पटियाल 4 जानवी पटियाल पुत्री रनवीर सिंह 6 अनु पुरी पुत्र मदन मोहन निवासी चन्दपुर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.
**विषयः-** भूमि तकसीम खाता न. 79 खतौनी न.275. खसरा किता-926/393 रकवा तादादी 0-63-07 हैक्ट. हैक्ट स्थित महाल व मौजा चन्दपुर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. जमाबन्दी वर्ष 2021-22
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब अदालती नोटिस मुश्तरी मुनादी द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 26.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 17/5/25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी**
**पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत काशन
### विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काशन विकास खण्ड गोहर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2025-26 कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 24/05/2025 अपराह्न 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 26/05/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।
**सामग्री का विवरण-** 1रेत (खड्ड/नदी)- प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रशर) -प्रति घन मीटर, 3. बजरी (खड्ड/नदी) -प्रति घन मीटर, 4. बजरी (कशर)10,20,40एमएम-प्रति घन मीटर, 5. पत्थर/कटस्टोन-प्रति पीस, 6. बोल्डर/सोलिंग-प्रति घन मीटर, 7.सैटरिंग व भवन सैटरिंग-प्रति वर्ग फुट/आरएमटी, 8. जे0 सी0 बी0 (जेसीबी कटिंग एवं ड्रेसिंग)जेसीबी(ब्रेकर)-प्रति घंटा, 9. पीवीसी पाइप- प्रति फुट, 10. सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से चैल-चौक से कार्यस्थल तक (लोडिंग/अनलोडिंग) सहित - प्रति बैग, 11. सरीया 8,10,12,16,20एमएम-प्रति क्विंटल, 12. टाइल (दीवार एवं फ्लोर)-प्रति पेटी, 13 सूचना बोर्ड पेंटिंग/दीवार लेखन पेंट सहित-प्रति वर्ग फुट, 14. एल्युमिनियम फैब्रिकेशन (प्रोवाइडिंग एंड फिक्सिंग)-प्रति वर्ग फुट, 15. एंगल लोहा, रेलिंग लोहा आदि- प्रति क्विंटल, 16 चादर कलर प्लेन-प्रति शीट (साइज अनुसार), 17 लकड़ी देवदार-प्रति फुट, 18 ईट-प्रति ईंट, 19.Material Shiffting by mule more then 500 meter - प्रति घन मीटर, 20 Cement Shiffting by mule more then 500 meter -प्रति बैग, 21 सीमेंट मिक्सचर-प्रति दिन, 22 बोल्डर कैरिज-per m³, 23 स्टील पाइप GI ½" to 5" -per पाइप, 24 अलकाथिन पाइप 1 to 5" -Per पाइप, 25 Light fitting-Per point, 26 LED Bulbs -per Bulb,27 Concrete Benches- Per Bench, **नियम व शर्ते निम्न प्रकार से होगी-** 1. निविदाएँ सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए 2. निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, तस्ञ्ज नंबर होना आवश्यक है। 3. ठेकदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगे। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है, वहां उपलब्ध करवानी होगी। 6. निविदा दाता को 30,000/- रूपये धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम FD प्लैज जमा करवानी होगी। 7. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 8. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उल्लेख करते समय TAX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है, उल्लेख न होने की स्थिति में TAX INCLUDE माना जाएगा। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 12. सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार/उपरान्त किया जाएगा।
**प्रधान सचिव, ग्राम पंचायत काशन वि.ख. गोहर, मंडी (हि.प्र.)**



## कार्यालय ग्राम पंचायत बाल्हडी
### विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाल्हडी में सभी विकास कार्य के लिए सामग्री लेने हेतु वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निम्न निविदाएं आमंत्रित की जाती है। खरीद किए जाने वाली सामग्री इस प्रकार से है- 1. रेत (खड्ड)-प्रति क्यूबिक मीटर, 2. बजरी (खड्ड) -प्रति क्यूबिक मीटर, 3. रेत (क्रशर)-प्रति क्यूबिक मीटर, 4. बजरी क्रशर (10,20,40एमएम)-प्रति क्यूबिक मीटर, 5. गटका 40एमएम, 6.ईट-प्रति ईंट, 7.कट स्टोन लोकल-प्रति पत्थर, 8.कट स्टोन गलमा /रिवालसर-प्रति पत्थर, 9. सरिया 8,10,12,16,20एमएम-प्रति किलो, 10. बोल्डर/चाखड़ा-प्रति क्यूबिक मीटर 11. शटरिंग -प्रति वर्ग मीटर, 12. मिक्चर मशीन-प्रति दिन, 13. हीउम पाइप NP-2 300mm, 450mm, 600mm & 900mm with Collar/ Without Collor.14. जेसीबी मशीन ब्रेकर सहित-प्रति घंटा, 15. इमारती लकड़ी-प्रति क्यूबिक मीटर,16.सीमेंट किराया चैल चौक से पंचायत स्टोर तक-प्रति बैग,17. सीमेंट वाल ब्लॉक (ambuja) 4,6,8 इंच-प्रति ब्लॉक, 18. CGI Sheet ISI Mark/Tata Mark 8 फुट, 10 फुट, 12 फुट-प्रति वर्ग मीटर, 19. स्केयर स्टील / एंगल -प्रति किलो, 20. साईन बोर्ड लिखाई 3×4,2×3 As Per Mnrega Guide Line -प्रति वर्ग मीटर, 21 सेरामिक टाइल्स फर्श व दीवार -प्रति वर्ग फुट, 22. wooden फ्लोर टाइल्स- प्रति वर्ग फुट, 23. प्लाई बोर्ड-प्रति बोर्ड, 24. पाइर्न बोर्ड- प्रति बोर्ड, 25. एंगल/पाइप /शीट छत निर्माण के लेबर रेट -प्रति किलो, 26. कट स्टोन गलमा चीजलड-प्रति पत्थर, 27. जीआई पाइप 15 एमएम से 80 एमएम- प्रति किलो, 28. जीम का सामान / Open Air Jim Item -Per Item, 29. बैंच लोहे / सीमेंट - प्रति बैंच। अतः इच्छुक फर्म / एजेंसी / व्यक्ति दिनांक 24/05/2025 तक किसी भी कार्य दिवस सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपनी निविदा/कुटेशन पंचायत कार्यालय में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा मु0 1500/रूपए निविदा फीस साथ के जमा कर सकते है। निविदाओं /कुटेशन को पंचायत कार्यसमिति के समक्ष दिनांक 26/05/2025 सुबह 11 बजे खोली जाएँगी। सभी फर्म / एजेंसी / व्यक्ति अपनी अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करें। **शर्ते निम्न प्रकार से है** -1) निविदा सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2) पंचायत बिना बताए निविदा रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। 3) सभी आवेदकों को पैन नंबर तथा GST नम्बर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 4) निर्माण सामाग्री कार्य स्थल / नजदीकी सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 5) ग्राम पंचायत क्षेत्रा अधिकार का एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामाग्री की अदायगी देय नही होगी। 6) सामग्री लेने का अंतिम मुल्य का निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदाताओं के साथ Negotiation अनुसार किया जायेगा। 7) निविदा दाता को निविदा के साथ 20000/ की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट भी पंचायत में जमा करनी होगी जो बाद में वापिस की जाएगी। सामाग्री की गुणवता अच्छी होनी चाहिए अन्यथा निविदा / कुटेशन रद्द की जाएगी। (8) सप्लायर को रेता बजरी व पत्थर के बिल के साथ रूForm जमा करवाना अनिवार्य है। अन्यथा अदायगी नहीं होगी जिसके आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। (9) निविदा फ़ीस मु0 1500/- पंचायत में जमा करनी होगी।
**प्रधान सचिव, ग्राम पंचायत बाल्हडी वि.ख. गोहर, मंडी (हि.प्र.)**


अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**रविवार, 18 मई 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** पंचमी (06:00): **नक्षत्र उत्तराषाढा** (06:53), **पक्षः** कृष्णा, **योग :** शुभ (06:41), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (05:24-07:06)।

### विशेष दिन

18 मई: सशस्त्र सेना दिवस आज।
18 मई: अंतराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस आज।

**मेषः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें।

**वृषः** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुनः** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**कर्क**:उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंहः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कन्याः** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**तुलाः** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिकः** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनुः** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ाएगा।

**मकरः** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**कुंभः** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**मीनः** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए, तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।


**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवम नायब तहसीलदार पामलपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
किस्म मुकदमा - तकसीम
मुकदमा नं. - 116/NT/24
तारीख पेशी - 28.05.2025
**विनय कुमार बनाम अशोक कुमार आदि**
**समन बनामः-** 2 सन्तोश कुमार 3 अश्वनी कुमार 4 कमल नैण पुत्रान किशोरी लाल पुत्र नन्द लाला निवासी महाल चचियां, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.
**विषयः-** भूमि तकसीम खाता न. 322 खतौनी न. 521 खसरा किता 5 रकवा तादादी 0-11-51 हैक्ट. स्थित महाल व मौजा चचियां, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2017-18
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमे प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 28.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 17/5/25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी**
**पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.**



## कार्यालय ग्राम पंचायत मसली
### विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मसली विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 19-05-2025 से 31-05-2025 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 02-06-2025 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।
**सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 9 पेंट व पुटी, 10 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 11 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 12 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।
**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्र प्रकार से हैः-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्तें दिनांक 02-06-2025 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।
**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मसली,**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**



## कार्यालय ग्राम पंचायत बैहना
### विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत बैहना में वित वर्ष 2025-26 में विकास कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 21/05/2025 को सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत बैहना के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिएं। निविदाएं दिनांक 22/05/2025 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत की क्रय कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम पंचायत बैहना के कार्यालय में खोली जाएंगी।
**सामग्री का विवरण:** (1) रेत खडड/नदी (प्रति घनमीटर) (2) रेत कैशर (प्रति घनमीटर) (3) बजरी खडड नदी 10 एमएम 20 एमएम 40 एमएम (प्रति घनमीटर) (4) बजरी कैशर 10 एमएम 20एमएम 40 एमएम (प्रति घनमीटर) (5) बोल्डर (प्रति घनमीटर) (6) पत्थर तोड़ान (प्रति चटटा) (7) पत्थर ढोलान-(प्रति चटटा), (8) आरसीसी पाईप व कलवट 300 एमएम 450 एमएम 600 एमएम 900 एमएम प्रति नम्बर (9) जेसीबी (बकेट/ब्रैकर) हेतू (प्रति घंटा) (10) सीमेंन्ट टाईलस सभी आकार (प्रति नम्बर) (11) स्टील 8 एमएम/ 10एमएम/ 12 एमएम/ 16 एमएम (प्रति किलोग्राम) (12) एंगल व शीटें (प्रति किलोग्राम) (13) वाल राईटिंग तथा साईनबोर्ड (संख्या) (14) सीमेंट ढुलान गाड़ी द्वारा पंचायत मुख्यालय तक (प्रति बैग) (15) एलकाथीन, पीवीसी, व जीआई पाईपस सभी प्रकार (प्रति कि.ग्रा./प्रति संख्या) (16) लकड़ी सभी प्रकार (प्रति घनमीटर) (17) सेब आदी के सभी प्रकार के पौधे (प्रति पौधा) (18) CGI Sheet, Repainted CGI Sheet 0.63mm,0.80 mm (प्रति कि.ग्रा.) (19) कंक्रीट मिक्स्चर (प्रति बेग) (20) शटरिंग (प्रति पिलर) (21) Gyser, Fan, Switches and all kind of electric/electronics items.
**नियम व शर्ते-** (1) निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएंगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं की जाएंगी। (2) निविदादाताओं के पास अपना पैन संख्या व जीएसटी होना अनिवार्य है। (3) ठेकेदार/आपूर्तीकर्ताओं को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम-फार्म जमा करवाने होगें। एम-फार्म उपलब्ध न होने पर सामग्री संबंधित रायलटी नियमानुसार काटी जाएगी (4) सामग्री की आपूर्ती लोक निर्माण विभाग की स्पैसिफिकेशन के अनुरुप होगी। (5) निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। (6) समान दर रहने की स्थिति मे एक या एक से अधिक निविदादाओं के कार्य के लिए आदेश निर्णय करने का आदेश, सामग्री के गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। (7) ग्राम पचायत की सप्लाई आर्डर के अनुरुप ही सप्लाई आर्डर स्वीकार की जाएगी (8) दरों का उल्लेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। (9) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा तथा अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नही होगी। (10) सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोसिएशन अनुसार/उपरान्त किया जाएगा।
**हस्ता./- प्रधान, ग्राम पंचायत बैहना, विकास खंड आनी, जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**हमें** हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हमें हराने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। -एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय


# आतंकवाद का पोषण

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष यानी आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को ऐसे समय पर एक अरब डॉलर की आर्थिक मदद दे दी गई जब वह भारत के साथ युद्ध लड़ने के लिए पूरी प्लानिंग कर रहा है। पहले तो उसने आतंकियों को भेजकर पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों को धर्म पूछकर मार डाला और जब भारत ने प्रतिकार किया तो उसने भारत के खिलाफ ही युद्ध छेड़ दिया। एक तरफ सीजफायर होता है और दूसरी तरफ वह बॉर्डर पर अंधाधुंध फायरिंग करता है। इससे साफ जाहिर है कि पाकिस्तान के मंसूबे ठीक नहीं हैं। ऐसे में भारत का विरोध जायज है कि आईएमएफ को पाकिस्तान को मदद देने के बारे में पुनर्विचार करना चाहिए। आईएमएफ की इस दरियादिली ने भारत समेत कई देशों में चिंता की लहर पैदा कर दी है। भारत की यह चिंता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सुरक्षा दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत का यह मानना है कि जब पाकिस्तान पहले से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है और सीमा पर युद्ध जैसी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है, तब उसे दी गई यह आर्थिक सहायता गलत हाथों में पड़ सकती है। पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। तेल, खाद्यान्न और विदेशी कर्ज के बढ़ते बोझ ने उसके विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर दिया है। आईएमएफ की यह सहायता इसी संकट से निपटने के लिए दी गई है, ताकि वहां की आम जनता को राहत मिल सके और देश दिवालिया होने से बच सके। भारत की आपत्ति भी जायज है। भारत की सबसे बड़ी आशंका यही है कि जब पाकिस्तान के पास आर्थिक संसाधन नहीं थे, तब भी वह आतंकवाद और सीमा पर हमले कर रहा था। अब जब उसे आईएमएफ से एक अरब डॉलर की सहायता मिलने जा रही है, तो इस राशि का उपयोग आतंकवाद को और उग्र करने में किया जा सकता है। आईएमएफ की सहायता का उद्देश्य जन कल्याण होता है, लेकिन यदि यह पैसा हथियारों की खरीद, आतंकियों की फंडिंग या सेना के विस्तार में लगाया गया, तो यह वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन जाएगा। पाकिस्तान का इतिहास भी इस आशंका को बल देता है। पहले भी जब-जब उसे अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मदद मिली, उसने उसका उपयोग आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में किया है, न कि आर्थिक विकास या जनकल्याण के लिए। यही कारण है कि भारत और कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ आईएमएफ की पारदर्शिता और निगरानी तंत्र पर सवाल उठा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आईएमएफ जैसे संगठन का यह उत्तरदायित्व है कि वह न केवल आर्थिक संकट देखे, बल्कि उस देश की नीति, कार्यशैली और वैश्विक प्रभाव को भी ध्यान में रखे। यदि कोई देश अपनी वित्तीय सहायता का उपयोग आतंकवाद या युद्ध जैसी गतिविधियों के लिए करता है, तो वह सहायता न केवल उस देश के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए नुकसानदेह हो सकती है। भारत का यह सुझाव बिलकुल तार्किक है कि आईएमएफ को अपनी सहायता नीति की समीक्षा करनी चाहिए। उसे ऐसे देशों को आर्थिक सहायता देने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह धन जनकल्याण और आर्थिक स्थिरता के लिए ही उपयोग होगा, न कि आतंकवाद के पोषण में। पाकिस्तान को दी गई यह आर्थिक सहायता केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी चिंता का विषय है। इससे पाकिस्तान को अपनी सैन्य गतिविधियों को गति देने में अप्रत्यक्ष रूप से मदद मिल सकती है। भारत के विरुद्ध उसका व्यवहार पहले से ही आक्रामक रहा है। यह आशंका बनी हुई है कि आईएमएफ की राशि से पाकिस्तान सेना को और मजबूत कर सकता है, जिससे क्षेत्रीय संतुलन बिगड़ सकता है। भारत पहले ही अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में हाई अलर्ट पर है और सेना को सक्रिय रखा गया है। यह परिस्थितियां एक बार फिर 1999 के कारगिल युद्ध या 2001 के संसद हमले के बाद जैसी स्थिति का आभास करवा रही हैं। भारत की चिंता न केवल वैध है, बल्कि यह एक चेतावनी है उन सभी वैश्विक संस्थाओं के लिए जो मानवीय सहायता के नाम पर आतंकवाद को अप्रत्यक्ष रूप से पोषित करने वाले देशों को संसाधन प्रदान करती हैं। अब समय आ गया है जब वैश्विक सहायता के लिए सख्त मानदंड और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के 11वें प्रधानमंत्री

**भारत** के 11वें प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पूरा नाम हरदनहल्ली डोडेगौड़ा देवगौड़ा है। 1975 में आपातकाल के दौरान देवगौड़ा को जेलयात्रा करनी पड़ी थी। वह 18 महीनों तक जेल में रहे। वह उस समय प्रधानमंत्री बने जब अटल बिहारी वाजपेयी को 13 दिन सरकार चलाने के बाद प्रधानमंत्री का पद छोड़ना पड़ा था, क्योंकि वह बहुमत साबित करने की स्थिति में नहीं थे। यह संयुक्त मोर्चा सरकार के नेता के रूप में प्रधानमंत्री चयनित हुए। इन्होंने 1 जून, 1996 को शपथ ग्रहण की थी, लेकिन यह भी ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे। लगभग 10 माह तक प्रधानमंत्री रहने के बाद इन्हें भी अपने पद से त्यागपत्र देना पड़ा। 1962 तक कांग्रेस में सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभाने के बावजूद जब देवगौड़ा को उचित सम्मान प्राप्त नहीं हुआ तो कांग्रेस से इनका मोहभंग हो गया। वह 1994 में जनता दल की राज्य इकाई के अध्यक्ष भी बने। 1994 में जनता दल का अध्यक्ष चुने जाने के बाद देवगौड़ा के भाग्य ने जोर मारा और वह कर्नाटक के सीएम बन गए। यह 1996 में भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने।



एचडी देवगौड़ा
जन्म : 18 मई, 1933

## कविता: बचपन पे भारी जवानी



डॉ. कौमार्य मनोज

*ये हूं मैं या ये मेरी परछाई है यार ।*
*बचपन पे भारी, जवानी की मार।।*
*लहूलुहान जख्मी शरीर हुआ है ।*
*आराम पे अपने ये ताला जड़ा है।।*
*लोगों की मुझपे टिकीं है निगाहें ।*
*करना है क्या क्या न कोई बताए।।*
*खुद का है गिरना, खुद का संभालना।*
*खुद का है सजना, खुद का संवरना।।*
*किसको बताऊं , क्या खोया हूं मैं भी ।*
*बहुत कुछ मैं पा लूं फिर जी लूंगा मैं भी ।।*
*उम्मीदें हीं अपनी , बनती है सहारा ।*
*कभी मझधार कश्ती,कभी है किनारा।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# दहेज का विरोध तो ठीक, पर मालदार दूल्हे की चाहत क्यों?




दहेज लेने वालो के मुंह पे थूकने से फुर्सत मिल गई हो तो थोड़ा एकलौता मालदार लड़का ढूंढने वालों के मुंह पे भी थूक दो। यह दोहरी सोच ही हमारे समाज का असली चेहरा है, जहां दहेज का विरोध सिर्फ भाषणों तक सीमित है, पर बेटियों की शादी में बड़ा बैंक बैलेंस और सरकारी नौकरी ही मापदंड बन जाते हैं। अगर बदलाव सच में चाहिए, तो यह दोहरापन भी मिटाना होगा। शादी रिश्तों का बंधन है, सौदेबाजी का खेल नहीं। सिर्फ दिखावा छोड़ो, सोच बदलो।



लेखक : डॉ. सत्यभान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है।

दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी बात। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं तथा दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है।

यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा, विचारधारा, और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक 'आदर्श वर' बनने के लिए अपने करियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें। इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में 'अच्छे परिवार', 'सरकारी नौकरी' और 'खूब कमाने वाले लड़के' की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है। सवाल यह उठता है कि क्या हम सच में इतने असुरक्षित हैं कि हमें अपनी बेटियों की खुशियों के लिए एक मात्र आर्थिक स्थिरता की जरूरत है? क्या हमें यह समझने में अब भी देरी है कि एक अच्छे इंसान का मोल उसके चरित्र, विचार और व्यवहार से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी जेब की गहराई से?

इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। यह तब ही संभव है जब हम अपने बेटों को यह सिखाएं कि उनकी कीमत उनके चरित्र से है, न कि उनके वेतन से। हमें अपनी बेटियों को यह सिखाना होगा कि उनका मूल्य उनकी खुद की पहचान से है, न कि किसी के नाम के साथ जुड़ने से। हमें अपने समाज में इस दोहरे मापदंड को समाप्त करना होगा और ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना होगा जो सच्चे अर्थों में समानता और सम्मान का अर्थ समझे।

हमारे समाज में दहेज की परंपरा का इतना गहरा प्रभाव है कि लोग इसे सम्मान का प्रतीक मानते हैं। कई बार तो इसे शान और प्रतिष्ठा की बात समझा जाता है। और जो इसे नहीं मानता, उसे समाज में कमतर माना जाता है। यह सोच केवल बेटियों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती है। यह परिवारों को कर्ज में डुबोती है। दहेज के खिलाफ लड़ाई तब ही सफल होगी जब हम इस समस्या को केवल कानून से नहीं, बल्कि अपनी मानसिकता से भी मिटाएंगे। हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का चयन केवल उनकी योग्यता, चरित्र और विचारधारा के आधार पर करें, न कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को देखकर। यह बदलाव केवल एक व्यक्ति की सोच से नहीं, बल्कि पूरे समाज की सोच में बदलाव लाने से संभव है। समय आ गया है कि हम दहेज की इस बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# अंकों की अंधी दौड़ में जीवन खो रहे बच्चे

शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी भी राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है। इसमें विद्यार्थियों का मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास निहित होता है, लेकिन जब यही शिक्षा प्रणाली परीक्षा के परिणामों पर आधारित होकर विद्यार्थियों के लिए तनाव अवसाद और यहां तक कि आत्महत्या का कारण बन जाती है, तो यह हमारे समाज और शिक्षा प्रणाली दोनों के लिए गंभीर चेतावनी है। पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा परिणाम के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ी है। यह न केवल शिक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है, बल्कि अभिभावकों, शिक्षकों और पूरे समाज की सोच पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

भारत जैसे देश में, जहां शिक्षा को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण साधन माना जाता है, वहां परीक्षा और उसके परिणामों को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। बोर्ड परीक्षा, प्रवेश परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा- इन सबके परिणामों को सफलता और असफलता का अंतिम पैमाना मान लिया जाता है। एक विद्यार्थी के गुणों, क्षमताओं और संघर्षों को नजरअंदाज कर केवल अंकों से उसका मूल्यांकन करना एक त्रुटिपूर्ण सोच है। जब बच्चों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे केवल अच्छे अंक लाएं और उन अंकों के आधार पर ही उन्हें समाज में सम्मान, अवसर और पहचान मिलेगी तो यह उनके मानसिक स्वास्थ्य पर अत्यधिक दबाव डालता है। अगर बच्चों को उचित मार्गदर्शन और सहयोग न मिले तो यह दबाव उन्हें आत्मघाती कदमों की ओर ले जाता है।



अभिभावकों की अपेक्षाएं, रिश्तेदारों की तुलना और समाज की कटु टिप्पणियां बच्चों को भीतर तक तोड़ देती हैं। तुम्हारे दोस्त ने 90 प्रतिशत लाए और तुम क्यों नहीं ला सके? जैसे वाक्य बच्चों के आत्म सम्मान को कुचल देते हैं। कई बार माता-पिता अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों के माध्यम से पूरा करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जो लक्ष्य उनके जीवन में अधूरे रह गए हैं वे लक्ष्य हमारे बच्चों के जरिए पूरे हों, जो कि बहुत घृणित सोच है। हमारी शिक्षा प्रणाली अभी भी अंकों को ही सर्वश्रेष्ठ मानती है। क्रिएटिविटी, स्पोर्ट्स, संगीत, कला, लेखन जैसे क्षेत्र को उचित सम्मान नहीं मिलता। एक बच्चा यदि गणित या विज्ञान में कमजोर है तो उसे कमतर आंका जाने लगता है, भले ही उसकी रुचि किसी अन्य क्षेत्र में हो।

**समाधान की दिशा में संभावनाएं**

माता-पिता को यह समझना होगा की हर बच्चा अलग होता है। उसकी रुचियां, क्षमताएं और गति भिन्न होती है। उन्हें अपने बच्चों की भावनाओं को समझना होगा, उनके साथ संवाद करना होगा और उन्हें यह भरोसा दिलाना होगा कि एक परीक्षा का परिणाम उनके जीवन का अंतिम परिणाम नहीं है। स्कूलों को परीक्षा के परिणाम के समय विशेष मानसिक स्वास्थ्य सत्र आयोजित करने चाहिए। शिक्षकों को बच्चों के साथ संवाद की भाषा बदलनी चाहिए। डरने या शर्मिंदा करने के बजाय सहयोग और समर्थन देना जरूरी है। स्कूलों में प्रशिक्षित काउंसलर अनिवार्य रूप से होने चाहिए जो बच्चों का उचित मार्गदर्शन कर सकें। मीडिया को भी चाहिए कि वह परीक्षा परिणाम को 'तैयारी का युद्ध' या 'भाग्य की परीक्षा' की तरह न प्रस्तुत करें। इसके बजाए वे बच्चों की विविध उपलब्धियों को भी प्रस्तुत करें- चाहे वह कला हो, खेल हो या समाजसेवा। समाज को भी सफल लोगों की छवि बदलनी होगी। केवल डॉक्टर या इंजीनियर ही नहीं एक अच्छा चित्रकार, स्वरोजगार अपनाने वाला युवा या लेखक भी सफल हो सकता है, ऐसे क्षेत्रों में भी बच्चों को प्रोत्साहित करें।

बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाने की जरूरत है-कैसे असफलता को स्वीकार किया जाए, कैसे आत्ममंथन किया जाए, कैसे अपने जुनून को पहचाना जाए? उन्हें आत्मविश्वास, धैर्य और साहस की शिक्षा देनी होगी। जब हम बच्चों की आत्महत्या की खबरें सुनते हैं,तो यह केवल एक व्यक्ति का नुकसान नहीं है, बल्कि सामाजिक विफलता होती है। यही समय है, कि हम अपनी सोच, प्रणाली और व्यवहार को बदलें। शिक्षा का उद्देश्य केवल नंबरों की दौड़ नहीं, बल्कि जीवन जीने के लिए तैयार करना होना चाहिए। यदि हम अपने बच्चों को सिखा सकें कि असफलता अंत नहीं है, तो शायद हम उन्हें आत्महत्या जैसे कठोर कदम से बचा सकेंगे। हमें एक ऐसे समाज की नींव रखनी है, जहां बच्चों को अपने सपने देखने और उसे पूरा करने की आजादी मिले।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**भारत** में भ्रष्टाचार देश के विकास में एक बड़ी बाधा बन गया है। यह प्रशासनिक तंत्र को खोखला कर देता है, जिससे नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाता। आज कोई भी छोटे से छोटा काम बिना रिश्वत दिए नहीं हो रहा है। लोग भी अपना समय बचाने के लिए अधिकारियों को रिश्वत देने से गुरेज नहीं करते। दरअसल भ्रष्टाचार को ऐसे ही लोग बढ़ावा देते हैं जो लापरवाही से पैसा लुटाते हैं। भ्रष्टाचार की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता और संसाधनों का दुरुपयोग होता है। इससे विदेशी निवेशकों का विश्वास भी कमजोर होता है, जो आर्थिक प्रगति को प्रभावित करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में भी विकास रुक जाता है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह देश की प्रगति को खोखला करता रहेगा। हम हर साल भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाते हैं। बड़े नारे दिए जाते हैं, रैलियां निकाली जाती हैं, लेकिन यह बिना जागरूकता के कभी खत्म नहीं हो सकता। **-सीमा, मस्सल**

# खुद को ही बदल डालो, क्योंकि तुम औरों को नहीं बदल सकते

एक विद्वान ने कहा था कि खुद को ही बदल डालो, क्योंकि तुम औरों को नहीं बदल सकते। यह अटल सच्चाई है और आधुनिक समय के हालातों पर सटीक फिट हो रही है। दुनिया में प्रत्येक मानव के अपने- अपने विचार हैं अपनी- अपनी संगत है। अपने-अपने दायरे हैं, अपनी-अपनी खुशी है। आदमी खुश रहना चाहिए। इंटरनेट की दुनिया में सब मस्त हैं, चौबीस घंटे व्यस्त हैं। गलत काम के लिए वक्त ही वक्त है और अच्छे काम के लिए नहीं।



लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र टिप्णीकार

आज संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है। इंटरनेट की दुनिया ने सबको विद्वान बना दिया है। हर आदमी हरफनमौला बन चुका है। अपने से बड़ों का अपमान किया जा रहा है, निरादर किया जा रहा है, यह बहुत त्रासदी है। अहंकार हावी हो चुका है और मानव अहंकारी बनता जा रहा है। एक-दूसरे को नीचा दिखाना मानव की फितरत बन चुकी है। नई पीढ़ी नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है। नैतिक मूल्यों का ह्रास चिंतजनक है। बुद्धिजीवी वर्ग को समय रहते मनन करना होगा वरना बहुत देर हो जाएगी। आधुनिक मानव स्वार्थी होता जा रहा है। खून के रिश्तों को तोड़ रहा है और गैरों को अपना बना रहा है।

रिश्तों की बुनियाद हिलती जा रही है और जर्जर हो चुकी है। दीवार का एक पत्थर भी निकल जाए तो दीवार कभी भी ढह सकती है और रिश्ते दफन हो सकते हैं। मानव निजी हितों के लिए अनैतिक आचरण कर रहा है। यह बहुत ही घातक है। जर,जोरू,जमीन के लिए रिश्तों का खून बहाया जा रहा है। परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं। जमीन के टुकड़े के लिए एक-दूसरे के प्यासे हो चुके हैं। रिश्तों की मिठास खत्म हो रही है। खून के रिश्तों में गांठे पड़ती जा रही हैं। नैतिक मूल्य नष्ट होते जा रहे हैं। रिश्तों की माला बिखर रही है, माला के मनके इधर-उधर बिखर रहे हैं। माया के मोहजाल में फंस चुका मानव आज भटक चुका है, पथभ्रष्ट हो चुका है। संवेदना,करुणा,मानवता नाम की कोई चीज नहीं है । एक-दूसरे को नीचे गिराने के लिए अनैतिक कार्य कर रहे हैं। चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते टूट रहे हैं। समाज को इस पर समीक्षा करनी होगी।



रिश्तों में बढ़ती दूरियों को पाटना होगा, एक सेतु बनाना होगा। बिखर चुके रिश्तों को समेटना होगा, ताकि रिश्तों की मशाल निर्बाध रूप से जलती रहे। रिश्तों में विश्वास लाना होगा ताकि विश्वास बरकरार रहे। भटक चुके मानव को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ समाज बन सके। आधुनिक मानव माया के लालच में रिश्ते नाते भूलता जा रहा है मोबाइल पर व्यस्तता बहुत बढ़ गई है। किसी से कोई मतलब नहीं है। मोबाइल ही सच्चा साथी बन गया है। मोबाइल ने रिश्तों में दूरियां पैदा कर दी हैं। मानव की संवेदनाएं मृतप्राय हो चुकी हैं।

कौन जी रहा, कौन मर रहा है कोई सरोकार नहीं है। यह बहुत ही त्रासदी है। चौबीस घंटे इंटरनेट की दुनिया में मस्त हैं। आभासी दुनिया में अनावश्यक व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि मां बाप के साथ बात तक करने के लिए समय नहीं है। एक समय था कि आदमी एक-दूसरे के सुख-दु:ख में शामिल होता था, लेकिन आज किसी के पास एक मिनट का भी समय नहीं है। चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते तोड़े जा रहे हैं। समाज में भाईचारा खत्म होता जा रहा है। एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ लगी है। सोशल मीडिया पर हर समय व्यस्त रहते हैं। आज गरीब रिश्तेदार व भाई से नफरत की जाती है। आभासी दुनिया तक ही सीमित हो चुके हैं, यह पतन कि पराकाष्ठा है। संवेदना की परिभाषा बदल चुकी है और लोग संवेदनहीन होते जा रहे हैं।

सड़कों पर आदमी तड़पकर मर रहा है, लोग सहायता तो नहीं करते वीडियो जरूर बनाते हैं। अगर समय पर अस्पताल ले जाएं तो जान बच सकती है। ऐसे वीडियो बनाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। समाज किस तरफ जा रहा है, यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है। नैतिक मूल्यों का पतन हो चुका है। इस पतन को रोकना होगा। आज मानव फितरती होता जा रहा है। अहंकार से लबालब भर चुका है। अहंकार ने पता नहीं कितने ही सच्चे रिश्तों का वजूद खत्म कर दिया है। रिश्तों को दीमक लग चुकी है तथा रिश्ते टूट रहे हैं। नैतिक मूल्यों का पालन करना होगा। रिश्तों को बचाना समाज हित में है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# वैश्विक पहचान से 'सांगरी' के लिए बढ़ा अंतरराष्ट्रीय बाजार

मई का पहला सप्ताह राजस्थान के लिए खासा महत्वपूर्ण रहा। इस सप्ताह राजस्थान की प्रतीक और पहचान 'सांगरी' को वैश्विक प्रतिष्ठा मिली। सांगरी मरुस्थलीय इलाके का प्रमुख खाद्य व्यंजन है।



लेखक : हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस महीने सांगरी को भौगोलिक संकेतक टैग ( जीआई टैग) मिला, जिससे अब इसके लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। यह राजस्थान के खाद्य व्यापारियों के लिए ही नहीं, बल्कि सीधे किसानों के लिए भी शुभ संकेत है। सांगरी के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार खुलने से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। बदलते समय के साथ रेगिस्तान का खेजड़ी अब वरदान बन गया है। सांगरी राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी का एक उत्पाद है।

राजस्थान के खान-पान में केर-सांगरी का अचार या सब्जी के अलावा इनके साथ कुमटिया, गुंदा और अमचूर मिलाकर बनाई जाने वाली 'पंचकूटा' की सब्जी मरुधरा की विशिष्ट पहचान है। इसकी महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाजार में इसका भाव बारह सौ से लेकर डेढ़ हजार रुपए प्रति किलो है।

केर-सांगरी और पंचकूटा वस्तुत: 'छप्पनिया काळ' की देन है, जो 1899 ईस्वी और विक्रम संवत के हिसाब से 1956 में पड़ा था। छप्पनिया अकाल को 'द ग्रेट इंडियन फेमिन 1899' के नाम से भी जाना जाता है। इस अकाल में लाखों लोगों की जान गई थी। भयंकर आपदा के इस दौर में लोगों के पास खाने के नाम कुछ भी न बचा था।



इस अकाल को लेकर कहा जाता है कि ये दौर ऐसा था कि लोगों के लिए न तो खाने के लिए कुछ था और न पीने के लिए, लेकिन इस भीषण सूखे में रेगिस्तानी इलाकों में खेजड़ी (जिन पर सांगरी की फली होती है) और केर नहीं सूखे। जब लोगों और पशुओं के लिए भी खाने को कुछ नहीं बचा तो केर और सांगरी की फली लोगों को खूब काम आई। कहा जाता है कि खेजड़ी की छाल और फली तक लोग कच्ची खाकर गुजारा करने लगे। केर एक केपर जैसा रेगिस्तानी फल है जो कांटेदार झाड़ी पर उगने वाली एक बेरी है। इसका स्वाद तीखा होता है, जिससे इसका अचार काफी चटपटा बनता है। दूसरी ओर सांगरी खेजड़ी के पेड़ की फलियों जैसी होती है। बबूल फली या बबूल के पेड़ के चपटे बीज होते हैं। इसी केर-सांगरी और पंचकूटा सब्जी का महत्व वर्तमान में ऐसा है कि राजस्थान से जुड़ा कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय आयोजन या समारोह हो, इनके बिना मेनू पूरा हो ही नहीं सकता। फाइव स्टार होटलों में 'बीन्स एंड बेरीज वेजिटेबल' के नाम से यह बेहद महंगे दाम पर मिलती है। अब जब इसे जीआई टैग मिल चुका है तो विश्व बाजार में आर्थिक रूप से इसकी संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं।

राजस्थान में सांगरी का कुल कारोबार सालाना मोटे तौर दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का है। अब इसमें बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना है, क्योंकि विश्व व्यापार संगठन के मानदंडों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में सांगरी को अब 'प्रीमियम प्राइस' भी मिलेगा। वस्तुत: जीआई टैग कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उन वस्तुओं को दिया जाता है जो एक खास क्षेत्र में उत्पादित होते हैं। इसमें क्षेत्र की विशेष गुणवत्ता या प्रतिष्ठा या अन्य विशेषताएं शामिल होती हैं। राजस्थान में इसका करोबार उत्पाद संगठित और असंगठित क्षेत्रों में किया जाता है, वो भी राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) ने कोलायत के गोविंदसर गांव में खेजड़ी उत्पाद बेचने वाली किसानों की एक सोसायटी के माध्यम से जीआई टैग हासिल किया है। अब जब राजस्थान में खेजड़ी की सांगरी कोजीआई टैग मिला है तो कई बड़े फायदे होंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### रामनगर में अवैध शराब का जखीरा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के रामनगर में पुलिस ने अवैध शराब का एक बड़ा जखीरा पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी द्वारा रिहायशी मकान में अवैध देशी और अंग्रेजी शराब बेचने का धंधा करने की सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई अमल में लाई है। मामले में पुलिस टीम ने मकान की तलाशी में अवैध शराब की छापामारी को लेकर 18 बोतलें मैकडॉवेल नंबर-1, 6 बोतल रॉयल स्टैग, 11 बोतल रॉयल चैलेंज, 2 बोतलें ब्लेंडर्स प्राइड और देशी शराब की 15 बोतलें देशी शराब संतरा और 8 बोतल ऊना नंबर-1 कुल 60 बोतलें बरामद की है। पुलिस थाना सदर मंडी ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सदर ने आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी ने योग्य व्यक्तियों और संस्थाओं से मंडी जिले के विभिन्न स्थानों पर उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उचित मूल्य की दुकानें जिले के निशार, रेहूकलधार, डोह, दारट बगला, दाग, नौंस, टांडा और कलेहड़ी में खोली जाएंगी। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग एवं उपभोक्ता मामले मंडी ब्रिजेंद्र सिंह पठानिया ने बताया कि योग्य आवेदकों में सार्वजनिक संस्थान, सार्वजनिक निकाय, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं, महिलाओं द्वारा संचालित समूह, एकल नारी, विधवा, शारीरिक रूप से अपंग व्यक्ति, भूतपूर्व सैनिक और शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति शामिल हैं। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन https: //emerginghimachal.hp.gov.in/ वेबसाइट के माध्यम से 19 मई से 10 जून तक जमा किए जा सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों में 10वीं पास प्रमाण पत्र, वित्तीय स्थिति से संबंधित दस्तावेज और अन्य प्रासंगिक प्रमाण पत्र शामिल हैं।

### सुंदरनगर में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की बीएसएल परियोजना पर शनिवार से सुकेत सदन विश्राम गृह सुंदरनगर फील्ड होस्टल विश्राम गृह सुंदरनगर में साफ-सफाई की एवं अस्पताल चौक पर स्थित बच्चों के पार्क के पीछे उगी झाड़ियां काटी और वहां साफ सफाई की। इस अवसर पर इंजी. एसपी शर्मा, अति. अधीक्षण, इंजी ईशान केशव, कनिष्ठ अभियंता, इंजी शुभम, कनिष्ठ अभियंता, शशी पाल, सुपरवाइजर कार्यालय नगर मंडल बीबीएमबी सुंदरनगर और अन्य कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद थे और उन्होंने साफ सफाई में अपना योगदान दिया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। सफाई करने की दिशा में प्रतिवर्ष 100 घंटे के श्रमदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

### जंगल से होने वाले फायदों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ग्राम पंचायत कोठी गैहरी में वन विभाग के वनरक्षक प्रवीण (बागलू बिट) के द्वारा गर्मी के मौसम में लगने वाली आग के बारे में और जंगल में आग न लगे इसके लिए क्या-क्या सावधानियां अपनाई जाएं। इसके लिए कोठी गैहरी पंचायत के नोडल मारुति युवा मंडल तथा अंबिका महिला मंडल को जागरूक किया गया और साथ ही आग लगने के समय कैसे आग पर काबू पाया जाए, इसके बारे में बताया तथा जंगल से होने वाले फायदों के बारे में भी अवगत करवाया। कार्यक्रम में मारुति युवा मंडल प्रधान सचिन, वनरक्षक प्रवीण, वनमित्र उर्मिला, महिला मंडल प्रधान दुर्गा देवी, वार्ड पंच दीपिका, गणेश, नीतीश, देशराज, अंजलि मनीषा और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### छात्राओं ने घर-घर जाकर रक्तचाप की जांच

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर की छात्राओं ने एक सराहनीय पहल करते हुए स्थानीय इलाकों में घर-घर जाकर लोगों के उच्च रक्तचाप की मुफ्त की और उन्हें उच्च रक्तचाप रोग के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों का न केवल रक्तचाप की जांच की, बल्कि नागरिकों को उच्च रक्तचाप के खतरे और उसके बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर अगर समय रहते नियंत्रित न किया जाए, तो यह हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी फेलियर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इस जन जागरूकता अभियान में लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और छात्राओं की इस पहल की सराहना की।

### चीड़ पत्तियों से बनाए उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहयोग विद्यालय में रोटरी क्लब मंडी और नेरचौक के संयुक्त रूप से आयोजित 10 दिवसीय पर्यावरण अनुकूल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी रचनात्मकता को निखारने और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा चीड़ की सूखी पत्तियों से तैयार किए गए सुंदर और उपयोगी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें कोस्टर, टोकरियां, राखियां, की-रिंग्स, पेन स्टैंड आदि शामिल थे। इन उत्पादों को रोटरी सदस्यों द्वारा खूब सराहा गया और मौके पर ही खरीदा गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा।

### एआई के भविष्य के परिप्रेक्ष्य पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा सॉफ्ट कंप्यूटिंग रिसर्च सोसायटी नई दिल्ली के सहयोग से ऑनलाइन मोड में एआई एडवांसमेंट्स एंड एप्लीकेशन पर छठां विश्व सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में प्रोफेसर राजीव आहूजा, निदेशक आईआईटी रोपड़ मुख्य अतिथि और प्रोफेसर ललित अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ. सुनील ठाकुर डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट ने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरुआत की। सरदार पटेल विवि मंडी के कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने इस सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए एसपीयू मंडी और सॉफ्ट कंप्यूटिंग रिसर्च सोसायटी नई दिल्ली के संकाय के प्रयासों की सराहना की। प्रो. अवस्थी ने एआई के भविष्य के परिप्रेक्ष्य पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हम व्यक्तिगत एआई देखेंगे, जहां एआई सहायकों को व्यक्तिगत उपयोगकर्ता की जरूरतों, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के अनुरूप बनाया जाएगा।

### मांहूनाग मेले में शामिल होंगे आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, करसोग।** 14 से 18 मई तक आयोजित किए जाने वाला पांच दिवसीय जिला स्तरीय दानवीर कर्ण श्री मूल मांहूनाग मेला रविवार को संपन्न होगा। मेले के समापन समारोह में अध्यक्ष (पर्यटन) कैबिनेट मिनिस्टर रैंक हिमाचल प्रदेश सरकार आरएस बाली बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार आरएस बाली प्रातः लगभग 10:20 बजे शिमला से मांहूनाग के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर लगभग दो बजे जिला स्तरीय श्री मूल मांहूनाग मेले के समापन समारोह में शामिल होंगे।

# टॉप-10 में जोगिंद्रनगर की 4 छात्राएं

## शिया ने 5वां, अनामिका ने 7वां, नव्या ने 9वां व वंशिका ने 10वां स्थान किया हासिल

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जोगिंद्रनगर उपमंडल की चार होनहार बेटियों ने राज्य स्तर पर टॉप-10 में स्थान पाकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकरीडी की छात्रा शिया ठाकुर ने आर्ट्स विषय में पांचवां स्थान (95.4 प्रतिशत) प्राप्त किया। शिया ने बताया कि मैं प्रोफेसर बनना चाहती हूं ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला सकूं। मेरे माता-पिता और शिक्षकों का योगदान मेरी इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा स्तंभ है। पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्रा अनामिका ठाकुर ने आर्ट्स में सातवां स्थान (94.8 प्रतिशत) प्राप्त किया। अनामिका ने कहा कि मैं यूपीएससी परीक्षा पास करके एक ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हूं और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने में भूमिका निभाऊंगी। इसी विद्यालय की वंशिका ठाकुर ने साइंस विषय में दसवां स्थान (93.6 प्रतिशत) प्राप्त किया। वंशिका ने कहा कि मेरा सपना है कि मैं आईटी सेक्टर में काम करूं और तकनीक के ज़रिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाऊं। न्यू क्रिसेंट पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर की छात्रा नव्या ने साइंस स्ट्रीम में नौवां स्थान (94 प्रतिशत) हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। नव्या ने कहा कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं ताकि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा कर सकूं। (अनंत ज्ञान)

### पलक ने कॉमर्स में झटका आठवां स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बारहवीं की परीक्षा के कॉमर्स स्ट्रीम में पलक ने प्रदेश स्तर पर मेरिट में आठवां स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्रधानाचार्य अनिल कटोच के अनुसार पलक ने 500 में से 471 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टर अंबेडकर नगर निवासी सामान्य कामकाजी नरेंद्र कुमार व रजनी देवी की पुत्री ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया।



# सरकारी स्कूल की बेटियों ने बढ़ाया मान टॉप-10 में आईं सुंदरनगर की दो छात्राएं

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शनिवार को जमा दो का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल की दो प्रतिभावान छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में अपना नाम रोशन किया है। दोनों छात्राएं सरकारी स्कूलों से हैं और उन्होंने प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में स्थान बनाकर क्षेत्र और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है।

सलापड़ स्कूल की छात्रा तन्नु कुमारी ने 500 में से 472 के साथ 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में दसवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह, उपमंडल सुंदरनगर के दुर्गम क्षेत्र निहरी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरल की छात्रा बबली ने भी 500 में से 472 के साथ 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इन छात्राओं की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जा रही है। बोर्ड परीक्षा में मिली इस बड़ी सफलता पर दोनों छात्राओं, उनके अभिभावकों और स्कूलों को क्षेत्रवासियों और शिक्षकों ने बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)



तन्नु कुमारी। बबली।

**सलापड़ और निहरी स्कूल की दोनों छात्राओं ने प्राप्त किए 94.4 प्रतिशत अंक**

### इशिता ने विज्ञान संकाय में टॉप-10 में जगह बनाकर बढ़ाया धर्मपुर का मान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च माह में ली गई प्लस टू की परीक्षा का परिणाम शनिवार घोषित कर दिया गया, जिसमें 83 प्रतिशत बच्चों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी कड़ी में पीएमश्री उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर की छात्रा इशिता ने विज्ञान संकाय में 475 नंबर लेकर टॉप 10 में जगह बनाकर विद्यालय व अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। इशिता के पिता सुरेश कुमार धर्मपुर में आदर्श स्वीट शॉप चलाते हैं और माता रीना कुमारी गृहिणी है। इशिता की एक बड़ी बहन और छोटा भाई है। इशिता धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत बिंगा से संबंध रखती है। इशिता ने बताया कि वह डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती हैं।



# 12वीं की बोर्ड मेरिट में छाए बलद्वाड़ा के सरकारी स्कूल के दो होनहार छात्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



अक्षद। अर्पणा कुमारी।

बलद्वाड़ा स्थित शैलबाला राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के दो छात्रों ने बोर्ड की टॉप 10 मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाकर विद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम भी ऊंचा कर दिया।

प्रधानाचार्य शकुंतला ठाकुर ने बताया कि विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में क्रमशः नौंवा व दसवां स्थान हासिल किया। 12वीं आर्ट्स में अर्पणा कुमारी ने 473 अंक लेकर नौवां तथा अक्षद ने विज्ञान संकाय की मेरिट सूची थे 475 अंक लेकर बोर्ड मेरिट में दसवां स्थान हासिल किया। बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक वर्ग व अपने अभिभावकों को दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर ने बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों की सफलता ने बलद्वाड़ा के साथ-साथ सरकाघाट क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

# एसपीएस स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**सरकाघाट** स्थित एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम देकर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन का प्रमाण प्रस्तुत किया है। विद्यालय के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार राणा, निदेशक पीसी ठाकुर, प्राचार्य नरेंद्र कुमार गौतम और अधीक्षक नेकराम ने सभी विद्यार्थियों को उनके कठिन परिश्रम और लगन के लिए बधाई दी।

मेडिकल स्ट्रीम में लक्षिता वर्मा ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके बाद अंशिका ने 92.40 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पायल शर्मा ने 82.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन तीनों छात्राओं ने अपनी मेहनत और अनुशासन से यह सफलता अर्जित की है और वे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। वहीं, नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। दीपिका ने 82.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में पहला स्थान प्राप्त किया। उनके बाद कनिका कुमारी ने 78.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि सुमित ने 77.80 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल केवल शैक्षणिक परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालय के निदेशक पीसी ठाकुर ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# भाजपा के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सह संयोजक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सन्नी ईपन ने मध्यप्रदेश सरकार में बीजेपी के कैबिनेट मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने हेतु उपायुक्त अपूर्व देवगन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि भारतीय सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी के बारे में जो उन्होंने अभद्र टिप्पणी की है उससे सैनिकों के मनोबल को चोट पहुंची है वहीं भारतीयों का सर शर्म से झुक गया है। ऐसे में उनकी बर्खास्तगी तुरंत की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक और तो भारतीय सैनिक अपनी जान हथेली पर रखकर देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं वही ऐसे बड़बोले नेता उन्हें आदर सम्मान के बजाय अपशब्द कहकर उनका अपमान कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के आकाश शर्मा व गीतांजलि शर्मा भी उपस्थित रहे।

### इंडस ग्लोबल स्कूल की नवनिर्वाचित छात्र परिषद का अलंकरण समारोह संपन्न

# सक्षम सैनी स्कूल कैप्टन, देव शर्मा बने हेड ब्वॉय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**इंडस** ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थी परिषद शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता साक्षी वर्मा (पुलिस अधीक्षक मंडी) ने की। इस चुनाव की प्रक्रिया में कई दिन लगे। चुनाव के पहले चरण में छात्रों से आवेदन मांगे गए। दूसरे चरण में साक्षात्कार व तीसरे चरण में 13 मई को मतदान हुए। मतदान के पीछे का मंतव्य यही है कि बच्चे कम उम्र में निर्णय लेना व जिम्मेदारी उठाना सीखें।

शनिवार को चयनित छात्रों को उनके पदों के अनुसार कार्यभार सौंपा गया। स्कूल कैप्टन सक्षम सैनी, स्कूल हेड ब्वॉय देव शर्मा, स्कूल हेड गर्ल वंशिका, वाइस हेड ब्वॉय शरद, वाइस हेड गर्ल महिमा, स्कूल कल्चरल कैप्टन प्राचीता, वाइस कल्चर कैप्टन लिवा, डिसिप्लिन इंचार्ज दक्ष व आकृति, वाइस डिसिप्लिन इंचार्ज शौर्य और मायरा गुप्ता स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन चैतन्या, वाईस स्पोर्ट्स कैप्टन अनुराग, आकाश सदन कैप्टन श्रेया व शरण्या वाइस कैप्टन ईशप्रीत और हरेक स्पोर्टस कैप्टन अक्षत और गौरव, कल्चरल कैप्टन ख्वाहिश और प्रतीक। अग्नि सदन कैप्टन उदय व अर्णव वाईस कैप्टन इशांत व रितेश स्पोर्ट्स कैप्टन आराध्या व मनन कल्चरल कैप्टन आरना व जानविका। पवन सदन कैप्टन वंश व विरोनिका वाइस कैप्टन आश्रीया व शिवांश, स्पोर्ट्स कैप्टन सुजल व पृषा कल्चरल कैप्टन मनदीप और मृणाली। पृथ्वी सदन कैप्टन आरव व माहीन वाईस कैप्टन समीर और कंगना, स्पोर्ट्स कैप्टन मुकुल और आदर्श, कल्चरल कैप्टन प्रज्ञा और श्रिया उपरोक्त नियुक्त छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई।



चयनित छात्रों को उनके पदों के अनुसार कार्यभार सौंपा गया।

### 11 जून को धर्मपुर में नशे के खिलाफ होगी दौड़: भूप्पी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशामुक्त अभियान के तहत धर्मपुर क्षेत्र नशामुक्ति अभियान कमेटी की बैठक व्यापार मंडल के अध्यक्ष राज कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने रोड रन के लिए दो हजार की राशि भी दान की दी। इस बैठक में खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी और मंडी साक्षरता समिति की सचिव सुनीता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में तय किया कि युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने व नशे से दूर रखने के उद्देश्य 11 जून को अंडर 16 आयु 18 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों के लिए 2 व 4 किलोमीटर दौड़ का आयोजन धर्मपुर से चकयाणा के बीच किया जाएगा। इसमें केवल धर्मपुर के नजदीकी इलाके के धावक ही भाग ले सकते हैं।

### करिश्मा शिक्षण संस्थान ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह


# होनहारों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर नवाजा

**आदर्श, नेरचौक**

**करिश्मा** शिक्षण संस्थान डडौर में कृष्मोत्सव वार्षिक समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र सिंह गांधी मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक पत्रिका कृति के 13वें संस्करण का विमोचन किया गया।

प्रधानाचार्य ने शिक्षण संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया। समारोह में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्था के प्रबंधक ई. ललित पाठक ने धैर्य के साथ शिक्षकगण को युवा मस्तिष्कों को संवारने और उन्हें सफलता की ओर मार्गदर्शन करने में आभार व्यक्त किया तथा छात्रों को उनकी उपलब्धियों, कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई दी।

प्रशिक्षुओं को खेलकूद और शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। जिसमें अवंतिका शर्मा, आंचल, शगुन, मनीषा, हिना, तान्या, सीमा, मानव, दीक्षा कुमारी, शिवानी, शगुन व अंकिता आदि शामिल रहे । विधायक इंद्र सिंह गांधी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों के लिए 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा संस्थान के साथ लगते नाले को पक्का करने के लिए 2 लाख रुपए की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)



वार्षिक समारोह के दौरान नाटी प्रस्तुत करते प्रशिक्षु विद्यार्थी।

### विजयपाल सिंह की नियुक्ति पर बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** सराज हल्के से संबंध रखने वाले कांग्रेस नेता विजयपाल सिंह की नियुक्ति पर शनिवार को बालीचौकी में उनके समर्थकों ने लड्डू बांट कर जश्न मनाया। इस दौरान जल रक्षा विभाग के विश्राम गृह में एक पत्रकारवार्ता का भी आयोजन किया गया जिसे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सराज के पूर्व अध्यक्ष टेक सिंह चौहान ने संबोधित किया। कांग्रेस नेता ने जहां विजयपाल सिंह की ताजपोशी पर जहां मुख्यमंत्री का आभार जताया वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बालीचौकी क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास मे कांग्रेस सरकार के द्वारा की गई यह पहली बड़ी और महत्वपूर्ण नियुक्ति है, इससे पूर्व कभी भी इस क्षेत्र मे कांग्रेस द्वारा इस तरह की नियुक्ति नहीं की गई है। इस पत्रकार वार्ता में पूर्व पंचायत प्रधान दिवान, मंगलोर पंचायत के प्रधान प्रशांत लवली, मदन ठाकुर, रोशन ठाकुर चंद्रमणी ठाकुर, विकास दुग्गल, नरपत राम बेली राम व गेब राम भी शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री को जिला स्तरीय बालीचौकी मेले में शामिल होने का दिया निमंत्रण



**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

**मेला** कमेटी बालीचौकी का एक प्रतिनिधिमंडल मेला कमेटी के अध्यक्ष दिले राम ठाकुर की अध्यक्षता में सीएम सुक्खू से मिला और उन्हें जिला स्तरीय बालीचौकी मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मेला कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को सराज कांग्रेस के नेता विजय पाल सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलवाया। वहीं इसके उपरांत सीएम के आधिकारिक फेसबुक पेज से मेला कमेटी के सदस्यों के फोटो को किसी और राजनीतिक संदर्भ में प्रसारित किया गया जिसका मेला कमेटी बालीचौकी ने मीडिया को स्पष्टीकरण दिया है। मेला कमेटी के अध्यक्ष दिले राम, उपाध्यक्ष प्रदीप, सदस्य जोगिंदर शर्मा, संजीव व हेत राम ने प्रेस को दिए लिखित वक्तव्य में कहा है कि वे सीएम को मेले का निमंत्रण देने गए थे न कि किसी राजनीतिक व्यक्ति की ताजपोशी का धन्यवाद करने। इन लोगों ने इस बाबत मीडिया में जारी फोटो को संदर्भ से हट कर प्रसारित करने पर रोष जताया है। (अनंत ज्ञान)

### पॉलीटेक्निक कॉलेज की छात्रा लापता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के हरीपुर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा के रहस्यमयी ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। लापता नाबालिगा मूल रूप से जिला शिमला की रहने वाली है व अपनी माता व बहन के साथ हरीपुर क्षेत्र में किराये के कमरे में रहती थी। पुलिस में दर्ज शिकायत में शिकायतकर्ता माता ने कहा कि वह अपनी दो बेटियों के साथ हरीपुर में किराये के कमरे में रहती है। उसकी बड़ी बेटी स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। पुलिस थाना सुंदरनगर ने मामले में अपहरण का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने अपहरण का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

# जून माह में होगा बाबा सिद्ध चानो का धाज्जा धार्मिक कार्यक्रम : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बताया कि आगामी जून माह में मंडी जिला मुख्यालय में बाबा सिद्ध चानो का धाज्जा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चमन राही ने कहा कि कार्यक्रम का निर्णय सिद्ध धाम समैला दरबार बाबा सिद्ध चानो सच्ची सरकार समैला हमीरपुर में महंत श्री चमन लाल जी महाराज की अध्यक्षता में लिया गया।

महंत ने चमन राही को कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त करते हुए कहा कि आयोजन समिति के गठन का निर्देश व आशीर्वाद दिया। चमन राही ने कहा कि संस्कृति समृद्धि को बढ़ावा देने वाले इस कार्यक्रम को लेकर बाबा सिद्ध चानो में श्रद्धा रखने वाले भक्तजनों से संपर्क साधना आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि सिद्ध चानो देवता लोगों की समस्याओं का तत्काल निवारण करने वाले हैं। इन्हें कलयुग का देवता कहा गया है। समैला में उत्तरी भारत के लोग यहां आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। चमन राही ने कहा कि मंडी में पहली बार सार्वजनिक रूप से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी जाति धर्म के लोग भाग लेंगे।

**अनदेखी** संधोल भाजपा ने बैठक करके प्रत्येक घर से एक-एक रुपए चंदा लेने का लिया निर्णय

# अस्पताल को तिरपाल से ढकने के लिए चंदा एकत्रित करेगी भाजपा

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**अढ़ाई साल से एक ईंट तक नहीं लगवा पाए विधायक चंद्रशेखर**

**संधोल** में पूर्व भाजपा सरकार के दौरान 50 करोड़ से बनाए जा रहे सात मंजिला सिविल अस्पताल को तरपाल से ढकने के लिए शनिवार से संधोल भाजपा अभियान शुरू किया है। बता दें कि संधोल अपताल के नए अधूरे भवन का निर्माण कार्य शुरू न होने पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व जिला मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर ने संधोल में हुई भाजपा इकाई की बैठक में प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध व्यक्त किया। उन्होंने संधोल मंडल भाजपा कार्यकारिणी को संबोधित करते कहा कि उन्होंने दो माह पहले अधूरे पड़े निर्माण कार्य को लेकर संधोल में दर्जनभर पंचायतों के लोगों के साथ यहां एक विरोध प्रदर्शन किया था, इसमे ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार को 31 मार्च तक काम शुरू करवाने का आग्रह किया था। उसके बाद सरकार को दस दिन का समय और दिया अन्यथा चंदा इकट्ठा कर भवन को तरपाल से ढकने कि कार्यवाही शुरू करने को कहा था।

रजत ठाकुर ने बताया कि मई माह के 17 दिन होने के बावजूद भी इसका निर्माण शुरू नही हुआ। जबकि पूर्व सरकार ने इस भवन का निर्माण बजट की समुचित व्यवस्था करने के बाद ही इसका निर्माण तेज गति से चला था, लेकिन सरकार बदलते ही मुख्यमंत्री ने बजट ओर धन की कमी का रोना रोते हुए समूचे धर्मपुर के निर्माण कार्य बंद करवा दिए। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर से आग्रह कर इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय से जनवरी माह को 10 करोड़ रुपए ओर मंजूर करवाये थे जिसकी अधिसूचना भी केंद्र सरकार ने जारी कर दी थी, लेकिन बावजूद 5 माह के बावजूद भी प्रदेश सरकार से स्थानीय विधायक उसका निर्माण कार्य शुरू नही करवा पाए हैं।



उन्होंने बैठक में निर्णय लिया कि वो पहले चरण में अस्पताल के अधूरे भवन को ढकने के लिए आज से संधोल इकाई के सभी सदस्य, क्षेत्र के करीब 22 युवक मंडल और महिला मंडल के सदस्य क्षेत्र के प्रत्येक घर-घर जाकर एक-एक रुपया चंदे के रूप में इक्ट्ठा करेंगे। जमा हुई राशि से वो हफ्तेभर में एक तिरपाल खरीदेंगे जिससे शेष बचे भवन को तिरपाल से ढक देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद दूसरे चरण में पूर्व सैनिकों के साथ मिल कर अधूरे पड़े सैनिक विश्राम गृह के भवन को भी ढकेंगे।

इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र मंढोतरा, चंदर पाल मंढोतरा, केप्टन संत राम, ओमप्रकाश, संधोल के प्रधान कुलदीप चंद, गोपाल सकलानी नीलम शर्मा दिनेश ठाकुर अनिल ऋषभ संजीव सहित कई पदाधिकारी व करीब दो दर्जन सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं को सनातन धर्म पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमकेप्स प्रांगण में जगत गुरु रामानंदनाचार्य विकास दास जी महाराज द्वारा कॉलेज कैम्पस में लॉ एवं नर्सिंग की छात्राओं को सनातन धर्म के साथ जुड़ने एवं अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाए रखने के साथ अपने धर्म कर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर भारत से 15 वर्षों की निरंतर साधना भक्ति तपस्या के वाद श्री श्री 1008 जगत गुरु रामानंदाचार्य जी को प्रयागराज के महाकुंभ में समस्त महाराज श्री श्री 1008 जगत गुरु रामानंदाचार्य जी संत समाज की मौजूदगी में उत्तर भारत के प्रथम जगतगुरु महाराज जी को पूरे वेदों का संपूर्ण ज्ञान हासिल है, एवं उन्हें श्री मदभागवत के श्लोकों का पूर्णत ज्ञान प्राप्त है। श्री मदभागवत महापुराण में हिन्दी एवं अंग्रेजी में पीएचडी की डिग्री प्राप्त है। हिमकेप्स कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में कमल देव, देस राज राणा, सोमनाथ, कमलजीत सिंह नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसीपल ए कार्तिकेसल्बी एवं डॉ जसवंत सिंह एवं डॉ. विवेक जी के साथ स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव 19 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ग्रेड ए ऊना में 19 मई को सुबह 9.30 बजे एक जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी इंजीनियर सतीश कुमार ने जानकारी दी कि इस दौरान मैसर्ज जीएमपी टेक्निकल सॉल्यूशन प्रा. लि. यूनिट-4 सरकापरा फतेहगढ़ साहिब पंजाब कंपनी में फिटर के 10, ट्रर्नर के 5, मशीनस्टि के 5 और वैल्डर के 30 पद भरे जाएंगे। इसके साथ ही आईटीआई के प्रधानाचार्य अंशुल भारद्वाज ने बताया कि मैसर्ज एनजीजी पॉवर टेक झोला माजरा पोलियां बीत में वैल्डर और इलैक्ट्रिशियन के 20-20 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### आईटीआई ऊना में साक्षात्कार 20 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आईटीआई ऊना ग्रेड ए में 20 मई को सुबह 9.30 बजे मैसर्ज अमास स्किल वेंचर गुरुग्राम द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर अंशुल भारद्वाज ने बताया कि कंपनी द्वारा मकैनिक मोटर व्हीकल, मकैनिक डीजल, फिटर, मकैनिक रैफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनर, ट्रर्नर, मशीनिस्ट, वैल्डर, वायरमैन, कोपा, वुड वर्क तकनीशियन, इलैक्ट्रिशियन और इलैक्ट्रानिकस व्यावसायों में 100 पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 27 साल के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी को कंपनी द्वारा 13 हज़ार रूपये प्रारंभिक वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव में फ्रेशर और पूर्व में प्रशिक्षण ले चुके प्रशिक्षु भी साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### एसपी अमित यादव ने माता चिंतपूर्णी के किए दर्शन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के नए एसपी अमित यादव ने पदभार संभालने के बाद शुक्रवार शाम को परिवार सहित चिंतपूर्णी मंदिर में माता रानी के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। एसपी अमित यादव का यह दौरा उनके पदभार संभालने के बाद एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया।

### पंजावर-बाथड़ी सड़क पर आज से वाहनों की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजावर-बाथड़ी सड़क के किलोमीटर 23/0 से 24/0 और 26/00 से 28/00 रोड़ तक के भाग पर वाहनों की आवाजाही 18 मई से 30 जून तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान वाहनों के आवागमन के लिए यातायात को हरोली कॉलेज से आईपीएच विश्राम गृह हरोली और ऊपरी सुबवाना से निचले सुबवाना तक संपर्क मार्ग के माध्यम से वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया गया है।

### बिल्ली के हमले से पंप ऑपरेटर घायल

**अनंत ज्ञान, जोल।** जोल जल शक्ति विभाग जोल के अधीन आते एक वाटर पंप ऑपरेटर पर एक बिल्ली हमला कर दिया। हमले में पंप ऑपरेटर को दोनों हाथों और बाजू में जख्म आए हैं। स्थानीय राहगीर की सहायता से पंप ऑपरेटर को बचाया गया, हालांकि बीच बचाव करते राहगीर को भी बिल्ली ने पंजे मारे हैं। पंप ऑपरेटर का नजदीकी डॉक्टर के पास उपचार करवाया गया। जानकारी के अनुसार जल शक्ति विभाग जोल के आधीन आता एक वाटर पंप ऑपरेटर शुक्रवार दोपहर के समय रोजाना की तरह जोल में पेयजल सप्लाई सुचारू करने के लिए मेन पाईप का बाल खोलने गया था। जैसे ही पंप ऑपरेटर बाल खोलने के लिए हाथ आगे बढ़ाता है कि अचानक एक बिल्ली ने अपने पंजों से कई बार हमला कर दिया। बिल्ली के तबातोड़ हमले के दौरान पंप ऑपरेटर के दोनों हाथों और दाहिने बाजू को चोटिल कर दिया। उधर, जल शक्ति विभाग के जेई रमेश चंद ने बताया कि घायल पंप ऑपरेटर को स्थानीय क्लीनिक में प्राथमिक उपचार दिलवा दिया गया है।

### बिजली बिल जमा न करने पर कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, अंब।** सब डिविजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने बाले सभी उपभोगताओं के पास बिजली बोर्ड के 42 लाख रुपए फंसे हुए हैं। बिजली बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यदि 26 मई 2025 तक बिजली बिल जमा नहीं हुए तो उपभोक्ताओं के बिना कोई नोटिस दिए कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बिजली बोर्ड के एसडीओ धर्मपाल ने बताया कि विद्युत सब डिविजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले मुबारिकपुर, भंजाल, नकडोह, कुनेरन, बनेहड़ा, जीतपुर बेहरी, सिद्ध चलेड, मथेड व कलरूही आदि गांवों के सैकड़ों लोगों के बिजली बिल पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं हुए तो बिना नोटिस दिए बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे ।

# 12वीं परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने चमकाया जिले का नाम

## टॉपर महक ने नहीं ली कोई ट्यूशन

**सन्नी पुरी, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में विज्ञान संकाय में प्रदेश भर में टॉपर रही सेंट डीआर पब्लिक स्कूल गगरेट की छात्रा महक के सिर से करीब एक माह पहले जब पिता का साया उठा तो महक को पता नहीं चल रहा था कि क्या करें लेकिन अब जब बोर्ड परीक्षाओं में टॉप किया है तो उसका लक्ष्य मां की तरह शिक्षिका बनकर सुशिक्षित समाज की परिकल्पना को साकार करने का है। दस जमा दो की वार्षिक परीक्षा में महक ने पांच सौ में से 486 अंक अर्जित किए हैं।



उपमंडल गगरेट के मरवाड़ी गांव की निवासी महक की मां गुरदीप कौर शिक्षिका हैं। महक ने बताया कि उसने न तो कोई ट्यूशन हासिल की बल्कि स्वयं एकाग्रचित होकर पढ़ाई की। शिक्षकों ने उसे बताया था जो भी पढ़ो उसे बार-बार लिखकर देखो, बस इसी पढ़ाई सहज और सरल हो गई। (अनंत ज्ञान)

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है कनक शर्मा

**गगरेट।** गगरेट सेंट डीआर पब्लिक स्कूल कि कनक ने प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया हैं कनक शर्मा ने 96.4 फीसदी अंक प्राप्त करने में सफलता हासिल किए हैं। कनक शर्मा सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर नाम कमाना चाहती हैं। कनक के पिता कोऑपरेटिव सोसाइटी में अकाउंट का कार्य करते हैं व माता गृहिणी हैं।



## तनिष्का ठाकुर करेंगी कम्प्यूटर साइंस में बैचलर डिग्री

**गगरेट।** प्रदेश भर में आठवां स्थान अर्जित करने वाली सेंट डीआर पब्लिक स्कूल गगरेट की छात्रा तनिष्का ठाकुर कंप्यूटर साइंस में बैचलर डिग्री करना चाहती है। तनिष्का अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को देती हैं। तनिष्का ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में पांच सौ में से 477 अंक हासिल किए हैं। तनिष्का ठाकुर के पिता प्राइवेट जाब करते हैं तो मां गृहणी हैं। तनिष्का ठाकुर ने बताया कि अगर शिक्षकों के बताए का अनुसरण करके एकाग्रचित होकर पढ़ाई की जाए तो सफलता अपने आप मिलती है। तनिष्का अब कम्प्यूटर साइंस में बैचलर डिग्री करना चाहती है। वह अपना अगला लक्ष्य तय करेंगी।



## पलक का सपना डॉक्टर बनना

**गगरेट।** जमा दो की परीक्षा में प्रदेश भर में तृतीय स्थान अर्जित करने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा की छात्रा पलक ठाकुर डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करना चाहती है। पलक ठाकुर ने दस जमा दो की परीक्षा में पांच सौ में से 482 अंक अर्जित किए हैं। बेहद साधारण परिवार से संबंध रखने वाली पलक ठाकुर के पिता सुरेश कुमार एक दुकान पर कार्यरत हैं तो मां गृहणी है। पलक ठाकुर कहती हैं कि उन्होंने कभी यह सोचकर तैयारी नहीं की कि मेरिट सूची में नाम दाखिल करवाना है बल्कि उसका पूरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई पर फोकस रहा। पलक ठाकुर ने नीट की परीक्षा भी दी है।



## साक्षी का सपना डॉक्टर बनना

**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दस जमा दो की परीक्षा में प्रदेश भर में पांचवें स्थान अर्जित करने में कामयाब रही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढेड़ा राजपूतां की छात्रा साक्षी का सपना डाक्टर बनने का है। साक्षी के पिता दुकानदार हैं तो मां गृहणी है। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। साक्षी ने बताया कि अगर माता-पिता के साथ शिक्षकों का आशीर्वाद आपके साथ हो तो कोई भी ताकत सफलता को आपसे दूर नहीं ले जा सकती। साक्षी ने बताया कि उेस स्कूल में शैक्षणिक माहौल मिला तो मां-बाप ने भी निरंतर उसका हौसला बढ़ाया। इसके दम पर ही वह बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में पांच सौ में से 480 अंक अर्जित कर पाई है। साक्षी ने डाक्टर बनने के लिए नीट की परीक्षा भी दी है। उसे पूर्ण विश्वास है कि नीट में भी उसे सफलता हाथ लगेगी।



## भंजाल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित 17 मई को घोषित हुआ। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताते चले कि स्कूल के 48 छात्र छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिसमे से 44 विद्यार्थीयो ने परीक्षा पास की है जिसके साथ स्कूल का परिणाम लगभग 92 फीसदी सफल रहा। स्कूल में आर्ट्स में पहले स्थान पर 403 अंक के साथ कनिका, दूसरे स्थान पर 384 अंक के साथ सिया, व तीसरे स्थान पर 362 अंक के साथ ममता रहा। विज्ञान में पहले स्थान पर 381 अंक के साथ जान्हवी, दूसरे स्थान पर 378 अंक के साथ पालवी, व तीसरे स्थान पर 374 अंक के साथ कार्तिक रहा । कॉमर्स आर्ट्स में पहले स्थान पर 445 अंक के साथ आरुषि, दूसरे स्थान पर 414 अंक के साथ ईशान व तीसरे स्थान पर 412 अंक के साथ गगनदीप रहा। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दी उन्होंने छात्रों की उपलब्धि के लिए पाठशाला के स्टाफ को बधाई दी है ।

## कृतिका ने मेरिट में हासिल किया पांचवां स्थान

**विवेक शर्मा, अम्ब**



कृतिका शर्मा ने पूरे हिमाचल में विज्ञान संकाय में 5वां स्थान प्राप्त कर स्कूल, माता-पिता और शहर का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा के परिणाम में, गुरुकुल पब्लिक स्कूल पक्का परोह के कृतिका शर्मा (साइंस स्ट्रीम) ने प्रदेश के शीर्ष दस छात्रों की मेरिट सूची में 5वां स्थान हासिल किया है।

कृतिका शर्मा ने 483/500 (97 फीसदी) अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ष भी गुरुकुल स्कूल पक्का परोह का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रबंधक राजेश गौतम ने बच्चों को बधाई दी। स्कूल की निर्देशिका ज्योति गौतम ने बच्चों को मिठाई खिलाई। इस मौके पर प्रधानाचार्या शिवानी गुलेरिया, डीन प्रियंका शर्मा, एकेडमिक प्रिंसिपल शिखा लठ, वाइस प्रिंसिपल कमलेश ठाकुर व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।(अनंत ज्ञान)



## शगुन और अनन्या ने हासिल की पोजिशन

**अनंत ज्ञान, चौकीमनियार**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकी मनियार की दो छात्राओं ने प्रदेश की टॉप टेन मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई है। स्कूल की बारहवीं कॉमर्स की छात्रा शगुन ने प्रदेशभर में 478 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल है।

शगुन के पिता स्थानीय बाजार में कारोबारी है शगुन ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और माता पिता को देते हुए कहा कि स्कूल में अच्छे माहौल और अध्यापकों के अच्छे मार्गदर्शक की वजह से आज वह सफलता हासिल कर पाई हैं । शगुन ने बताया कि वे आगे चलकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती हैं। वहीं प्रदेश की टॉप टेन मेरिट सूची में आठवां स्थान इसी स्कूल की छात्रा अनन्या ठाकुर ने 477 अंक प्राप्त करके हासिल किया है।

अनन्या के माता-पिता दोनों शिक्षक हैं और बतौर शिक्षक निजी स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अनन्य ठाकुर भी सीए बनना चाहती हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा और एसएमसी प्रधान संजय ठाकुर ने संजीव ठाकुर ने बच्चों को सफलता के लिए बधाई।

## चलोला विद्यालय की छात्रा शिवानी और दमनप्रीत ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

चलोला विद्यालय ने इस वर्ष बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ा है। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने दी।

प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करते हुए सफलता हासिल की। छात्रा शिवानी ने 432 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, वहीं दमनप्रीत ने 431 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अश्वनी कुमार जी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और कर्मठ शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

उन्होंने बताया कि चलोला विद्यालय में समर्पित शिक्षकगण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। विद्यालय के इस बेहतरीन प्रदर्शन से न केवल विद्यार्थियों और शिक्षकों में बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

## टकारला स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 97 फीसदी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम 97 फीसदी रहा है। वहीं प्रथम स्थान पर सुल्ताना बेगम पुत्री लाल दीन 94 फीसदी, जानवी शर्मा पुत्री रविंद्र कुमार 93 फीसदी, राहुल पुत्तर कृष्ण कुमार 92 फीसदी आदि अंक लेकर स्कूल का और अपने गांव का नाम रोशन किया है।

**सुल्ताना बेगम ने हासिल किए 94 फीसदी अंक**

प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने बढ़िया रिजल्ट आने पर प्रसन्नता जाहिर की है और बच्चों के प्रथम द्वितीय और तृतीय रहने वालों के इतने अंक लेना बच्चों की प्रतिभा को दर्शाता है प्रधानाचार्य ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की है।

## पंचायत टयुंगली में मातृ शक्ति ने नशे के खिलाफ उठाई आवाज



ग्राम पंचायत टयुंगली (कोहड़रा) में गोद भराई के बाद संयुक्त चित्र में कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अवसर पर टयूंगली (कोहड़रा) के आगनबाड़ी केंद्र, पडियोला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बलटीना कुमारी एवं सहायिका मंजीत कुमारी का विशेष योगदान रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कंचन वाला, आशा कार्यकर्ता अजुली ठाकुर एवं कांता देवी ने उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामवासियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर केंद्रित रहा। समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए मातृ शक्ति को इससे दूर रहने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि महिलाएं नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाना समाज के लिए बहुत ही चिंता का विषय है, जबकि औरतों को बच्चों का पालन पोषण करना और घर परिवार को संभालने का कार्य होता है। महिलाएं की ही समाज में जागरूकता का संदेश के लिए की अहम जिम्मेदारी होती है।

## सिंदूर लिखा हार माता चिंतपूर्णी को चढ़ाया

**विकास, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में पंजाब के श्रद्धालुओं ने देशभक्ति का जज्बा दिखाते हुए माता रानी की पिंडी पर भारतीय झंडे और सिंदूर लिखा हुआ हार चढ़ाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने देश के सैनिकों की रक्षा और सुख-शांति के लिए पूजा-अर्चना की। पंजाब के जिला कपूरथला से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो साहस और जज्बा दिखाया है, उसी के चलते आज माता रानी के दरबार में फौजी भाइयों की रक्षा के लिए माता रानी से प्रार्थना की।




माता रानी की पिंडी पर चढ़ाया गया यह हार मंदिर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कहा कि माता रानी की कृपा से देश के सैनिकों को शक्ति और साहस मिलता है। वह माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि देश के सैनिकों को हमेशा सुरक्षा और शक्ति प्रदान करें और सुख शांति बनाए रखे।(अनंत ज्ञान)

## शिविर में 300 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, जोल**



नेत्र जांच शिविर में उपस्थित लोग।

महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति योगराज जोगी ने उद्घाटन किया। लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी करने के उद्देश्य से प्रेस क्लब जोल द्वारा शनिवार को उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत सोहारी के सामुदायिक भवन में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 300 लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा के उद्योगपति, समाजसेवी एवं लोअर चिंतपूर्णी भाजपा के उपाध्यक्ष योगराज जोगी ने किया।

मुख्यातिथि को प्रेस क्लब जोल के सभी सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग से आई हुई टीम का प्रेस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में प्रेस क्लब जोल के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष अश्वनी भाटिया, मुख्य संरक्षक सुभाष गर्ग, महासचिव पूर्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष नीरज चोपड़ा, सह कोषाध्यक्ष पंकज रणौत, सह सचिव अश्वनी दयात, सदस्य सिरि चंद, राजेश शर्मा, मांगे शाह, राकेश शर्मा, विजय कपिला, सतीश कुमार, रिंकू भारद्वाज,आभा कौंडल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यातिथि योगराज जोगी ने इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। आयुष विभाग एवं आयुर्वेदिक विभाग टकोली की टीम डॉ. श्वेता धीमान, डॉ. रजनी बाला, रामपाल, योगा इंस्ट्रक्टर अनुराधा,शालिनी, विजय शर्मा ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में सामान्य जांच, ब्लड प्रेशर से संबंधित निशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा दी गई। जिसमें कुल 300 लोगों के नेत्र एवं स्वास्थ्य की जांच की गई। क्लब के सदस्यों ने शिविर में आए लोगों को शुद्ध दैनिक सेवा उपलब्ध कराने के लिए समर्पण के साथ कार्य किया। इस मौके पर स्थानीय प्रधान संजीव संधू,सचिव राजकुमार, जीआरएस अभिषेक डोगरा, वार्ड पंच मोनिका, पंचायत चौली उप प्रधान विकास शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।

**शुरूआत** ऊना में 24 किसानों से खरीदी लगभग 200 क्विंटल प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं

# रामपुर और टकारला अनाज मंडी में गेहूं खरीद शुरू

**राजेश शर्मा, ऊना**

प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में शनिवार को ऊना जिला के रामपुर और टकारला अनाज मंडियों में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है।

यह प्रक्रिया कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत नागरिक आपूर्ति निगम के सहयोग से शुरू की गई है। गेहूं खरीद प्रक्रिया के पहले दिन जिला ऊना के 24 किसानों से लगभग 200 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को उनकी फसल की रसीदें प्रदान की गई हैं तथा भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है और किसानों को इसके लाभों के प्रति जागरूक कर रही है। वर्तमान में जिला ऊना में लगभग 16 हजार किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं और लगभग 2 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक विधि से खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला के किसान 5 किस्मों की गेहूं का उत्पादन प्राकृतिक खेती विधि से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह खेती विधि न केवल पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहती है। साथ ही इसमें खेती की लागत शून्य होने के चलते किसानों की आय में काफी मुनाफा होता है।



प्राकृतिक उत्पाद के साथ किसान और कृषि विभाग के अधिकारी ।

आत्मा परियोजना ऊना के निदेशक वीरेंद्र बग्गा ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है, साथ ही 2 रुपए प्रति किलोग्राम का भाड़ा भी दिया जा रहा है। इच्छुक किसान गेहूं को अच्छे से सुखाकर और साफ करके 25 मई तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रामपुर और टकारला स्थित गोदामों में विक्रय कर सकते हैं।

हरोली क्षेत्र के गांव पंजावर के किसान अखिल राणा, हम्बोली की रमा कुमारी और टकारला के प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना किसानों के लिए एक सकारात्मक पहल है।

वहीं वनगढ़ की प्रगतिशील किसान कृष्णा देवी ने बताया कि पहले रासायनिक खाद से तैयार गेहूं केवल 25 रूपये प्रति किलोग्राम में विक्रय होती थी। जबकि अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं 60 रुपए प्रति किलोग्राम (भाड़ा सहित 62) में बेची जा रही है। इससे किसानों को अच्छा-खासा मुनाफा हो रहा है। इस अवसर पर एपीएमसी के सचिव भूपेंद्र सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव वर्मा, उप परियोजना निदेशक संतोष कुमारी और शामिली गुप्ता उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

## बच्चों की करवाई 'सोशल साइंस क्विज प्रतियोगिता'



**अनंत ज्ञान, ऊना**

'डोजिंग ऑफ टेबल प्रतियोगिता' में कक्षा पहली से चौथी तक के बच्चों ने भाग लिया। छात्र तेज गति से 'टेबल' बोलते हुए एक-दूसरे को चुनौती देते गए। इस प्रतियोगिता ने गणित को खेल की तरह प्रस्तुत किया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का भाव जागृत हुआ। 'सोशल साइंस क्विज प्रतियोगिता' कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। 'डोजिंग ऑफ टेबल प्रतियोगिता' में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) 'डैफोडिल टीम' से आव्या कौर, अभिधा रावल, लवदीप सिंह, अधिराज रायजादा, जसकीरत कौर, विराज रायजादा प्रथम स्थान पर रहे।
जैस्मिन टीम से अयांश, वियान चौधरी, फतेह सिंह, ध्रुव शर्मा, जसकीरत सिंह, हरशिव शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। सनफ्लावर टीम से नित्यम जोशी, भाविनी पुरी, आयुष वत्स, देवांश शर्मा, शानवी, विराट कौशल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी, 'क्रिएटिव एक्सप्रेशन टीम' से आदया गुप्ता,आस्या कश्यप, रियांश सहजपाल, अराध्या, दलराज, रियांश धीमान प्रथम स्थान पर रहे। ब्रेन ओवर ब्रान टीम से विधि चौधरी , जसनूर कौर, आयान सिंह, मान्या, नारायण द्वितीय स्थान पर रहे। कैलकुलस हीरोज टीम से जैस्मिन, सिया गुप्ता ,गीतांशी शर्मा, सूर्यांश, विहान सोहल तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) ब्रह्म गुप्ता टीम से हर्षित शर्मा, शायना, दिव्यांश कोंडलस, कृषा, नैरीति प्रथम स्थान पर रहे। भास्कर टीम से आद्विक बाली, सूर्यांश, सक्षम शर्मा, रिध्विका सैनी द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अलग-अलग ग्रुप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में विषयों के प्रति रुचि उत्पन्न करती हैं और उनमें आत्मविश्वास तथा त्वरित सोचने की क्षमता विकसित करती हैं । स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने छात्रों की सराहना की।

## बेसहारा पशुओं के लिए की पानी की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भरवाई के क्षेत्र में बेसहारा पशुओं के लिए पानी पीने के चट्टे लगाए गए हैं। ये चट्टे गर्मी के इस मौसम में पशुओं के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। बीडीसी सदस्य डॉक्टर केशवरतन ने बताया कि राधा माधव सेवाकुंज की ओर से चिंतपूर्णी और भरवाई में पशुओं को पानी पीने के लिए सीमेंट चट्टे लगाए गए हैं। इस संस्था का मुख्य कार्यालय ऊना नंगल रोड बहडाला में स्थित है।

आपदा मित्र मयंक शर्मा और संदीप कुमार द्वारा भी दो चट्टे का निर्माण किया गया है, जिससे बेसहारा पशुओं को गर्मी के मौसम में राहत मिल रही है। इन चट्टों के लगने से पशुओं को पानी की कमी नहीं होगी और वे गर्मी से बच सकेंगे। इन पानी के चट्टों के लगने से बेसहारा पशुओं को गर्मी के मौसम में राहत मिल रही है। पशुओं को अब पानी की तलाश नहीं करनी पड़ रही है और वे इन चट्टों से पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकते हैं। राधा माधव सेवाकुंज और आपदा मित्र मयंक शर्मा और संदीप कुमार की इस पहल को समाज के लिए अच्छा उदाहरण माना जा सकता है।

### जलोड़ी दर्रे में फिर वन विभाग के खिलाफ फूटा रघुपुर क्षेत्र के युवाओं का गुस्सा

# 7 पंचायतों के लोगों ने एनएच पर दिया धरना

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

शनिवार को आनी खंड के रघुपुर क्षेत्र के करीब 300 से ज्यादा लोगों ने जलोड़ी दर्रे में वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में आनी खंड की करशेईगाड़, टकरासी, फनौटी, लगौटी, बिशलाधार और कराड़ आदि 7 पंचायतों के युवा, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान लोगों ने सुबह 11 से 2 बजे तक जलोड़ी दर्रे पर नारेबाजी की और रघुपुर गढ़ में टेंट लगाकर रोजगार के साधन उपलब्ध कर रोजी रोटी कमा रहे लोगों को वन विभाग द्वारा ईको टूरिज्म के विकास के नाम पर खदेड़ने को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। हालांकि, इस दौरान लोगों को किसी भी तरह की दिक्कत पेश नहीं आने दी और ट्रैफिक सुचारु रखा। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने कड़ी मेहनत से रघुपुर गढ़ को पर्यटकों के लिए विकसित किया। यहां की सुंदरता, यहां की


लोग जलोड़ी दर्रे में वन विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

विशेषताओं को सोशल मीडिया, इंटरनेट के माध्यम से दुनिया भर में फैलाया और अब जब पर्यटकों का देश भर के अलावा विदेशों से आने का सिलसिला बढ़ गया, तो अचानक रघुपुर गढ़ को ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने के नाम पर वन विभाग की टीम ने आकर वीरवार को टेंट उखाड़ने शुरू कर दिए, जिसका युवाओं ने विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग और प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रदेश की जिन 77 साइटों को ईको टूरिज्म के तहत विकसित किया जाना है, उस में से रघुपुर गढ़ को हटा दिया जाए क्योंकि क्षेत्र की जनता को अंदेशा है कि वन विभाग और सरकार रघुपुर गढ़ को ईको टूरिज्म के नाम पर पूंजीपतियों के हवाले कर देगी, जबकि रोजगार में जुटे क्षेत्र के युवा एक बार फिर बेरोजगारी की गर्त में धकेल दिए जाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग और सरकार को दो टूक कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो इससे भी बड़ा और उग्र प्रदर्शन उपमंडल मुख्यालय आनी और वनमंडल अधिकारी आनी के लुहरी स्थित कार्यालय के बाहर किया जाएगा। इस दौरान रघुपुर टूरिज्म डिवेलपमेंट सोसायटी के प्रधान उगम ठाकुर, बीडीसी सदस्य जोत राम और पूर्ण शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रघपत ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे। वन विभाग ने रघुपुर गढ़ सहित क्षेत्र के जलोड़ी और बागासराहन को प्रदेश की 77 साइटों के साथ ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने के लिए चिन्हित किया है। रघुपुर गढ़ की 0.5 हेक्टेयर भूमि को ऑक्शन की जाएगी और उसे विकसित किया जाएगा।

वन मंडलाधिकारी आनी का कहना है कि रघुपुर गढ़ में स्थित किले के आसपास क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने करीब 31 अवैध स्ट्रक्चर खड़े कर दिए हैं, उन्हें बार-बार कहा जा रहा है कि रघुपुर फोर्ट के आसपास की जगह खाली कर दें और बेसकैंप में आकर तय नियमों के तहत 4 आदमियों की क्षमता वाले टेंट एक जगह आकर लगाएं, जिसे वे मानने को तैयार नहीं हैं, जबकि वन विभाग किसी को भी रघुपुर गढ़ के किले के आसपास की सुंदरता को खराब करने की अनुमति नहीं देगा। (अनंत ज्ञान)

### 4 घंटों तक नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

**करीब** 4 घंटे तक इस विरोध प्रदर्शन में उपस्थित महिलाओं, युवाओं के साथ मध्यस्थता के लिए न वन विभाग का कोई अधिकारी पहुंचा और न ही प्रशासन की ओर से कोई अन्य अधिकारी। ऐसे में प्रदर्शनकारियों का आक्रोश अपने चरम पर था।

हमने किसी को भी रघुपुर गढ़ के किले के आसपास बड़े-बड़े टेंट लगाकर काम करने की अनुमति नहीं दी है। वन विभाग के तय नियमों के तहत ही सभी को एक जगह फूड प्वॉइंट बनाकर बसाया जाएगा, यहां-वहां किसी भी सूरत में नहीं अन्यथा कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**डॉ. चमन राव, वन मंडलाधिकारी।**

# 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में लड़कियों का दबदबा

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

निरमंड खंड के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कशोली वर्ष का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक व मिडिया प्रभारी अजीत डोगरा ने बताया कि शिक्षा खंड निरमंड जिला कुल्लू की कशोली स्कूल की छात्रा अंकिता पाठक ने 500 में से 460 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि निधि ने 430 अंक लेकर दूसरा व सुमित ने 422 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा। प्रधानाचार्य प्रवीण गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं व भविष्य में भी इसी तरह कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि उनके स्कूल के सभी अध्यापक कर्मठ, अनुभवी व कर्तव्य निष्ठ हैं। वर्षभर सभी शिक्षकों व बच्चों की कड़ी मेहनत से आज हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। इसके लिए उन्होंने अपने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी।

### प्रशासनिक अधिकारी बनेगी अदिति



**कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलवारी (कुल्लू) की छात्रा अदिति ठाकुर ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा मेरिट में दसवां स्थान प्राप्त किया। छात्रा भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी बन देश और जनता की सेवा करना चाहती है। छात्रा ने प्रशासनिक अधिकारी बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है। छात्रा के पिता कुलदीप सिंह किसान और माता रीना देवी गृहणी हैं।

### सीए बनकर भविष्य बनाएगी भैरवी



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के द्वारा शनिवार दोपहर को 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। ऐसे में एक बार फिर से हिमाचल प्रदेश में बेटियों ने अपना दबदबा कायम रखा। जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में भारत भारती स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाली भैरवी सिंह जंवाल पुत्री कुबेर सिंह जंवाल निवासी शोरन ने कॉमर्स की परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक लेकर दसवां स्थान हासिल किया है। वहीं, भैरवी सिंह का कहना है कि मेहनत के बूते आज उन्होंने यह स्थान हासिल किया है और इसमें परिवार के लोगों के साथ-साथ गुरुजनों का भी काफी अहम योगदान रहा है। ऐसे में आगामी समय में वह सीए की परीक्षा को पास करेगी और सीए बनकर अपना भविष्य बनाएगी।

### शिक्षिका बनाना चाहती है शीतला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



गड़सा घाटी के शियाह के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में शिक्षा ग्रहण करने वाली शीतला पुत्री नरेंद्र कुमार निवासी लोअर हवाई ने आर्ट्स की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक लेकर पांचवां स्थान हासिल किया है। शीतला का कहना है कि वह आगे चलकर एक शिक्षिका के रूप में कार्य करना चाहती हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में वह बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों की प्रतिभा को सही स्थान मिल सके।

# 3 अलग-अलग मामलों में 686 ग्राम चरस और चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 अलग-अलग मामलों में चरस और चिट्टा बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पहले मामले में भुंतर पुलिस थाना की टीम ने मणिकर्ण रोड पर जच्छणी के पास नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी ली। जांच के दौरान उसके कब्जे से 606 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान दीपू (21) पुत्र दुन्नी चंद निवासी गांव गाहर, डाकघर सेऊबाग, तहसील व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। उस पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के अंतर्गत केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। दूसरे मामले में मणिकर्ण पुलिस थाना की टीम ने सुमारोपा के समीप गश्त के दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 81 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान पूर्ण महेश (31) पुत्र कुंदन लाल निवासी गांव तलाड़ी, डाकघर धारा, उपतहसील जरी व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

तीसरे मामले में मनाली पुलिस थाना की टीम ने ब्राण रोड पर गश्त के दौरान एक कार (एचपी 01के-5837) को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान कार में बैठे युवक से 4.020 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान साहिल नेगी (30) पुत्र नुरबू नेगी निवासी वार्ड नंबर-10, गांव बालाबेहड़ व डाकघर ढालपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 25 के तहत केस दर्ज किया गया है। उधर, तीनों मामलों की पुष्टि एसपी कुल्लू ने की है। उन्होंने बताया कि बरामद नशे की खरीद-फरोख्त के स्रोत और नेटवर्क की जांच की जा रही है।

## भाषण प्रतियोगिता में अनाया प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में बोलने की कुशलताएं, आत्मविश्वास, महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मक क्रियाओं को विकसित करने का प्रोत्साहन मिलता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। कक्षा पांचवीं में प्रथम अनाया, दूसरा एकता, रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी में प्रथम शानवी, दूसरा मन्नत, सुदिति तृतीय स्थान पर रही। कक्षा सातवीं से प्रथम कैरवी, दूसरा कार्तिक, विहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से प्रथम भव्यश्री, दूसरा प्रांजल, आर्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक सुरेश कुमार एवं प्रधानाचार्या रीतू सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और रचनात्मक क्रियाओं की सरहाना की।

# पर्यटन स्थल रोहतांग में रोमांच का सफर शुरू

**एम बोकटापा, मनाली**

देसी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद रोहतांग दर्रा बहाल हो गया है। शनिवार से रोहतांग के लिए पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है। दर्रे तक बर्फ हटाने के कार्य में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, अब रोमांच का सफर शुरू हो गया है।

शनिवार को 55 फुट ऊंची बर्फ की दीवारों से होकर वाहन रोहतांग की ओर निकले, तो पर्यटक झूम उठे। पहले दिन लगभग 800 वाहनों में पर्यटक रोहतांग पहुंचे। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बतौर जिला दंडाधिकारी रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल करने की अधिसूचना जारी की है। जानकारी के अनुसार एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने सीमा सड़क संगठन और पुलिस के साथ 15 मई को रोहतांग सड़क का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया कि सड़क पर पर्यटकों की आवाजाही


प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग में चहलकदमी करते हुए पर्यटक।

सही है। रोहतांग में पर्यटकों की सुविधा के लिए शौचालय बन गए हैं। पार्किंग स्थलों से बर्फ भी हटा दी गई है।

एसडीएम के अनुसार डीसी ने 17 मई से रोहतांग दर्रा तक पर्यटकों की आवाजाही शुरू करने की अधिसूचना जारी की है। प्रत्येक मंगलवार को सड़क की मरम्मत के कार्य के कारण रोहतांग दर्रा बंद रहेगा। पहले दिन शनिवार को लगभग 800 पर्यटक वाहन पहुंचे। रोहतांग दर्रा में 15 फुट से अधिक बर्फ की मोटी परत जमी है। सीमा सड़क संगठन ने इस साल लगभग 13 दिन पहले रोहतांग को बहाल किया। पिछले साल 30 मई को रोहतांग के लिए पर्यटकों की आवाजाही शुरू हुई थी। रोहतांग बहाल होने के बाद मनाली में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## मनाली से रोहतांग के लिए इलेक्ट्रिक बस शुरू, 500 रुपए किराया

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पर्यटन नगरी मनाली आने वाले सैलानियों के लिए खुशखबरी है।

एचआरटीसी ने मनाली से रोहतांग दर्रा जाने के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवाओं को शुरू कर दिया है। निगम एनजीटी के आदेश पर इन बसों को चला रहा है। सुबह नौ बजे मनाली से रोहतांग के लिए बस रवाना हुई। पर्यटक मात्र 500 रुपए में रोहतांग की बर्फीली वादियों को निहार सकेंगे। निगम की इलेक्ट्रिक बस सेवा आरंभ होने से सैलानियों को परमिट की चिंता नहीं रहेगी। साथ ही उन्हें टैक्सियों के लिए भी हजारों रुपए नहीं देने पड़ेंगे। पर्यटक अब आसानी से मनाली बस अड्डे में जाकर अपनी सीट को बुक करवा 13,050 फुट ऊंचे स्थल रोहतांग जा सकेंगे। निगम की यह बसें मनाली से सुबह नौ बजे रवाना होंगी। एचआरटीसी पर्यटकों की संख्या के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाएगा। एचआरटीसी अड्डा प्रभारी मनाली खूब राम ने कहा कि निगम ने पर्यटकों की सुविधा के लिए मनाली-रोहतांग दर्रा के लिए इलेक्ट्रिक बसों को शुरू कर दिया है। रविवार को बसों को रोहतांग भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटको की डिमांड के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### यंगेस्ट फ्लैग एक्सपर्ट ने सीएम सुक्खू से शिमला में की मुलाकात

# प्रदेश सरकार सक्षम को करेगी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के पांच वर्षीय सक्षम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मुलाकात की।

सक्षम की मुख्यमंत्री से यह दूसरी भेंट थी। पहली मुलाकात सर्किट हाउस मनाली में विंटर कार्निवाल के दौरान हुई थी। बता दें कि सक्षम ने महज पांच वर्ष की उम्र में चार बार नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं। सक्षम ने 15 महीने की उम्र में सभी अल्फाबेट सीखकर पहला रिकॉर्ड बनाया था। इससे उसे मिरेकल ब्वॉय का टाइटल मिला था। दूसरा रिकॉर्ड तीन साल की उम्र में कार कलेक्शन का था। कार के लोगो देखकर दुनिया की लगभग सभी गाड़ियों की कंपनियों को पहचानता था। तीसरा रिकॉर्ड पांच साली की उम्र में सक्षम को 195 देशों के झंडे, उनकी भाषा, मुद्रा, राजधानियां और सभी देशों के नाम की स्पेलिंग सहित जुबानी याद है। इसके लिए सक्षम को यंगेस्ट फ्लैग एक्सपर्ट एंड मैप जिनीयस ऑफ इंडिया का टाइटल मिला। सक्षम की चौथी और सबसे अनोखी उपलब्धि यह है कि वह किसी भी देश को 5 से 10 सेकेंड के भीतर नक्शे पर ढूंढ सकता है।



उसकी इस क्षमता ने भूगोल के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। यह देखकर विशेषज्ञ भी चकित रह गए कि इतने छोटे बच्चे ने इतनी जटिल चीज को इतनी आसानी से कैसे समझ लिया। सक्षम की यह उपलब्धि उसकी असाधारण स्मरण शक्ति और उसकी सीखने की अद्वितीय क्षमता को दर्शाती है। बच्चे से मिलकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षम ने देशभर में हिमाचल का नाम रोशन किया है, इस प्रकार के बच्चे देश का गर्व होते हैं। प्रदेश सरकार भी इस बच्चे को सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री से स्नेह मिलान के दौरान सबसे पहले अपने ऑफिस की खिड़की से सक्षम को पूरा शिमला दिखाया और फिर कहा कि सक्षम मनाली से आया है, तो इसे जूस पिलाया जाए। जूस पीने के बाद सक्षम ने मुख्यमंत्री से कहा कि मुझसे कोई प्रश्न तो पूछो। इस मासूमियत भरे आवेदन को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि साउथ अफ्रीका का झंडा बनाकर दिखाओ। सक्षम ने अपने राइटिंग पैड पर झंडा बनाया और उसके पूरे रंगों का ब्योरा दिया।

# साहब! हनुमानी बाग में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं, लगे अंकुश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के हनुमानी बाग क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार को हनुमानी बाग का एक प्रतिनिधिमंडल एएसपी कुल्लू से मिला और एक लिखित शिकायत सौंपकर लोगों की समस्या दूर करने की मांग की, साथ ही रात्रि व दिन को गश्त बढ़ाने की मांग रखी।



हनुमानी बाग विकास मंच के प्रधान दिले राम, महासचिव डॉ. चमन प्रकाश के नेतृत्व में एएसपी से मिले इस प्रतिनिधिमंडल ने लिखित शिकायत सौंपते हुए मांग की है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 15 मई को हनुमानी बाग में तिब्बती कॉलोनी में एक बार फिर चोरी हुई। इसमें ज्ञालछन नाम के व्यक्ति के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया और चोर सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। उन्होंने इसके साक्ष्य भी इस दौरान पुलिस को सौंपे हैं। उन्होंने इस दौरान पुलिस को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सुझाव दिए हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए। हनुमानी बाग कॉलोनी के साथ नदी किनारे बनाए गए गो सदन के पास नशेड़ी लोग बैठे रहते हैं और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में भी इसी तरह के युवाओं का हाथ है, ऐसे में क्षेत्र से ऐसे लोगों को भगाने का भी आग्रह किया। उन्होंने मांग की है कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति को भी जल्द खोजा जाए और चोरी किए गए सामान को वापस दिलाया जाए।

## लाहौल पहुंचे सुधांशु महाराज व बालकृष्ण का रवि ठाकुर ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे सुधांशु महाराज और पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण का लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने सिस्सू में स्वागत किया। रवि के साथ सुधांशु महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण ने घाटी के बड़े देवता राजा घेपन के मंदिर में माथा टेका। सुधांशु महाराज और आचार्य बालकृष्ण ने पवित्र चंद्रा, भागा नदियों के संगम स्थल तांदी में पवित्र जल से आचमन करने के बाद प्राचीन बौद्ध मठ तुपचिलिंग का दौरा किया और वहां पूजा-अर्चना की। इस दौरान रवि ठाकुर ने उन्हें मेलिंग गांव के प्राचीन शिव मंदिर की महत्ता के बारे में अवगत कराया। सुधांशु महाराज और आचार्य द्वारा मेलिंग गांव पहुंचकर मेलिंग महादेव के दर्शन किए। मेलिंग गांव के महिला मंडल द्वारा सुधांशु महाराज और आचार्य बालकृष्ण के साथ-साथ पूर्व विधायक रवि ठाकुर का गांव में पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान सुधांशु महाराज ने लाहौल को योग के लिए एक बेहतर स्थान बताया।

**परेशानी** पर्यटकों व स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ रही दिक्कत

# नग्गर में सड़कों की हालत खस्ता

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

नग्गर जिला कुल्लू का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है और हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं, लेकिन वर्तमान समय में सड़कों की हालत खराब होने के कारण पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। नग्गर बस स्टैंड से आर्ट गैलरी तक सड़क कई जगहों पर टूटी हुई है और नग्गर कैसल के पास डंगा गिरा हुआ है।

स्थानीय युवा पर्यटन कारोबारी उज्ज्वल काइस्था, विवेक शर्मा, मुकुल शर्मा और साहिल काइस्था ने बताया कि यहां पर पर्यटन सीजन में नग्गर कैसल के पास हमेशा लंबा जाम लगता है, अगर इस स्थान पर जल्द ही डंगा नहीं लगाया जाता है, तो कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। पंचायत नग्गर के उपप्रधान ने विभाग से आग्रह किया कि इस डंगे का पुन: निर्माण किया जाए, ताकि सड़क का आधा हिस्सा बचा हुआ है, उसका भी बचाव हो और गाड़ियों की आवाजाही भी सुचारु रूप से चले। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर जल्द पुन: डंगे का निर्माण हो, जिससे आने वाले दिनों में किसी भी तरह से जान-माल का नुकसान न हो। स्थानीय लोगों ने विभाग से आग्रह किया कि जल्द सड़क की मरम्मत और डंगे का निर्माण किया जाए, ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)


नग्गर में सड़क का टूटा डंगा, जिस कारण कभी भी हो सकता है हादसा।

### नदी-नालों में लोग गंदगी न फेंके : कश्यप

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा नदी-नालों में कूड़ा कर्कट फेंका जाता है और नालियां भर जाती है, जिस कारण सड़क धंस रही है। उन्होंने कहा कि नदी-नालों में लोग गंदगी न फेंके।

## आनी कॉलेज में नए सत्र की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय, आनी (हरिपुर) आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए पूरी तरह तैयार है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष भी छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी की पूरी संभावना है। पिछले सत्र में 700 से अधिक विद्यार्थियों ने कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में प्रवेश के लिए आवेदन किया था, जिनमें 70 फीसदी छात्राएं थीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष विशेष रूप से विज्ञान संकाय में छात्रों का रुझान अधिक रहेगा। यहां पर अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और लगभग पूर्ण स्टाफ कार्यरत है। केवल भूगोल और जंतु-विज्ञान के दो पद रिक्त हैं, जिन्हें जल्द ही भरने की प्रक्रिया चल रही है। विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर नरेंद्र कुमार पॉल ने जानकारी दी कि कॉलेज की प्रयोगशालाओं में आधुनिक उपकरणों की सुविधा है, जिससे छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा में विशेष लाभ मिलेगा। प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि जल्द ही कॉलेज की वेबसाइट पर प्रवेश विवरणिका व अन्य आवश्यक जानकारी अपलोड की जाएगी, ताकि ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की जा सके।

# प्रशिक्षण कार्यक्रमों से बढ़ती है कार्यकुशलता : तोरुल रविश


गृह रक्षक एवं पुलिस के 26 जवानों को हिमपात एवं हिमस्खलन में राहत कार्यों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र देती हुई डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने गृह रक्षक एवं पुलिस के 26 जवानों को हिमपात एवं हिमस्खलन में राहत कार्यों के लिए सफलतापूर्वक पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए। हिमपात एवं हिमस्खलन में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 24 मार्च से 6 अप्रैल तक विशेष प्रशिक्षण अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलायड स्पोर्ट्स मनाली में आयोजित किया गया था।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को हिमाच्छादित एवं दुर्गम क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था, जिससे आपदा की स्थिति में वे प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्यों में अपनी भूमिका निभा सकें। डीसी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम सुरक्षा बलों की कार्यकुशलता एवं आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करते हैं। किसी भी आपदा से निपटने के लिए सुरक्षा बलों की दक्षता में वृद्धि होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण का लाभ जनहित के कार्य में होगा और भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गवाली, विकास खंड द्रंग स्थित पधर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गवाली द्वारा वित वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहर बन्द कुटेशनें आमन्त्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 23-05-2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत गवाली में पहुंच जानी चाहिए इस तिथि तक प्राप्त कुटेशनें दिनांक 26-05-2025 को ग्राम पंचायत गवाली की बैठक में पंचायत के समक्ष व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष यदि उपस्थित हों खोली जाएगी प्रसाशकिय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत गवाली के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। यह कुटेशनें मुहर बंद लिफाफे में डाक द्वारा या स्वयं छोडना पड़ेगी सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है। **सामग्री का विवरण**-1. रेत (प्रति घन फुट) 2 बजरी (प्रति घन फुट) 3 शौलिंग/ वोल्डर पत्थर (प्रतिघनमीटर) 4 पत्थर चिनाई (प्रतिघनमीटर ) 5 ईंट (प्रति नग) 6 जेसीबी मशीन द्वारा कटान (प्रति घंटा )7 जेसीबी मशीन द्वारा स्टोन ब्रेकर (प्रति घंटा) 8 चौखट खिड़की लोहा (प्रति रनिंग फुट) 9 चोखट खिड़की लकड़ी (प्रति रनिग फुट) 10 दरवाजा लकड़ी (प्रति वर्ग फुट ) 11 खिडकी पल्ला लकड़ी (प्रति वर्ग फुट ) 12 सीमेंट ढुलान लोडिंग/अनलोडिंग (प्रति बैग ) 13 शटरिंग (प्रति वर्ग फुट) 14 मिक्सर मशीन (प्रति घंटा) 15 दीवार लेखन (प्रति वर्ग फुट ) 16 रंग पेंट (प्रति वर्ग फुट ) 17 कार्य बोर्ड RCC 2*3 (प्रति नग) **नियम व शर्ते निम्न प्रकार से है।** 1 निविदाता के पास अपना पंजीकरण GST होना आवश्यक है। 2 रेत, बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को WX फार्म जमा करवाना होगा। 3 निविदा पर दरें साफ व स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। 4 सामग्री की आपूर्ति HPWD की Specification के अनुरूप होगी। 5 सामग्री की आपुर्ति जहां तक वाहन योग्य सड़क है तक उपलब्ध करवानी होगी। 6 सामग्री की आपुर्ति से पूर्व गुणवता की जांच तकनिकी कर्मचारियों से करवानी होगी। 7 निविदाता को मु0 20,000 (बीस हजार) रू0 की धरोहर राशि ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी। 8 अनुमोदित निविदाता समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है तो दी गई सामग्री की राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और धरोहर राशि वापिस नहीं की जाएगी। 9 किसी भी निविदा को विना कारण बताए अस्वीकृत, रद्द करने व समान दर रहने की स्थिती में एक या एक से अधिक निविदाओं को स्वीकृत करने सामग्री गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पुर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास रहेगा। 10 सामग्री खरीद का अन्तिम मुल्य / निर्णय विभाग की Justification व अनुमोदित निविदाओं के साथ Negociation अनुसार ही किया जाएगा। 11 पंचायत द्वारा मांगी गई कुटेशनें पंचायत के विवरणानुसार ही दी जाए। जिसे सभी सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया जो कि सर्वमान्य है।

**प्रधान/सचिवद ग्राम पंचायत गवाली, विकास खंड द्रंग स्थित पधर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बाली चौकी, विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया है कि ग्राम पंचायत बाली चौकी में वित वर्ष-2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन के लिए कुटेशन / निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदाएं दिनांका 4:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बाली चौकी 29-05-2025 को सामः 4:00 में पहुँच जानी चाहिए। सभी निविदाएं डाक द्वारा बन्द लिफाफे में प्राप्त की जाएगी कोई भी निविदा बाई बाई हैंड नहीं ली जाएगी। इसके वाद निर्धारित दिनांक 30-05-2025 को पंचायत कार्यालय में बैठक कमेटी के सामने निविदाएं खोली जाएगी। **सामग्री का विवरण**- 1. रेत क्रशर (प्रति फुट)2. रेत दरिया (प्रति फुट) 3. बजरी (प्रति फुट) 4. ईंट मिट्टी के भट्ठे की (प्रति नं.)5. शटरिंग (प्रति वर्ग फुट) 6. वेल्डिंग (प्रति किलोग्राम) 7. सीमेंट ढलवान /किराया लेवर सहित (पूर्ण पंचायत में) 8. जेसीबी/एलएनटी (प्रति घन मीटर) 9. मनरेगा व सामान्य मद के साईन बोर्ड 2×3 व 3×4 प्रति बोर्ड पेटिंग लिखाई सहित (प्रति बोर्ड) 10. क्रेट वायर जो एग्रो से कम रेट पर होनी चाहिए (प्रति केट) 11. सीजीआई शीट फेसिंग वायर, जीआई पाईप, पीवीसी पाईप आरसी पाईप इत्यादि 12. पत्थर किराया। **नियम व शर्तें** (1) निविदा दाता के पास अपना पैन व जीएसटी नं. होना चाहिए 2. आपूर्तिकर्ता को खनन् विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म होना अनिवार्य। 3. कार्य सामग्री कार्य स्थल तक जहां तक गाड़ी जाती है। उपलब्ध करनी होगी। 4. निविदाओं को पास रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 5. शर्तें पूरी न होने पर कुटेशन रद्द की जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बाली चौकी**
**विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुधराणी, विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सुधराणी के प्रस्ताव संख्या 8 दिनांक 15-05-25 द्वारा निर्णय लिया गया वर्ष 2025-2020 के दौरान करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए निमार्ण सामग्री की आपूर्ति हेतू निविदायें आमन्त्रित की जाती है जो कि सीलबन्द रजिस्टेर्ड लिफाफे में डाक द्वारा दिनांक 28-05-25 को सायं 5 बजे तक पहुंच जानी चाहिए जो कि निविदा दाता के समक्ष दिनांक 29-05-2025 को दोपहर 12 बजे खोली जायेगी सामग्री विवरण रेत कैशर, दरिया, बजरी ईट IAS, क्रेट वायर जो एग्रो से कम रेट पर होनी चाहिए, सीमेंट ढुलवान (Tranport) CGI Sheet, फेंसिग बायर, जीआई पाईप, पीवीसी पाईप, आरसी पाईप, सैटरिंग सेनटरी समान सीमेंट ढलवान बाली चौकी से सुधराणी व फागूधार लोडिंग व उतराई सहित। खच्चर ढलवान कैंची मोड़ टील धार सड़क से जीएसएसएस सुधराणी सड़क से कांढा सड़क से रूपीथाच, सड़क से खनेई, सारूडी पकवाणा सड़क से जोगणी माता मंदिर, सड़क से थाच, सड़क से लटेरी सड़क से डैम नाला, पकवाणा सड़क से भुआरी, खण्डेधार से सिकारी, सड़क से सुरभि खच्चर द्वारा ढलवान रेत, बजरी, ईंट आदी किया जाएगा। सूचना पट्ट साईज 2*3 तथा 3*4 लगाने सहित। **शर्तें निम्न प्रकार से हैं।** (1) गाड़ी की आरसी कुटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (2) जीएसटी भरने की रिर्टन 2 बजे की कुटेशन के साि संलग्न होना अनिवार्य है। (3) एम फार्म होना अनिवार्य है। (4) निविदाकर्ता को पंचायत के नाम 10000/- दस हजार की एफडी पंचायत के नाम जमा करनी होगी जो कुटेशन के समय संलग्न होनी चाहिए। **नोट**- शर्तें पूरी नहीं होने पर कुटेशन रद्द की जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सुधराणी,**
**विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत खलारडू द्वारा विकास कार्यो के लिए वर्ष 2025-26 हेतु सामग्री आपूर्ति के लिए दिनांक 10.04.2025 तक निविदा आमंत्रित की थी, जोकि विभागीय आदेशानुसार सरकार ने रोक लगा दी थी। अतः ग्राम पंचायत खलारडू में सामग्री आपूर्ति हेतु वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 24.05.2025 तक सभी निविदादाता पुनः पंचायत में जमा करवाएं । अतः निविदाएं 26.05.2025 को खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत खलारडू**

# 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गर्ल्स व मांगू स्कूल का दबदबा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इस बार भी बेटियों का दबदबा रहा।

जिला सोलन में भी बेटियां ही अव्वल रही। इसमें गर्ल्स स्कूल सोलन और मांगू स्कूल के स्टूडेंट्स ने टॉप 10 में वरीयता हासिल कर नाम रोशन किया। सोलन जिला की अर्की तहसील के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगू के चार छात्र- छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश बोर्ड की 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके इस प्रदर्शन से पूरे इलाके में खुशी की लहर है। पाठशाला मांगू की छात्रा मोनिका पुत्री दीपक कुमार ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की जमा दो कक्षा की वार्षिक परीक्षा में प्रदेश वरीयता सूची में सातवां स्थान तथा केवल कला संकाय में प्रदेश भर में चौथा स्थान हासिल किया। मोनिका पुलिस अधिकारी बनना चाहती हैं। मोनिका ने 500 में से 478 अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य विनोद बंसल समेत विधायक अर्की संजय अवस्थी ने मोनिका को बधाई दी है। गर्ल्स स्कूल सोलन की दृष्टि दत्ता ने 95.4 फीसदी, रक्षिता कौंडल ने 95.4



फीसदी और गर्ल्स स्कूल सोलन की ही स्वास्तिका नेगी ने 95.2 फीसदी अंक लेकर प्रदेश भर में 8वां स्थान अर्जित किया। सनराइज पब्लिक स्कूल बरुना नालागढ़ की प्राची ठाकुर ने 95 फीसदी, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल नालागढ़ की जानवी ने 95 फीसदी और गर्ल्स स्कूल सोलन की अनन्या ने भी 95 फीसदी अंक लेकर प्रदेश भर में 10वां स्थान पाया। वहीं, मांगू के छात्र हिमेश कौशल ने 95.2 प्रतिशत 476/500 अंक हासिल कर प्रदेश भर की वरीयता सूची में नौवां स्थान हासिल किया है तथा केवल कला संकाय में प्रदेश भर में छठा स्थान हासिल किया है। हिमेश कौशल सिविल सर्विस में जाकर देश और समाज की सेवा करना चाहता है। कौशल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया है। वहीं, पाठशाला मांगू की छात्रा रक्षिता कौंडल पुत्री प्रकाश कौंडल ने जमा दो की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर की वरीयता सूची में नौवां स्थान तथा केवल कला संकाय में 6वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 500 में से 476 अंक हासिल किए, जो कुल 95.2 प्रतिशत है। रक्षिता ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगू की छात्रा रिद्धि कुमारी ने कला संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर में 9वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 500 में से 473 अंक हासिल किए। रिद्धि का सपना आईएएस बनकर देश और समाज की सेवा करना है। वह रोजाना स्कूल की दिनचर्या के अलावा घर पर 8 घंटे पढ़ाई करती हैं। रिद्धि के पिता धर्मपाल सरकारी नौकरी में हैं और उनकी माता इंद्रा देवी गृहिणी हैं।

## कोटला-बारोग का सराहनीय रहा परीक्षा परिणाम

**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बारोग में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। परीक्षा परिणाम में विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 83 फीसदी रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविंद राम शर्मा और प्रधान ग्राम पंचायत दारो देवरिया देवेंद्र कंवर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारे विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें उन पर गर्व है। विद्यालय के टॉपरों में शिवानी शर्मा प्रथम (395), अनामिका(365) द्वितीय और अमन 363 तृतीय स्थान पर रहे।

## एवीएन के दो स्टूडेंट्स को मेरिट सूची में मिला स्थान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाहन की दो होनहार छात्राओं को हिप्र. शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त हुआ है। विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य केके चंदोला के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय की गौरवमयी परंपरा को कायम रखते हुए बोर्ड परिक्षा में उनके विद्यालय ने प्रदेश और जिला सिरमौर में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

उनके विद्यालय की दो मेधावी छात्राओं मन्नत सभरवाल और अदिति राणा ने 98.3 फीसदी अंक लेकर प्रदेश की योग्यता सूचि में नौंवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रदेश में जिला सिरमौर का नाम रोशन करने वाली दोनों छात्राएं पढ़ने के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी हमेशा से अव्वल रही हैं। इस बोर्ड परिक्षा में विद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि विद्यालय के 65 बच्चों ने 75 फीसदी से अधिक अंक लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया। बोर्ड परिक्षा में बैठे कुल 93 विद्यार्थियों में से 87 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए। स्कूल में 95 से अधिक अंक लेने वाले होनहार विद्यार्थियों में बोर्ड टॉपर मन्नत सभरवाल और आदिति राणा के अलावा सिमरन ने 97.4, सनीग्धा ने 97.4, आरोही ने 97.3, तोशिका ने 97.3 फीसदी अंक, इशिका और स्नेहा ने 97.0, पायल ने 95.6, सविता ने 95.3, अंकित ने 95.3, मिमांषा, दिव्यान्शी और अमन कुमार ने 95 प्रतिशत अंक, आकृति ने 94.3, अनंत परमार ने 94.0, तुषार ठाकुर, इशिका वर्मा, कनक ने 94.0 फीसदी अंक प्राप्त किए।



पारुल ने चौथा स्थान हासिल कर बढ़ाया स्कूल का मान, सम्मानित करते शिक्षक व अभिभावक।

## यूपीएससी की तैयारी करेगी पारुल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ की होनहार छात्रा पारुल सिंह ने जमा दो की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पारुल ने 500 में से 478 अंक अर्जित कर टॉप टेन में चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर पारुल सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य कांता चौहान सहित समस्त अध्यापक वर्ग और स्टूडेंट्स ने पारुल को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसकी इस उपलब्धि पर गर्व जताया। पारुल ने बताया कि अब वह यूपीएससी की तैयारी करेगी और उसका सपना प्रशासनिक सेवा में जाना है। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने अध्यापक वर्ग और परिजनों को दिया।

## वासनी स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से घोषित परीक्षा परिणाम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल वासनी जिला सिरमौर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्रा उर्वशी वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 700 में से 649 अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। उर्वशी की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्कूल प्रशासन और एसएमसी ने छात्रों के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### तुर्की व चीन में बने उत्पादों का करें बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शांतिकुंज हरिद्वार की अर्की इकाई के संयोजक राकेश शर्मा ने गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर देशवासियों से अपील की है कि वे तुर्की और चीन में बने उत्पादों का बहिष्कार करें। उनका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। राकेश शर्मा ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर हम न केवल अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को भी बचाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और देश की प्रगति में योगदान करें।

### फाउंडेशन ने बीएड प्रशिक्षुओं को दिए टिप्स



**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** लक्ष्य इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन मंज्याट अर्की में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएड छात्र व अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चेयरमैन डॉ. पीएल गुप्ता ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से आई शारदा और श्रुति का स्वागत किया व उन्हें अपने विचार साझा करने का अवसर दिया। कार्यक्रम के दौरान शारदा ने बीएड प्रशिक्षुओं को कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों को गणित में आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया एवं उन कमियों को दूर करने के उपाय सुझाए। इस दौरान उन्होंने गणित के डर को कैसे दूर किया जाए और विषयों में रुचि कैसे बढ़ाई जाए और बीएड प्रशिक्षुओं को विभिन्न तरीकों और तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया। इस मौके पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की तरफ से आई हुई कार्यकर्ता ने बीएड प्रशिक्षुओं को अपने आस-पास कमाल का कैंप आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया। सभी बीएड प्रशिक्षुओं ने गणित में विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन में स्वयंसेवक के रूप में अपना नामांकन कराया। (अनंत ज्ञान)

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए सुझाव

**संजय शर्मा, सराहां।** रोगी कल्याण समिति नागरिक चिकित्सालय सराहां की वार्षिक बैठक एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व सभा में पारित प्रस्तावों के निष्पादन की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने सुझाव दिए कि किस प्रकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी पच्छाद डॉ. पुनीत शर्मा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें सदस्य सचिव डॉ. दीपिका सरोच, प्रधान ग्राम पंचायत सराहां श्रुति चौहान, बीडीसी मेंबर शकुंतला, सीडीपीओ दीपक चौहान, अधीक्षक बीएमओ विमला चौहान, बीएमओ कार्यालय से बहुउद्देशीय कार्यकर्ता नरवीर शर्मा आदि प्रमुख हैं। बैठक में आगामी वर्ष 2025-2026 की प्राप्तियों का बजट एवं खर्चों का बजट पारित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बड़ोग स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार

**आशीष, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस विद्यालय के सभी 14 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। लक्षिता ने 700 में से 648 प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि यशवी गुप्ता 640 अंक लेकर दूसरे स्थान पर और कपिल शर्मा 625 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रह। यह परीक्षा परिणाम गुणवत्ता की दृष्टि से अच्छा रहा। इसमें 65 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। विशेष बात यह रही कि लक्षिता ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक तथा कपिल में गणित में 100 में 99 अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की इस शानदार सफलता के लिए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमचंद तथा ग्राम पंचायत तथा अन्य सदस्यों ने स्कूल प्रशासन को इसके लिए बधाई दी। मुख्याध्यापक पीसी बट्टू ने बताया कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम ज्यादा गुणवतापूर्ण है। केवल एक विद्यार्थी को छोड़कर शेष सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# प्रशासन ने माल रोड से हटाया अतिक्रमण

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम को जारी रखते हुए सपरून और कोर्ट परिसर के नजदीक माल रोड से हुए अतिक्रमण को हटाने पर कार्रवाई की।

एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में नगर निगम, पुलिस, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग की टीम ने इस मुहिम को अंजाम दिया। प्रशासनिक टीम ने इस दौरान दर्जन भर चालान भी काटे। साथ ही इसकी पुनरावृत्ति होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इससे पहले भी प्रशासन ने सपरून से ओल्ड डीसी ऑफिस चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी पर कुछ दिनों बाद ही लोग अतिक्रमण पर उतारू हो गए प्रशासन की चेतावनी के बाद भी कारोबारियों ने माल रोड पर सामान रखना शुरू कर दिया। प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशानुसार प्रशासन मुख्य मार्गों सहित माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड से 17 मई तक अतिक्रमण हटाने को कहा था पर कुछ दुकानदारों ने इसे हलके में ले लिया। (अनंत ज्ञान)



माल रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई।

> दुकानदारों ने चेतावनी के बावजूद भी सेट बैक एरिया में दुकानें सजा रखी हैं। इसे पीछे हटाने की कार्रवाई की गई। कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए। आने वाले समय में शहर के अन्य हिस्सों में भी अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी रहेगी। **डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

### निशानदेही के बावजूद हो रहा अतिक्रमण

**पिछले** वर्ष प्रशासन ने माल रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सड़क की निशानदेही की थी, लेकिन दुकानदारों ने कुछ समय बाद फिर से अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ पर दुकानें सजा दीं। इससे राहगीरों को सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हुई, अब प्रशासन ने एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में फुटपाथ और सड़क पर किए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। आने वाले दिनों में माल रोड पर अवैध तरीके से दुकानों के सामने कोरिडोर में सजाई दुकानों और फड़ियों को हटाया जाएगा। माल रोड के बाद राजगढ़ रोड और चौक बाजार से शूलिनी माता मंदिर को जाने वाली सड़क से भी अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन की तरफ से शुरू किया गया अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान के तहत सोलन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### वेंडर फ्री जोन है माल रोड

**शहर** को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने माल रोड और ओल्ड डीसी चौक से लेकर कोटला नाला की सड़क को वेंडर फ्री किया है। इन जगहों पर रेहड़ी-फड़ी लगाना प्रतिबंधित रहेगी। व्यापार मंडल सोलन ने भी दुकानदारों से दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने का आग्रह किया है। सोलन के मुख्य बाजारों में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण से न केवल राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि अपर बाजार, चौक बाजार, गंज बाजार में अतिक्रमण के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड और कूड़ा वाहन को भी निकलना मुश्किल हो जाता है।

### खुली नजर आने लगी सड़कें

**प्रशासनिक** कार्रवाई से माल रोड के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। कारोबारियों ने जल्द ही सड़क से सामान पीछे हटा दिया। इससे सड़क खुली-खुली नजर आई, जिससे राहगीरों को पैदल चलने में आसानी हुई। अपर बाजार, गंज बाजार, चौक बाजार आदि क्षेत्रों में दुकानदारों ने सड़कों पर सजाया सामान हटाना शुरू कर दिया है। आमतौर पर यह बात देखने को मिलती है कि निगम की टीम जैसे ही बाजार से अतिक्रमण हटाकर निकलती है, तो दुकानदार फिर से अपना सामान सड़कों पर सजा देते हैं। इस पर टीम ने दुकानदारों को निर्देश भी दिए हैं कि आगामी दिनों में यदि फिर से दुकानों के आगे सामान लगा मिला तो कार्रवाई करते हुए न केवल सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि दुकानदारों पर जुर्माना भी किया जाएगा।

# मेले के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वालों को नवाजा



शिरगुल देवता बैसाखी मेले के सफल आयोजन के उपरांत सम्मान समारोह में मौजूद लोग।

**बीआर चौहान, राजगढ़**

शिरगुल देवता बैसाखी मेले के सफल आयोजन के उपरांत अंबेडकर भवन, राजगढ़ में समीक्षा बैठक और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम राजगढ़ एवं मेला समिति के अध्यक्ष राज कुमार ठाकुर ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी समितियों, उपसमितियों और मीडिया प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बैठक के दौरान मेले से जुड़ी गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई और भविष्य में आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। एसडीएम ने कहा कि सभी सदस्यों की टीम के भावना, सहयोग और निष्ठा के चलते यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है। समारोह में समाजसेवी अरुण ठाकुर, रतन हाब्बी समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मेले की सफलता के लिए एसडीएम और तहसीलदार उमेश शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें व पत्रकार संघ के अध्यक्ष हरदेव भारद्वाज को विशेष रूप से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और सम्मानित सदस्यों के लिए भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी, नायब तहसीलदार (राजगढ़ व पझोता), पार्षद सुनीता चौहान, बीएमओ डॉ. उपासना, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानसी सहित सभी समितियों एवं उपसमितियों के सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी सपरून में सूचना मिली कि एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है, जिस सूचना पर पुलिस चौकी सपरून की पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पर एक महिला मृत हालत में पड़ी थी। मौके पर मृतका के परिजन व अन्य लोग भी मौजूद थे। तस्दीक करने पर मृतका की पहचान निशा पत्नी परदेसी निवासी नेपाल हाल रिहायशी रबौण डाखा सपरून सोलन तह. व जिला सोलन हिप्र उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर मृतका के शव का उसके परिजनों के समक्ष निरीक्षण किया गया, जो निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/ खरोंच के निशान न पाए गए, जिस चुन्नी से मृतका ने फांसी का फंदा लगाया था, उसे पुलिस ने कब्जे में लिया। तस्दीक पर पाया गया कि मृतका लगभग 10/15 वर्षों से मानसिक रूप से परेशान व बीमार रहती थी, जो इस परेशानी के कारण वह कई बार घर से बिना बताए चली जाती थी, जिसे बड़ी मुश्किल से ढूंढकर लाना पड़ता था। 16 मई, 2025 को जब मृतका के परिजन घर से बाजार गए थे, तो उसने अकेले का मौका उठाकर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# वेल्डिंग मशीन चोरी का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

वर्कशॉप से वेल्डिंग मशीन चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक सोलन निवासी भूपेंद्र सिह ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी आउटडोर फर्नीचर के नाम से सिहारड़ी में वर्कशॉप है, जिसमें 5 वर्कर काम करते हैं।

18 अप्रैल को इन्हें अनुज नामक वर्कर का फोन आया कि वर्कशॉप से वेल्डिंग मशीन गायब है, जिस पर यह उक्त वर्कशॉप में पहुंचे तथा आसपास के कैमरों को चैक किया, तो इन्हें पता चला वर्कशॉप में काम करने वाले मुबारिक निवासी उत्तर प्रदेश इनकी वेल्डिंग मशीन को कहीं ले गया है, जिससे कोई संपर्क न हो रहा है। वेल्डिंग मशीन की कीमत लगभग 59,000 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा चोरी हुई वेल्डिंग मशीन व नामजद आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी, तो तलाश के दौरान 16 मई को पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा उक्त मामले में संलिप्त आरोपी मुबारिक हुसैन पुत्र मुहम्मद शफीक निवासी गांव कोदरी डाखा युसुफपुर नागालिया तह. बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश उम्र 41 वर्ष को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में चोरी हुई वेल्डिंग मशीन आरोपी की निशानदेही पर बरामद कर ली गई है।

## नशीली दवाओं, नकदी के साथ दुकानदार काबू



**अनंत ज्ञान, नाहन।** एसआईयू नाहन की टीम ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर शिलाई ब्लॉक के गांव जामना तह. कमरउ में एक दुकान में छापेमारी कर 55 शीशी नशीली दवा सिरिप व 16,700 हजार रुपए की करंसी पकड़ी है।

पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र सिंह पुत्र स्व. नारायण सिंह निवासी गांव माशू डाकघर जामना तह. कमरऊ जिला सिरमौर उम्र 42 वर्ष की दुकान से प्रतिबंधित कुल 55 शीशीयां नशीले सिरप और 16700 रुपए करंसी बरामद हुई है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र सिंह के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

## सुरेंद्र बने आरवीएनएल के अंशकालिक निदेशक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के शिलाई क्षेत्र सहित नाहन के लिए गर्व का क्षण है। सुरेंद्र हिंदुस्तानी को केंद्र सरकार द्वारा रेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले रेल विकास निगम लिमिटेड के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। सुरेंद्र हिंदुस्तानी मूल रूप से शिलाई उपमंडल से संबंध रखते हैं, लेकिन वह लंबे अरसे से नाहन में बतौर चार्टर्ड के रूप में सेवा प्रदान कर रहे हैं। हिंदुस्तानी विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों में भी सक्रिय हैं। सुरेंद्र चूड़ेश्वर सेवा समिति नाहन यूनिट की भी लंबे अरसे से कमान संभाले हुए हैं। केंद्र सरकार के रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचित आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति ने सुरेंद्र सिंह की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की है, उन्हें यह जिम्मेदारी तीन वर्षों की अवधि के लिए सौंपी गई है, जो तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। यह नियुक्ति शिलाई क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने जा रही है। इससे स्थानीय स्तर पर भी विकास और संपर्क बढ़ने की संभावनाएं प्रबल होंगी।



# शूलिनी अनुसंधान प्रभाव में शीर्ष संस्थानों के रूप में उभरा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में शूलिनी विश्वविद्यालय ने 2008 या उसके बाद स्थापित सभी विश्वविद्यालयों के बीच अनुसंधान प्रभाव के लिए भारत में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

स्कोपस के आंकड़ों के अनुसार 9 मई, 2025 तक विश्वविद्यालय 150 के उल्लेखनीय एच-इंडेक्स पर पहुंच गया है, जो अपनी श्रेणी में सबसे अधिक है। एच-इंडेक्स, अनुसंधान आउटपुट की गुणवत्ता और मात्रा दोनों का एक प्रमुख संकेतक है, यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय के कम से कम 150 शोध प्रकाशनों को 150 बार या उससे अधिक बार उद्धृत किया गया है। यह उपलब्धि शूलिनी को आईआईटी इंदौर (एच-इंडेक्स 145), आईआईटी हैदराबाद (एच-इंडेक्स 143) और आईआईटी भुवनेश्वर (एच-इंडेक्स 133) जैसे प्रमुख संस्थानों से आगे रखती है, यह मील का पत्थर शूलिनी विश्वविद्यालय की उच्च प्रभाव वाले अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुलाधिपति प्रो. पीके खोसला और कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने विश्वविद्यालय के संकाय और शोधकर्ताओं को उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए बधाई दी। कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने कहा, 150 के एच-इंडेक्स तक पहुंचना सिर्फ एक संख्या नहीं है, यह हमारे शोध की गुणवत्ता, स्थिरता और वैश्विक प्रासंगिकता का प्रतिबिंब है। यह मील का पत्थर एक शीर्ष वैश्विक शोध-संचालित विश्वविद्यालय बनने के हमारे दृष्टिकोण की पुष्टि करता है। एच-इंडेक्स स्कोपस से प्राप्त होता है, जो सहकर्मी-समीक्षित अकादमिक साहित्य के लिए सबसे भरोसेमंद वैश्विक डेटाबेस में से एक है। इसे अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए एक बेंचमार्क के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। हिमाचल प्रदेश में 2009 में स्थापित शूलिनी विश्वविद्यालय ने लगातार नवाचार और शोध-आधारित शिक्षा के लिए प्रतिष्ठा बनाई है।

**आयोजन** डीसी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता

# रात्रि में नाके व गश्त बढ़ाने के निर्देश



डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा डीसी कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करती हुईं साथ हैं अन्य।

**एसपी जैरथ, नाहन**

डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने डीसी कार्यालय में लोक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राष्ट्रीय उच्च मार्ग, मोर्थ तथा रोड सेफ्टी क्लब नाहन के साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक करते हुए जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड तथा जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने बैठक में रोड सेफ्टी पॉलिसी और नियमों को जनहित में गंभीरतापूर्वक लागू करने को कहा।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सीट बेल्ट, ड्रिंक एंड ड्राइव और हेलमेट संबंधी यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस को विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग को दुर्घटनाओं को कम करने के लिए रात्रि समय में भी नाके व गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाए। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 2025 के दौरान 4 माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र की सड़कों में निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सभी पुलिस थानों में सड़क सुरक्षा क्लबों का गठन किया गया है तथा स्कूलों में भी रोड सेफ्टी क्लबों का गठन किया गया है। बैठक में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग आलोक जुनैजा ने मद क्रमवार प्रस्तुत किए। (अनंत ज्ञान)

## सोलन जिले में निर्वाचन साक्षरता क्लब स्थापित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन जिले में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए जिल के समस्त शिक्षण संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब जिले के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में विशेष रूप से बनाए गए हैं। इनका लक्ष्य 14 से 17 वर्ष के भावी मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी संपूर्ण जानकारी प्रदान करना है। उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निर्वाचन शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए योग्य छात्रों को जागरूक करना इनका उद्देश्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब का उद्देश्य चुनावों में भागदारी करने और सोच-समझकर व नैतिकता के साथ वोट देने की संस्कृति विकसित करने और 'हर वोट महत्वपूर्ण है' तथा 'कोई मतदाता न छूटे' के सिद्धांतों का पालन करना है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब का आयोजन प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को किया जाएगा। चुनाव पाठशाला का आयोजन प्रत्येक मतदान केंद्र में प्रत्येक माह के पहले शनिवार को किया जाएगा।

## धर्मपुर-कसौली सड़क मार्ग पांच करोड़ 43 लाख से होगा चकाचक

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**

धर्मपुर-कसौली सड़क मार्ग 5 करोड़ 43 लाख की लागत से जल्द ही चकाचक होगा। सड़क मार्ग का अब कायाकल्प होने वाला है।

स्थानीय विधायक विनोद सुल्तानपुरी की मांग पर प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग को 5 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि इस सड़क को दोबारा बनाने के लिए जारी की है। उपरोक्त सड़क की दुर्दशा, अब जल्द सुधरने वाली है। यह जानकारी देते हुए कसौली के विधायक ने बताया कि उपरोक्त राशि से इस धर्मपुर-कसौली मार्ग पर मेटलिंग के साथ-साथ पुलियों, नालियों के साथ-साथ क्षतिग्रस्त डंगों का निर्माण भी किया जाएगा। धर्मपुर-कसौली मार्ग की दुर्दशा के चलते स्थानीय होटल व्यवसायी व ग्रामीण परेशान थे। स्थानीय निवासियों की बड़ी पुरानी मांग पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी के अथक प्रयासों से सरकार ने उपरोक्त राशि जारी की है। कसौली धर्मपुर, गड़खल, कीमूघाट कसौली के होटल व्यवसाइयों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिलेगा। वहीं, पर्यटन की दृष्टि से भी इस क्षेत्र को अब ओर पंख लगेंगे।

कसौली का विश्व के मानचित्र पर बड़ा स्थान है व राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक होटल भी इस क्षेत्र में खुल चुके हैं, जिसके चलते गर्मियों में भारी संख्या में सैलानी इस क्षेत्र का रुख करते हैं। क्षेत्र के होटल व्यवसायी कमल ठाकुर, वेद गर्ग, गौरव भंडारी, निशांत, विजय, विनय ने इस सड़क की दुर्दशा सुधारने के लिए राशि जारी होने पर स्थानीय विधायक विनोद सुल्तानपुरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### जरूरतमंद लड़की की शादी पर की सहायता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सनातन सेवा संगठन जुझार नगर सेक्टर 122 मोहाली के द्वारा अपने दायित्व का परिचय देते हुए एक जरूरतमंद कन्या की शादी में सहायता करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर लाभान्वित परिवार के सभी सदस्यों ने संगठन का बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा किए हुए कार्य से लोगों को खुशी मिलती है। इसी तरह समय-समय पर सामाजिक सेवा और धार्मिक कार्य करते रहे। संगठन के सभी सदस्यों ने बताया कि हम सभी लोगों को सेवा भाव से कार्य कर के काफी गौरवान्वित की अनुभूति होती हैं। और ईश्वर से प्रार्थना करते है कि आगे भी इसी प्रकार के कार्य को करने की शक्ति प्रदान करने की कृपा करें।

### सोनीपत में पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के दातौली गांव में भाजपा पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक दातौली गांव के सरपंच लोकेश गोस्वामी ने पंचों सहित भाजपा का दामन थामा। इसी के साथ गुमड़ गांव के सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल, नयाबांस के सोनू धनखड़, मंजीत काला, कंवर सैनी समेत दर्जनों लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सरपंच लोकेश गोस्वामी ने बताया की पूर्व सांसद रमेश कौशिक ने उनके गांव में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए थे। उन्होंने भरोसा दिया कि वह तन मन और धन से भाजपा के साथ खड़े रहेंगे। भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने सभी नवागत सदस्यों को पटका पहनाया और भाजपा में मान-सम्मान मिलने का भरोसा दिलाया। कौशिक ने कहा कि भाजपा में शामिल होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर देवेंद्र कौशिक ने ग्रामीणों को बताया कि 18 मई को सोनीपत में रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में गुरु गोरखनाथ प्रकट दिवस कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

### आपदा से बचने के लिए 55 प्रशिक्षु ले रहे प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** आपदा प्रबधंन हेतु प्राथमिक सहायता व सीपीआआर का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है। रैडक्रॉस भवन, पानीपत में प्राथमिक सहायता, गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 55 प्रशिक्षुओं को प्राथमिक सहायता व आपदा प्रबंधन बारे जागरूक किया गया। रैडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण ने शनिवार को बताया कि प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा से बचाव व नुक्सान से बचने हेतु अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत रैडक्रॉस भवन के प्रागंण में प्राथमिक सहायता, गृह परिचर्या प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद द्वारा युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि आपदा प्रबंधन में प्राथमिक सहायता का अहम रोल है। उन्होंने प्रशिक्षुओं का आह्वान किया कि आमजन आपदा के समय प्रशासन के सहयोग हेतु हर संमय तैयार रहें। उन्होनें कहा कि आपदा के समय हमें देश के साथ एकजुट होकर हरसंभव सहायता प्रदान करनी चाहिए। इस दौरान प्राथमिक सहायता प्रवक्ता कला भारद्वाज व सोनिया शर्मा ने प्रतिभागियों को बेहोशी के दौरान उपचार, मिर्गी के दौरा पड़ने पर रोगी की सहायता तथा संदीप रत्तेवाल ने प्रतिभागियों को जलने-झुलसने के कारणों व बचाव, गले में कोई वस्तु फंस जाए, तो उससे कैसे निबटें, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

### हिसार से चंडीगढ़ के लिए पहली सीधी ट्रेन सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हरियाणा के गठन के 59 वर्षों बाद हिसार को उसकी राजधानी चंडीगढ़ से पहली बार सीधी रेल सेवा का उपहार मिला है। शनिवार का दिन हिसार के इतिहास में गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक बना जब हिसार की विधायक सावित्री जिंदल और कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने संयुक्त रूप से दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रेनों में से एक सीधी ट्रेन हिसार से चंडीगढ़ के लिए है, जबकि दूसरी ट्रेन हिसार से रेवाड़ी के लिए चलेगी, जो आगे गुरुग्राम और दिल्ली-एनसीआर के यात्रियों के लिए भी सुविधा का माध्यम बनेगी। इस मौके पर हिसार रेलवे स्टेशन पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और रेलवे विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। स्टेशन को फूलों और रंगीन झंडियों से सजाया गया था और वातावरण पूरी तरह उत्सवमय था।

# कैग रिपोर्ट में खुलासा : चंडीगढ़ प्रशासन को 537 करोड़ का घाटा

## टैक्स वसूली कम-बजट का पूरा पैसा खर्च, कमाई में कई जगह नुकसान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

साल 2024-25 के लिए चंडीगढ़ प्रशासन के खर्च और कमाई का ब्योरा सामने आया है। (कैग) की रिपोर्ट के मुताबिक, चंडीगढ़ को इस साल कुल 537.02 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इसका मतलब है कि जितनी कमाई होनी चाहिए थी, उससे बहुत कम पैसे आए और कई जगहों पर जरूरत से ज्यादा खर्च हो गया। वहीं, चंडीगढ़ सेकेंड इनिंग्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट आरके गर्ग ने कहा कि यह कैग की रिपोर्ट है, को अपनी इनकम का ध्यान रखना चाहिए।



### सरकार को ज्यादा कमाई भी हुई

**अन्य** टैक्स से करीब 64 करोड़ ज्यादा आए। नॉन टैक्स इनकम, जैसे फीस वगैरह से 1312 करोड़ की जगह 1792.84 करोड़ की कमाई हुई।

### नुकसान क्यों हुआ?

- टैक्स की वसूली उम्मीद से कम रही।
- कुछ कंपनियों और लोगों ने तय रकम नहीं चुकाई।
- सरकार ने कई योजनाओं में तय बजट से ज्यादा खर्च कर दिया।
- विकास के बड़े कामों पर ध्यान नहीं दिया गया।

### खर्च ज्यादा-इनकम कम

**सरकार** ने इस साल 6513 करोड़ का बजट बनाया था, लेकिन खर्च कर दिए 6868.99 करोड़ रुपए हुए। मतलब सरकार ने अपने तय बजट से भी ज्यादा खर्च कर दिया।
सरकारी कामों के लिए रोजमर्रा के खर्च (राजस्व खर्च) पर बजट से ज्यादा पैसे खर्च हुए। 5858 करोड़ का बजट था, खर्च हुए 6396 करोड़, लेकिन लंबे समय के विकास वाले काम (जैसे सड़कों, इमारतों आदि पर) के लिए बजट था 655 करोड़, परंतु खर्च हुए सिर्फ 472 करोड़।

# सुखना लेक पर निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ की प्रसिद्ध सुखना लेक शनिवार सुबह देशभक्ति के रंग में रंग गई, जब आम नागरिकों की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा हाल ही में भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेरणा से निकाली गई, जिसने पूरे देश को गौरव और आत्मविश्वास से भर दिया है।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों के नागरिकों की भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा और जिलाध्यक्ष सोनू सरपंच ने भी उपस्थित रहकर तिरंगे को नमन किया।

यात्रा के दौरान पूरा माहौल 'भारत माता की जय', 'इंकलाब जिंदाबाद', 'जय हिंद' जैसे नारों से गूंज उठा। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और एक स्वर में यह संदेश दिया कि भारत की जनता अपने सैनिकों के साथ मजबूती से खड़ी है।

जितेंद्रपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और संकल्प की अभिव्यक्ति है। तिरंगा यात्रा इस बात का प्रतीक है कि देश का हर नागरिक अपने कर्तव्य और देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत है। हम अपने वीर जवानों को कभी नहीं भूलेंगे। तिरंगा यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई और अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में 'जय हिंद' का उद्घोष करते हुए राष्ट्र को नमन किया।

# जींद में गोशाला में आग लगने से हजारों क्विंटल पराली जली

**अनंत ज्ञान, जींद**


फाइल फोटो

जुलाना कस्बे की गो रक्षानंद गोशाला में शनिवार दोपहर बाद अचानक अज्ञात कारणों से गोशाला में रखी पराली में आग लग गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपए की पराली जलकर राख हो चुकी थी।

शनिवार को जुलाना की गो रक्षानंद गोशाला में रखी पराली में उठता हुआ धुआं दिखाई दिया तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड का दी गई। सूचना पाकर कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन आग भयंकर होने के कारण आग पर काबू नही पाया गया। गाड़ी का पानी खत्म होने पर फिर से पानी भरकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जींद से दो गाडियां और मंगवाई गई तब जाकर कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से गोशाला में रखी लाखों की पराली जलकर राख हो गई।

गोभक्तों ने कहा कि इस समय गर्मी बहुत अधिक पड़ रही है और गर्मी में चारे की कमी हो जाती है, इसीलिए गोशाला में पराली को एकत्रित किया गया। अचानक पराली से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते इसने आग का रूप धारण कर लिया। फायर बिग्रेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया है।

# राई में एक करोड़ 62 लाख के विकास कार्य मंजूर

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** राई विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करते हुए विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने बताया कि डी-प्लान योजना के तहत क्षेत्र में 1.62 करोड़ से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इस बाबत उन्होंने अपने कैंप कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए।

जनता दरबार में जगदीशपुर-खेवड़ा सड़क पुनर्निर्माण, असदपुर-यमुना घाट सड़क चौड़ीकरण, दीपालपुर में व्यायामशाला, मेहंदीपुर में गली और कश्यप चौपाल निर्माण, तथा नाहरी की जलापूर्ति समस्या सहित अनेक मांगें उठीं। विधायक ने इन सभी मांगों को स्वीकृत करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक गहलावत ने बताया कि कुंडली, मुरथल व राई खंड के विभिन्न गांवों में चौपालों, गलियों, स्कूल कक्षों, लाइब्रेरी और पार्कों के निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। कुंडली के वार्ड-11 में तीन गलियों का निर्माण, मुरथल के टोंकी जाजल, टांडा, ताजपुर, खेवड़ा, पलड़ा व झुंडपुर में चौपाल व स्टेडियम कार्य जबकि राई खंड के प्रीतमपुरा, खटकड़, दहिसरा, बहालगढ़, सेरसा, मनोली, बिंदरौली व बढ़खालसा में ढांचागत विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। ग्रामीणों ने विकास की इस सौगात के लिए विधायक गहलावत का आभार जताया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। विधायक ने भरोसा दिलाया कि राई क्षेत्र का समग्र विकास उनका मुख्य लक्ष्य है।

# शिविर में लगभग 300 लोगों ने करवाई नेत्र जांच



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सोसायटी फॉर केयर ऑफ द ब्लाइंड, सेक्टर 26, चंडीगढ़ के तत्वावधान में गांव अटावा की सरकारी डिस्पेंसरी में शनिवार को फ्री नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जसबीर सिंह बंटी, वरिष्ठ उपमहापौर और वार्ड पार्षद के मार्गदर्शन और नेत्र रोग विभाग, सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सेक्टर 32, चंडीगढ़ के सहयोग और समन्वय से किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रेसिडेंट हरमोहिंद्र सिंह लक्की विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं, नगर निगम डिप्टी मेयर तरुणा मेहता, पार्षद प्रेमलता और दिलावर सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे। इस दौरान डेंटल चेकअप, फिजियोथेरेपी, बीपी, शुगर, टीवी टेस्ट आदि टेस्ट व जांच भी किए गए।

सोसायटी के वाइस प्रेसिडेंट दिनेश कपिला ने बताया कि गांव अटावा में फ्री नेत्र जांच शिविर का आयोजन इसलिए किया गया कि गांव के लोगों को डोर स्टेप पर मुफ्त नेत्र जांच सहित अन्य चिकित्सा सुविधाओं का भी लाभ मिल सके। इस निशुल्क जांच शिविर का लाभ लेने वाले की संख्या 275 से अधिक हो गई। नेत्र जांच शिविर में कई लोगों को फ्री चश्मे भी प्रदान किया गए। (अनंत ज्ञान)

### मानवता के लिए खतरा बन गया पाकिस्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को लताड़ लगाई है। ओवैसी ने कहा है कि पाकिस्तान मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को ट्रेनिंग, फंडिंग और हथियार दे रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहता है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही असदुद्दीन ओवैसी कई बार पाकिस्तान को निशाने पर ले चुके हैं। कहा कि पाकिस्तानी डीप स्टेट और पाकिस्तानी सेना का उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह करना और समुदायों में बंटवारा कराना है। गौरतलब है कि ओवैसी को भी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। इस पर उन्होंने कहा कि वे विदेशी सरकारों के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान खुद को इस्लाम और सभी मुसलमानों के रहनुमा के तौर पर पेश करता है, लेकिन यह पूरी तरह से बकवास है। भारत में भी 20 करोड़ मुसलमान हैं और वे पाकिस्तान की कार्रवाई की आलोचना करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### मुझे कैबिनेट में मंत्री पद की आस : गौड़ा

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक की सियासत में इन दिनों मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर गर्माहट तेज है। अटकलें इस बात की तेज है कि कर्नाटक में किसी भी दिन मंत्रिमंडल के विस्तार की घोषणा हो सकती है। ऐसे में कांग्रेस विधायकों की नजर मंत्रिमंडल पर है। इसी बीच कांग्रेस विधायक केएम शिवलिंगे गौड़ा ने मंत्रिमंडल को लेकर खुलकर अपनी मांग रखी है। जहां शनिवार उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्री पद का वादा कर जेडीएस से कांग्रेस में लाया गया था और अब उन्हें भरोसा है कि आगामी कैबिनेट विस्तार में उन्हें मंत्री बनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### यमनः सना एयरपोर्ट पर एक हफ्ते बाद उड़ानें शुरू

**एजेंसी, काहिरा।** यमन की राजधानी सना पर बीते छह मई को हुए बड़े इसराइली हमले के बाद सना एयरपोर्ट से शनिवार को एक बार फिर उड़ानों की शुरुआत हुई। मामले में हवाई अड्डे के प्रमुख खालिद अल-शैफ के मुताबिक, इसराइल के हमले में टर्मिनल तबाह हो गया और रनवे पर बड़े गड्ढे बन गए। साथ ही कम से कम छह यात्री विमान भी क्षतिग्रस्त हुए, जिनमें तीन यमन की राष्ट्रीय एयरलाइन यमेनिया के थे। बता दें कि यमन में जारी संघर्ष के बीच बीते कुछ महीने से सना एयरपोर्ट ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के कब्जे में है। जहां उड़ान सेवा फिर से बहाल होने के बाद शनिवार को यमेनिया एयरलाइन की एक फ्लाइट 136 यात्रियों को लेकर सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# पाकिस्तान ने कबूली विमान गिरने और एयरबेस पर तबाही की बात

## पाक के पूर्व एयर मार्शल ने ब्रह्मोस मिसाइल के विनाश के दिए सबूत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस सटीकता के साथ पहले आतंकी ठिकानों और फिर पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाया गया, उसकी तस्दीक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से लेकर मीडिया समूह तक करने में जुटे हैं। सबूतों के इस भारी दबाव में खुद पाकिस्तान भी दबा नजर आ रहा है। शुरुआती दौर में भले ही उसने अपने सैन्य नुकसान की बात छिपाई हो, लेकिन अपनी कुछ हरकतों और कबूलनामे से एक के बाद एक उसकी क्षति सामने आ रही है।

पाकिस्तान ने भले ही अपनी हानि को छिपाने के लिए भारत के बेसेज में तबाही की झूठी खबरें फैलाई हों, लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम की पोल खोल कर रख दी। पाकिस्तान लगातार कह रहा है कि भारत की सैन्य कार्रवाई से उसके सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणालियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। भारत लगातार पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश कर रहा है। अब पाकिस्तान के ही पूर्व एयर मार्शल ने कबूल किया है कि भारत की ब्रह्मोस मिसाइल ने उनके देश में तबाही मचाई। (अनंत ज्ञान)



### अवाक्स एयरक्राफ्ट को हुआ नुकसान भोलारी एयरबेस पर भारी तबाह

**एक** टीवी इंटरव्यू में पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने कहा कि 10 मई को भारतीय सेना ने लगातार चार ब्रह्मोस मिसाइलें दागीं। ये सतह से सतह पर थीं या हवा से सतह पर मुझे इसकी जानकारी नहीं है। हमारे पायलट अपने जहाजों को सुरक्षित करने के लिए दौड़े। पहली, फिर दूसरी, तीसरी एक के बाद एक मिसाइलें आती रहीं। चौथी मिसाइल भोलारी एयरबेस के हैंगर से टकराई और ङ्कष्टस क्षतिग्रस्त हो गया। भारत के इस हमले में पाकिस्तानी वायुसेना के छह कर्मचारी मारे गए थे। पाकिस्तान लगातार अपने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की बात को नकारता रहा है। अब पाकिस्तान के पूर्व अधिकारी ने इस बात को स्वीकार किया है। हमले में एयरबेस को नुकसान पहुंचा है और कुछ लोगों की जान भी गई है। पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले- अमेरिका से परमाणु बातचीत रहेगी जारी

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को साफ किया कि उनका देश अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत जारी रखेगा, लेकिन धमकियों के कारण अपने अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा। राष्ट्रपति ने नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, 'हम बातचीत कर रहे हैं और करते रहेंगे। हमें युद्ध नहीं चाहिए, लेकिन हम किसी धमकी से डरते भी नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि अगर कोई ये सोचता है कि हमें डराकर हमारे वैधानिक और मानव अधिकार छीन लिए जाएंगे, तो ऐसा नहीं होगा। हम वैज्ञानिक, सैन्य और परमाणु क्षेत्रों में अपनी गरिमा से पीछे नहीं हटेंगे। बातचीत अब विशेषज्ञ स्तर तक पहुंच चुकी है, यानी दोनों पक्ष अब समझौते की तकनीकी बारीकियों पर काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# आईएमएफ में अमेरिकी दबाव के आगे झुकी भारत सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण मिलने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक में अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई। सरकार ने बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने पर चल रही चर्चा में विरोध नहीं किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब 9 मई, 2025 को पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर से अधिक का ऋण मंजूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की आलोचना कर रहे हैं। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि रक्षा मंत्री अब पाकिस्तान को ऋण देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन 29 अप्रैल को ही मोदी सरकार के जागने से पहले ही कांग्रेस ने कहा था कि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड इस मुद्दे पर विचार करने के लिए नौ मई को बैठक कर रहा है और भारत को इसका जोरदार विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पता लगा है कि भारत ने केवल 9 मई को ही मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। बाद में मोदी सरकार के समर्थकों, जय-जयकार करने वालों और सरकार का बचाव करने वालों ने तर्क दिया कि भारत के पास इसके अलावा कोई और विकल्प ही नहीं था। (अनंत ज्ञान)


पाकिस्तान को ऋण मिलने पर जयराम ने खड़े किए सवाल

### शांति वार्ता टूटते ही रूस ने यूक्रेन पर किया ड्रोन हमला

**एजेंसी, कीव**

यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी सुमी क्षेत्र में शनिवार को एक रूसी ड्रोन ने यात्री बस को निशाना बनाते हुए हमला किया। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली बार हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्ध विराम नहीं हो सका।

यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में एक रूसी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली प्रत्यक्ष शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम नहीं हो सका। (अनंत ज्ञान)

# भारत की बात करने वालों से नफरत क्यों करते हैं राहुल?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएंगे। इनमें से कुछ प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता कर रहे हैं जबकि कुछ की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को मिली है। जिसे पर सियासी बवाल मचा हुआ है, क्योंकि कांग्रेस ने उनका नाम प्रस्तावित किया था। अब इसे लेकर कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दलों से भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, एनडीए में शामिल शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता संजय झा, विपक्षी दलों में कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राकांपा-एसपी की सुप्रिया सुले शामिल हैं। शशि थरूर के नाम को लेकर अब सियासत हो रही है। दरअसल कांग्रेस ने जिन चार नामों का प्रस्ताव भेजा था, उनमें शशि थरूर का नाम नहीं था। केंद्र सरकार ने थरूर का नाम खुद से प्रस्तावित किया है। (अनंत ज्ञान)


थरूर विवाद पर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## नुकसान | यूएसए के मिसौरी राज्य में सात लोगों की मौत, सैकड़ों इमारतें क्षतिग्रस्त

# अमेरिका के मिडवेस्ट में तूफानों ने मचाई तबाही

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका के मिडवेस्ट क्षेत्र में शुक्रवार को आए भीषण तूफानों और एक संभावित बवंडर ने भारी तबाही मचाई। मिसौरी राज्य में कम से कम सात लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं राहत और बचाव दल इमारत-दर-इमारत जाकर फंसे और घायल लोगों को खोजने में जुटे हैं। इस तूफानी मौसम का असर मिसौरी के साथ-साथ विस्कॉन्सिन, ग्रेट लेक्स क्षेत्र और टेक्सास तक भी देखने को मिला। टेक्सास में भीषण गर्मी पड़ रही है, वहीं ग्रेट लेक्स क्षेत्र में लाखों लोगों की बिजली गुल हो गई है।

जानकारी के अनुसार, सेंट लुइस शहर की मेयर कारा स्पेंसर ने बताया कि शहर में पांच लोगों की मौत हुई है और करीब 5,000 घरों को नुकसान पहुंचा है।

यहां लगभग एक लाख लोग शुक्रवार रात तक बिजली के बिना रहे। उन्होंने कहा, यह वाकई बहुत भयानक स्थिति है। प्रशासन ने आपातकाल घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में शुक्रवार रात कर्फ्यू लगा दिया गया था। (अनंत ज्ञान)


अमेरिका के मिसौरी राज्य में आए भीषण तूफान से क्षतिग्रस्त हुए घर।

### अस्पताल में 20-30 लोग कराए गए भर्ती

**सेंटेनियल** क्रिश्चियन चर्च में तूफान के दौरान दीवार गिर गई, जिससे तीन लोगों को बचाया गया। उनमें से एक महिला की मौत हो गई। मृतक का नाम पैट्रीशिया पेनलटन बताया गया है, जो चर्च की सक्रिय सदस्य थीं और गाना गाने वाले समूह में भी शामिल थीं। चर्च के सामने रहने वाले जेफ्री सिमंस सीनियर ने बताया कि मोबाइल पर चेतावनी आने के तुरंत बाद बिजली चली गई और तेज हवा चलने लगी। बाद में उन्होंने देखा कि सब कुछ बर्बाद हो गया था। बार्न्स यहूदी अस्पताल की प्रवक्ता लॉरा हाई ने बताया कि वहां तूफान से घायल होकर 20 से 30 लोग पहुंचे थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थीं।

### अजियो व मिंत्रा ने तुर्किये ब्रांड्स बेचना किया बंद

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जिस तरह से तुर्किये ने खुलकर पाक का साथ दिया, वह हिमाकत तो चीन भी ना कर पाया। तुर्किये की हरकत के बाद भारतीय जनता में बड़ा गुस्सा है। लोग तुर्किये से आने वाले सामानों का बहिष्कार कर रहे हैं। अब फ्लिपकार्ट और रिलायंस ने भी तुर्किये के ब्रैंड्स को ऑनलाइन चोट पहुंचाना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्लिपकार्ट की एक और शॉपिंग वेबसाइट मिंत्रा और रिलायंस के आजियो पर कई तुर्कीश ब्रैंड को आउट ऑफ स्टॉक कर दिया गया है। ऐसे में अगर कोई गलती से भी इन ब्रैंड्स का सामान खरीदता, तो वह गुंजाइश भी खत्म कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### युकी भांबरी और गैलोवे बॉरडॉक्स चैलेंजर के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। युकी और गैलोवे सेमीफइनल में राफेल माटोस और मार्सेलो मेलो की तीसरी वरीय ब्राजीली जोड़ी से भिड़ेंगे। भारत के अन्य दावेदार टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वरेला युगल क्वार्टर फाइनल में हार गए, जबकि एकल ड्रॉ में सुमित नागल को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

### इटेलियन ओपन के फाइनल में सिनर की भिड़ंत अल्कारेज से



**एजेंसी, रोम।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को यहां टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्तूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि, अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं, जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### यू मुंबा ने पीकेएल के 12वें सत्र के लिए कोर टीम को रखा बरकरार

**एजेंसी, मुंबई।** सुनील कुमार प्रो-कबड्डी लीग (पीकेएल) में यू मुंबा की अगुवाई करना जारी रखेंगे, जिसमें टीम ने टूर्नामेंट के 12वें सत्र के लिए रेडर रोहित राघव सहित अपने नौ प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। दाईं ओर से डिफेंडर की भूमिका निभाने वाले सुनील पीकेएल इतिहास में सबसे सफल कप्तान हैं, तो वहीं राघव पिछले सत्र में टीम के लिए तुरूप का इक्का बनकर उभरे थे। नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी से बोली हासिल करने में नाकाम रहे राघव ने चोटिल खिलाडी के विकल्प के तौर पर टीम से जुड़कर पिछले सत्र में 68 रेड प्वॉइंट और 11 टैकल प्वॉइंट के साथ प्रभावित किया था। वह टीम के प्रशंसकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है। पीकेएल के 12वें सत्र के लिए नीलामी 31 मई और एक जून को मुंबई में होगी। रिटेन किए गए खिलाड़ियों में ईरानी ऑलराउंडर अमीर मोहम्मद जफरदानेश, प्रतिभाशाली रेडर सतीश कन्नन और अजीत चौहान शामिल हैं। चौहान ने अपने पहले सत्र में 185 रेड प्वॉइंट हासिल करके प्रभावित किया था। (अनंत ज्ञान)

### मुजना मसूद की खूबसूरत अदा

**पाकिस्तान।** तेज गेंदबाज हारिश राउफ की पत्नी मुजना मसूद मलिक पेशे से फैशन मॉडल हैं। उनकी मौजूदगी हारिस के जीवन में ग्लैमर का तत्व जोड़ती है, जिससे वे क्रिकेट पिच से बाहर एक पावर कपल बन जाते हैं।



### अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं वाला नया क्रिकेट स्टेडियम अगले साल फरवरी तक: हिमंत

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि गुवाहाटी के बाहरी इलाके अमीनगांव में अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की सुविधाओं वाला एक नया क्रिकेट स्टेडियम अगले साल फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान कर रही है, लेकिन यह युवाओं पर निर्भर करता है कि वे मौकों का सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाएं। अमीनगांव क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की समीक्षा करने के बाद शर्मा ने कहा, ''गुवाहाटी में पहले से ही सरुसजाई और बरसापारा में दो बड़े स्टेडियम हैं। अमीनगांव में यह स्टेडियम अगले साल फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा जहां 20,000 लोग एक साथ क्रिकेट देख सकेंगे।'' उन्होंने कहा, ''यह सभी आधुनिक सुविधाओं वाला स्टेडियम है। स्टेडियम से जुड़े सभी कार्य फरवरी तक पूरे हो जाएंगे।'' (अनंत ज्ञान)



**आईपीएल** 11 मैच में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पंजाब किंग्स

# पंजाब की नजरें प्ले ऑफ पर, प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा राजस्थान

**एजेंसी, जयपुर**

पंजाब किंग्स की टीम रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है।

एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी, जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था।



पंजाब की टीम 11 मैच में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं, लेकिन वे आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे, जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी, क्योंकि उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 विकेट चटकाकर काफी प्रभाव डाला था। हालांकि, पंजाब के पास कप्तान अय्यर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहल वढेरा की मौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत दल है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और फॉर्म में चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल से टीम को काफी उम्मीद होगी।

चोटिल लॉकी फर्ग्युसन की जगह न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन के आने से रॉयल्स के खिलाफ पंजाब की टीम संतुलन हासिल कर सकती है, जबकि इसके बाद स्टोइनिस और इंगलिस टीम से जुड़ जाएंगे।

पंजाब की टीम एक बार फिर अपने बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर होगी जो धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने के करीब थे और उन्होंने मैच रद्द होने से पहले केवल 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। इस प्रदर्शन से उन्हें रॉयल्स के खिलाफ पर्याप्त आत्मविश्वास मिलेगा। मेजबान टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और 12 मैच में केवल तीन जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है।

रॉयल्स की टीम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी, लेकिन इसके लिए उसे अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि उसने अपने पिछले पांच में से चार मैच गंवाए हैं। टीम के लिए 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शानदार शतक जड़कर दुर्लभ पारी खेली थी, लेकिन रॉयल्स की टीम हर बार इस तरह की व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर नहीं रह सकती। चोट के कारण अधिकांश सत्र से बाहर रहे नियमित कप्तान संजू सैमसन की अनुपस्थिति ने रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में बड़ा खालीपन पैदा किया है। रॉयल्स की बल्लेबाजी का भार अब यशस्वी जायसवाल और रियान पराग पर है और अगर रॉयल्स को अपने अंतिम घरेलू मैच में जीत दर्ज करनी है तो इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा और युद्धवीर सिंह।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, अजमतुल्लाह उमरजई, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, आरोन हार्डी, हरनूर सिंह, हरप्रीत बरार, जोश इंगलिस, काइल जैमीसन, मार्को यानसेन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह, कुलदीप सेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैशाख, नेहल वढेरा और यश ठाकुर।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल में एस्टन विला और चेल्सी जीते

**एजेंसी, बर्मिंघम**



एस्टन विला और चेल्सी ने अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज करके प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष पांच में रहने और अगले साल होने वाली चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ा दी। एस्टन विला ने एजरी कोन्सा और बोबाकार कामरा के गोल की मदद से टोटेनहैम हॉट्सपर को 2-0 से हराया जबकि चल्सी ने मार्क सुसुरेला के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाईटेड को 1-0 से शिकस्त दी।

इस जीत से चेल्सी की टीम 66 अंक के साथ चौथे जबकि एस्टन विला की टीम इतने ही अंकों के साथ खराब गोल अंतर के कारण पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लीवरपूल चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई कर चुका है। बाकी टीमें चार स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। आर्सेनल की टीम 68 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर मौजूद न्यूकासल के 66 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी की टीम 65 अंक के साथ छठे, जबकि नॉटिंघम फॉरेस्ट की टीम 62 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

## बेंगलुरु-कोलकाता के मैच में बारिश का खलल

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण स्थगित आईपीएल शनिवार को शुरू हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मुकाबले में बारिश ने खलल डाल दिया। झमाझम हो रही बारिश ने टॉस भी नहीं होने दिया। खचाखच भरे स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमियों के चेहरों पर मायूसी साफ झलक रही थी। लोग बारिश रुकने का इंतजार कर रहे थे कि कब बारिश रुकती है और मैच कब शुरू होता है। सभी दर्शकों की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी हुई थीं।

बेंगलुरु में शुक्रवार को भी बारिश हुई थी और शनिवार को भी जोरदार बारिश हो रही है।



पिच को पूरी तरह से कवर किया हुआ है। इस मैच के देखने के लिए फैंस कोहली के नाम की जर्सी पहनकर आए हुए हैं। उनका जोश वाकई ही देखने काबिल था। (अनंत ज्ञान)

## टेस्ट कप्तानी के लिए **गिल-पंत** बेहतर विकल्प : शास्त्री





**एजेंसी, दुबई**

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टेस्ट प्रारूप में भारत की कप्तानी के लिए शुभमन गिल और ऋषभ पंत बेहतर विकल्प होंगे, क्योंकि उनके पास इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी का अनुभव है और इस भूमिका के लिए उनकी उम्र आदर्श है। शास्त्री ने इसके साथ कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप में नेतृत्व की भूमिका के लिए जसप्रीत बुमराह सबसे अच्छे विकल्प होते, लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण इस तेज गेंदबाज को अतिरिक्त बोझ से बचाया जाना चाहिए।



भारत के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शामिल शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मैं मानता हूं कि कप्तानी के लिए जसप्रीत स्पष्ट विकल्प होते, लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए। इससे आप एक गेंदबाज के तौर पर उन्हें गंवा सकते हैं। रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चयनकर्ताओं को एक नया टेस्ट कप्तान चुनना होगा। भारत को खेल के लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलनी है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा।

शास्त्री ने गिल की तारीफ करते हुए कहा कि शांत स्वभाव उन्हें भारत की कप्तानी के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है। उन्होंने कहा, ''मैंने शुभमन को जितना भी देखा है, वह बहुत दिलचस्प लगता है। शांत, संयमित, उनमें सभी गुण हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## नीरज की नजरें अब 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर



**एजेंसी, दोहा**

राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं, तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे, क्योंकि उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी।

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया और 90 मीटर या इससे अधिक करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए, जिसकी अगुवाई उनके वर्तमान कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी कर रहे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे एशियाई और कुल-मिलाकर 25वें खिलाड़ी बने।

हालांकि, जर्मनी के जूलियन वेबर ने बाजी पलट दी और अपने छठे और अंतिम थ्रो में 91.06 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीता। नीरज ने स्पर्धा के बाद कहा, ''मैं 90 मीटर के प्रयास से बहुत खुश हूं, लेकिन यह असल में थोड़ा खट्टा-मीठा अनुभव है, लेकिन मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं।''

जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर तक भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड है और वह आमतौर पर डाइमंड लीग में नहीं जाते। (अनंत ज्ञान)

### प्रज्ञानानंदा बने सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट चैंपियन



**एजेंसी, बुकारेस्ट**

भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा,''अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता।

मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिये धन्यवाद।'' प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे, जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा।

### दिल्ली इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट सात जून से

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुनियाभर के 15 से अधिक देशों के 20 ग्रैंडमास्टर्स सहित अढ़ाई हजार से अधिक खिलाड़ी सात से 14 जून तक यहां होने वाले दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 21वें सत्र में तीन रेटिंग आधारित वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपए है। यह फिडे विश्व चैंपियनशिप सर्किट की एक प्रमुख प्रतियोगिता है। श्रेणी-ए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेटिंग हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए खुली है, जिसकी इनामी राशि 51 लाख रुपए है। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** दिल्ली को गुजरात के मध्यक्रम की कमजोरियों को उजागर करने के लिए जल्दी चटकाने होंगे विकेट

# खराब फॉर्म से जूझ रहे दिल्ली की भिड़ंत गुजरात से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी, तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी, जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके।





दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। धर्मशाला में दिल्ली का पिछला मुकाबला जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बीच में ही रद्द कर दिया गया था जिसके बाद लीग को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा रहा है, लेकिन कई विदेशी खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वापस नहीं आ रहे जिससे फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दिल्ली की टीम अभी 11 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

दिल्ली को हालांकि उस समय राहत मिली जब उसने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपने साथ जोड़ा जिन्हें शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला। हाल के मुकाबलों में दिल्ली की समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। गुजरात की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ शीर्ष पर है। जोस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा टीम से दोबारा जुड़ गए हैं। इंग्लैंड के बटलर हालांकि, राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ गुजरात के अंतिम लीग मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन और बटलर की मौजूदगी में टाइटंस का शीर्ष क्रम मजबूत है। ये सभी मौजूदा सत्र में 500 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। तेज रन गति से इनके लगातार रन बनाने का मतलब है कि शेरफेन रदरफोर्ड को छोड़कर टाइटंस के मध्यक्रम के अन्य बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हुई है। दिल्ली को गुजरात के मध्यक्रम की कमजोरियों को उजागर करने के लिए जल्दी विकेट चटकाने होंगे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्तफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, शेरफेन रदरफोर्ड, निशांत सिद्धू, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद अरशद खान, आर साई किशोर, जयंत यादव, करीम जनत, बी साई सुदर्शन, दासुन शनाका, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गेराल्ड कोएट्जी, गुरनूर सिंह बरार, इशांत शर्मा, कुलवंत खेजरोलिया, राहुल तेवतिया और राशिद खान।

### केरल के खेल मंत्री ने अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के दौरे को लेकर जताया भरोसा

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को अपना भरोसा दोहराया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट किया कि इस शीर्ष फुटबॉल टीम को राज्य में लाना सरकार की नहीं बल्कि प्रायोजकों की जिम्मेदारी है।

मंत्री की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया है कि अर्जेंटीना टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है, क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि कोच्चि स्थित रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने अर्जेंटीना टीम के साथ करार किया था और अनुबंध अभी बरकरार है। अब्दुरहीमान ने कहा कि प्रायोजकों ने आश्वासन दिया है कि वे बिना किसी देरी के इस संबंध में भुगतान संबंधी मसलों को जल्द ही सुलझा लेंगे। उन्होंने कहा, ''इसलिए अभी हम यह नहीं कह सकते कि मेस्सी और अर्जेंटीना की टीम केरल नहीं आएगी। हालांकि, कुछ पहलुओं में कुछ देरी हुई है, लेकिन फिलहाल कोई भ्रम नहीं है।''(अनंत ज्ञान)